
10 शुभमन गिल....

12 ऐश्वर्या रॉय...





झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -175 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

### सीएम हेमंत सोरेन से मिला असम के चाय बागान का प्रतिनिधिमंडल, आदिवासियों की समस्या पर हुई चर्चा

# आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए हम तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ सदैव हैं खड़े : हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधान सभा में आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने असम में रहने वाले आदिवासी समुदाय के विभिन्न समस्याओं एवं उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि आदिवासी समुदायों के प्रति असम सरकार की उदासीनता से समाज की दुर्दशा हुई है। असम में निवास कर रहे आदिवासी समाज यहां हर क्षेत्र में निरंतर पिछड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि झारखंड सरकार असम में रह रहे आदिवासी समुदायों को उनका हक-अधिकार एवं पहचान की संरक्षा के लिए सकारात्मक पहल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए हमारी सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रह रहे आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए हम तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कदम से कदम मिलाकर उनके साथ सदैव खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहा कि जल्द झारखंड सरकार का एक डेलिगेशन असम में रह रहे आदिवासियों की वर्तमान स्थिति से अवगत होने असम दौरे पर जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने असम के चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासियों को एसटी का दर्जा दिलाने की बात को दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाय बागानों में काम कर रहे आदिवासी समुदायों के लोगों के दैनिक वेतन में वृद्धि हो सके इस निमित्त हमारी साकार सकारात्मक पहल करेगी तथा वहां रह रहे आदिवासियों के भूमि संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए भी कदम आगे बढ़ाएगी।

विदित हो कि अंग्रेजी शासन के दौरान झारखंड से आदिवासी समाज के परिवारों को ले जाकर असम में बसाया गया था एवं वर्तमान ने उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी से उनका नेतृत्व करने का आग्रह किया जिससे कि उनकी आवाज को केंद्र एवं राज्य सरकार तक पहुंचाया जा सके। मौके पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा, आदिवासी समन्वय समिति भारत (असम) के जीतेन केरकेट्टा, बिरसा मुंडा, तरुण मुंडा, गणेश, अजीत पूर्ति, राजेश भूरी, बाबूलाल मुंडा, मंगल हेंब्रम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अरुणाचल प्रदेश में मजदूरों को लेकर जा रहा ट्रक खाई में गिरा, 14 की मौत, एक गंभीर



**एजेंसी**

**तेजपुर (असम) :** अरुणाचल प्रदेश में हुए भीषण सड़क हादसे में कई लोगों की मौत हो गई. बताया जाता है कि तिनसुकिया के 22 मजदूरों को लेकर जा रहा ट्रक पहाड़ से नीचे खाई में गिर गया. हादसे में मारे गए 14 लोगों की मौत हो गई. वहीं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को डिब्रूगढ़ शिफ्ट किया गया है. घटना के मुताबिक हादसा अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के हयूलियांग में मिथुंगना और मैलांग बस्ती के बीच लैलांग बस्ती में हयूलियांग से लगभग 47 किलोमीटर दूर सागलागाम रोड पर हुआ. हयूलियांग की एडिशनल डिप्टी कमिश्नर जूलिटी मिहू ने बताया कि मजदूरों को ले जा रही एक पिकअप वैन पहाड़ी सड़क से नीचे गिर गई. हादसे में मारे गए 14 लोगों को शव को बरामद कर लिया गया है और एक गंभीर रूप से घायल को डिब्रूगढ़ शिफ्ट किया गया है. सभी मृतक मजदूर तिनसुकिया के थे. उन्होंने कहा कि यह घटना सोमवार रात को हुई और अधिकारियों को कल रात राहगीरों ने इस घटना की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है. साथ ही कई रेस्क्यू टीमें, मेडिकल टीमें, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जीआरईएफ के प्रतिनिधि नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर अभियान चला रहे हैं. कठिन इलाके के बावजूद लापता लोगों को खोजने के लिए सभी प्रयास जारी हैं.

## हजारीबाग में डॉक्टर शाहनवाज के घर पर एनआईए का छापा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**हजारीबाग।** केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने गुरुवार सुबह हजारीबाग जिले के पेलावल थाना क्षेत्र के अंसार नगर इलाके में स्थित डॉक्टर शाहनवाज के घर पर छापेमारी की, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम दांत के डॉक्टर के घर पहुंची और तलाशी शुरू की. टीम के साथ 20 से अधिक सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवान भी तैनात हैं. सुरक्षा टीमों में महिला और पुरुष दोनों जवान शामिल थे, जिन्होंने घर के अंदर और आसपास के जगहों पर तलाशी अभियान चला रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह छापेमारी हजारीबाग में मौजूद आतंकी नेटवर्क के लिंक्स और टेरर फंडिंग के एक व्यापक मामले की जांच के सिलसिले में की गई है. फिलहाल डॉ. शाहनवाज को एनआईए ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है.

**संदिग्ध आतंकी शाहनवाज से जुड़े नेटवर्क की जांच को लेकर छापेमारी**

जानकारी के अनुसार, एनआईए की छापेमारी संदिग्ध आतंकी शाहनवाज आलम से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल को लेकर की जा रही है. शाहनवाज की गिरफ्तारी अक्टूबर 2023 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की थी. टीम घर के भीतर मौजूद लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है और कई अहम सवाल पूछे जा रहे हैं. शाहनवाज आलम को लेकर अब तक की जांच में कई गंभीर खुलासे हुए हैं. वह हजारीबाग का रहने वाला है. साल 2019 में डकैती व चोरी के मामलों में जेल जा चुका है. करीब 8-9 महीने जेल में बिताने के बाद दिसंबर 2020 में जमानत पर बाहर आया. इसी दौरान वह कथित तौर पर आईएसआईएस के हैंडलरों के संपर्क में आया. शाहनवाज की गिरफ्तारी पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में हुई थी, जिसमें वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा था. एजेंसी को शक है कि उसके नेटवर्क की कुछ कड़ियां झारखंड में भी सक्रिय रही हों, जिन्हें पकड़ने के लिए यह छापेमारी अहम मानी जा रही है.

**संदिग्ध इनपुट पर हुई कार्रवाई**

सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई घर में संदिग्ध गतिविधियों की जांच के संबंध में की गई है. सुरक्षा एजेंसी को पिछले कुछ समय से अंसार नगर क्षेत्र में संदिग्ध आवाजाही और कुछ डिजिटल संपर्कों के बारे में इनपुट मिल रहा था. इसके बाद केंद्रीय एजेंसियों ने इस इलाके में अपनी निगरानी बढ़ा दी थी. प्राथमिक जानकारी से पता चलता है कि कुछ विशिष्ट संचार लिंक और स्थानीय लोगों से मिले इनपुट के आधार पर एनआईए ने इस बड़ी कार्रवाई की योजना बनाई.

**इलेक्ट्रॉनिक सामान और दस्तावेज जब्त**

एनआईए की टीम को संदिग्धों के घर के अंदर से महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री मिली है, जिसकी जांच की जा रही है. जांच टीम अब जब्त किए गए सबूतों के आधार पर संदिग्धों के संभावित नेटवर्क, उनके वित्तीय लेनदेन और किसी भी तरह के बाहरी या अंतर्राष्ट्रीय लिंक की पड़ताल कर रही है.

## डायन बताकर महिला के साथ प्रताड़ना, लोगों का आरोप- भूत बनकर डरा रहा है मृतक

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची में एक परिवार को डायन के नाम पर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर पीड़ित महिला के द्वारा रांची के विधानसभा थाना में एफआईआर दर्ज करवाया गया है. रांची के विधानसभा थाना क्षेत्र के कुटे गांव में एक महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है. पीड़ित कलावती देवी ने बताया कि बीते सावन माह में उसके गोतिया पवन लोहरा की रिंग रोड स्थित बाल सिरिंग के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी. इसी घटना के बाद गांव के कई लोग उस पर न सिर्फ डायन होने का आरोप लगाया बल्कि उसे डायन के नाम पर लगातार प्रताड़ित भी कर रहे हैं. इस संबंध में पीड़िता कलावती देवी ने संदीप लोहरा, फुलो देवी, लक्ष्मी देवी, छोटो लोहरा, रवि लोहरा, मनोज लोहरा, भिखू लोहरा, किरण देवी, सोमरा लोहरा, सावित्री देवी, ननक लोहरा, पूनम देवी, सिवा लोहरा और पार्वती देवी के खिलाफ विधानसभा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. कलावती ने बताया कि सभी आरोपी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए पवन की मौत का जिम्मेदार ठहराने लगे. आरोप है कि ये सभी लोग कलावती देवी को जबरन इटकी थाना क्षेत्र के दरहा गांव स्थित एक भगत के पास ले गए और रास्ते भर उसे प्रताड़ित किया. पीड़िता का कहना है कि यह सिलसिला लगातार जारी रहा. घटना सात दिसंबर को तब और गंभीर हो गई, जब लगभग सुबह 10 बजे कई लोग उसके घर में घुस आए और उनकी बुआ बुधो देवी, जिनकी मौत आठ-नौ वर्ष पूर्व हो चुकी है, का नाम लेते हुए कहा कि वह भूत बनकर उन्हें परेशान कर रही है.

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



अहसान खान

सामाजिक कार्यकर्ता

आज जो करते हैं, उस पर आपका भविष्य निर्भर करता है। इसलिए, हर दिन को अपने भविष्य के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखें और पूरे दिल से काम करें।

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,14,650

चांदी (प्रति किलो) : 1,75,000

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 84,818.13

निफ्टी :- 25,898.55

### मौसम

अधिकतम तापमान : 21 °

न्यूनतम तापमान : 12 °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:21

संध्या :- 17:04

### आज का इतिहास

आज ही के दिन 1935 को नाजी लेबनानबोर्न कार्यक्रम, जो बाद में गलत प्रजनन में शामिल होने के कारण गलत साबित हुआ, एसएस सदस्यों की पत्नियों और अविवाहित माताओं के लिए भविष्यवाणियां करने के लिए स्थापित किया गया था।

### संक्षिप्त समाचार

#### झारखंड के 35 हजार किसानों को कल मिलेगी 15.6 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

रांची। झारखंड में मिलेट मिशन से जुड़े किसानों के लिए राहत और खुशी की खबर है. राज्य सरकार 12 दिसंबर को मोटे अनाज की खेती करने वाले लगभग 35 हजार किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 15.6 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित करेगी. यह राशि 52 हजार एकड़ भूमि पर की जा रही मोटे अनाज की खेती के एवज में दी जाने वाली प्रोत्साहन सहायता है. विभाग ने मिलेट मिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को प्रति एकड़ 3 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है. सरकार का कहना है कि मिलेट मिशन का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, पोषक आहार को बढ़ावा देना, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करना है. विभाग ने स्पष्ट किया कि किसानों के हित में किए जा रहे कार्य सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीन पर तेजी से लागू भी किए जा रहे हैं.

#### आजम खान को बड़ी राहत; सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कोर्ट ने किया दोषमुक्त

रामपुर: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कद्दावर नेता आजम खान को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आजम खान को एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया है. यह फैसला करीब 8 साल बाद आजम के हक में आया है. दरअसल, 2017 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आजम खान पर सेना का मनोबल गिराने और समुदाय आधारित बयान देने का आरोप लगा था. शहर विधायक आकाश सक्सेना की ओर से इस मामले में थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कराया गया था. इसी मामले में गुरुवार को टढ-टछ्अ मजिस्ट्रेट ने गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद फैसला सुनाते हुए आजम खान को दोषमुक्त करार दिया है.









## भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाने को लेकर बैठक

**पतरातू।** अखिल भारतीय नाई समाज समिति पतरातू की बैठक जयनगर में की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन समिति सचिव परमेश्वर ठाकुर के द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 24 जनवरी 2026 को भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाएं जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक में गणेश कुमार ठाकुर ने कहा कि जो भी लोग जननायक कपूरी ठाकुर जी के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते है उनके लिए कपूरी जयंती एक त्यौहार के रूप में है। बैठक में कहा गया कि अगली बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया गया तथा सभी को अगली बैठक आगामी 16 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को बिरसा मार्केट शिव मंदिर के प्रांगण में ससमय उपस्थित होने के लिए अनुरोध किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला सचिव, लालचंद ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, ललन ठाकुर, आशीष ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, अमित ठाकुर, बसंत ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, राजीव शर्मा, राजेंद्र ठाकुर, बालचंद ठाकुर, दिलीप ठाकुर इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता




**रामगढ़/ रजरप्पा।** रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज की एनएसएस इकाई और आईआईसी ने मुस्कुराहाटे एनजीओ और सीसीएल राजरप्पा के सहयोग से कॉलेज परिसर में सफलतापूर्वक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसका उद्देश्य मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना और सामुदायिक स्वास्थ्य सहायता प्रणालियों को मजबूत करना था। इस पहल का लक्ष्य छात्रों और कर्मचारियों को रक्तदान करके जीवन बचाने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना था। शिविर में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज की गई। जिसमें 80 से अधिक पंजीकरण हुए और प्रमाणित डॉक्टरों, नर्सों और तकनीशियनों की देखरेख में लगभग 55 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। दाता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्तदान से पहले की जांच और रक्तदान के बाद की देखभाल सहित सभी चिकित्सा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. शरबानी रॉय ने कहा, ₹रक्तदान जीवन का उपहार है। मुझे अपने छात्रों और कर्मचारियों पर अत्यंत गर्व है जो इतने उत्साह के साथ आगे आए। यह शिविर सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारे संस्थान की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।₹ रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम ने कहा कि₹इस तरह आयोजन से छात्रों में करुणा और नैतिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करती है। हम मुस्कुराहाते एनजीओ और सीसीएल राजराप्पा के आभारी हैं जिन्होंने हमारे साथ साझेदारी की और शिविर का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया।₹एनएसएस समन्वयक रूपम कुमार पाल ने कहा, ₹इस रक्तदान शिविर में छात्रों की भारी भागीदारी हमारे छात्रों की करुणा और जागरूकता को दशार्ती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से, एनएसएस युवाओं को सहानुभूति और साहस के साथ समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित करता रहता है।₹ इस शिविर में आरआईआईएम रांची की टीम डॉ. कविता, डॉ. विवेक रंजन और मानव संसाधन प्रमुख (एचआर) राजरप्पा सीसीएल रामोजी प्रसाद की उपस्थिति ने इसे और भी गौरवशाली बना दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित संकाय सदस्य आशीष नारायण, अरुणाभा दत्ता, पल्लव दास, नीलेश कुमार, असीम कुमार महतो, बागेश बिहारी, चंदन राज, अयानी नंदी, कोमल कुमारी, शिव कुमार, अभिमन्यु कुमार, पिनाकी रंजन दास, अमृत राज और सिकंदर कुमार थे। स्वयंसेवकों ने दाता पंजीकरण, कतार प्रबंधन, जागरूकता अभियान और सुचारू रक्तदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहायता की। रक्तदान शिविर एक बड़ी सफलता साबित हुआ, जिसने सहानुभूति, मानवता और सामाजिक प्रतिबद्धता का संदेश फैलाया। रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज और मुस्कुराहाटे एनजीओ भविष्य में सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों में सहयोग जारी रखने की योजना बना रहे हैं।

## मुखिया ने शौचालय का मनाया पहली वर्षगांठ



झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**पतरातू।** गुरुवार को ग्राम पंचायत कटिया बस्ती अंतर्गत न्यू मार्केट में दो शौचालय का फाउंडेशन संस्था के द्वारा शौचालय का एक साल होने पर फर्स्ट एनिवर्सरी मनाया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो शामिल हुए तथा उनके द्वारा कहा गया कि यह शौचालय न्यू मार्केट के लिए वरदान साबित हो रहा है। जब यहां पर शौचालय नहीं था तो न्यू मार्केट में आने वाले लोगों को खास करके महिलाओं को सौच के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब इस समस्या का समाधान दो शौचालय के बनने से हो गया। शौचालय की देखरेख, साफ सफाई हम सबों का जवाबदेही एवं जिमवारी है। यह शौचालय निःशुल्क है। आप सभी से नम्र निवेदन है कि महीना में एक बार साबुन या सफाई संबंधित कुछ भी सामान दान करें ताकि हाथ धोने के लिए आप ही लोग को काम आ सके। दानकर्ता सामान दान करते वक्त अपना नाम और मोबाइल नंबर रजिस्टर में अवश्य दर्ज करवाएं। स्वच्छता के प्रति आपकी सहयोग के लिए धन्यवाद। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुखिया नंदकिशोर महतो वार्ड सदस्य तेरुष देवी गोपाल कृष्ण सैंडिल रंजीत कुमार दीपक कुमार अरविंद नायक संतोष कुमार सूरज कुमार रामप्रवेश जनार्दन मुंडा विवेक मुंडा किशन राम सुरेश महतो विशुनदेव राम आदि उपस्थित थे।

## मातृ भारती केवल संगठन नहीं संस्कार और राष्ट्रभाव का जीवंत स्रोत है : बिपिन कुमार दास

मातृ भारती की बैठक संपन्न


झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरुवार को प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास कीअध्यक्षता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रांगण में अपराह्न 1:00 से मातृ भारती की बैठक हुई ।जिसमें विद्यालय एवं समाज में जागरूकता का संचार कैसे हो उसे पर उपस्थित सभी मातृ शक्तियों, आचार्य दीदी के बीच चर्चा हुई। बैठक की कार्यवाही का शुभारंभ तीन बार ब्राह्मनाद स्थिति में ऊं के उच्चारण के साथ किया गया। सभी को अपना दायित्व बोध कराते हुए आगे की कार्यों के बारे में चर्चा हुई। प्रधानाचार्य के द्वारा 18 दिसंबर 2025 को विद्यालय में सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम निर्धारित है ,उस निमित्त बैठक में गंभीरता से चर्चा हुई। जिसमें माता की भूमिका ,बाल संस्कार ,घर-विद्यालय संबंध में तथा समाज में मातृशक्ति की महत्ता पर बात हुई।सभी ने अपने प्रेरक विचार व्यक्त किया।

समग्र विकास, कौशल संवर्धन तथा संस्कृतिक के बारे में सार्थक चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित माता के साथ बदलते आधुनिक समय में बढ़ती चुनौती--- डिजिटल लत, अनुशासनहीनता सुरक्षा एवं नैतिक मूल्यों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित सभी माता ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, सकारात्मक वातावरण की सराहना करते हुए। भैया-बहनों के उज्जवल भविष्य हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया ।कार्यक्रम का संचालन मंजू देवी द्वारा सौहार्दपूर्ण माहौल में किया गया । मंजू दीदी ने कहा कि मातृ भारती निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करती है। क्षमतायुक्त मातृशक्ति को कार्य करने का एक अवसर मिलता है, विद्यालय के प्रबंधन में मातृ भारती का सहयोग होने से विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र बिंदु बनता है। कार्य क्षमता में निखार लाता है।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

## रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का चुनाव सत्र 27-28 अध्यक्ष पद एवम् सत्र 26 -27 का कार्यकारिणी समिति का चुनाव निर्विरोध संपन्न



झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का चुनाव सत्र 27- 28 अध्यक्ष पद एवम् सत्र 26 -27 का कार्यकारिणी समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ।चुनाव समिति के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंह ने उम्मीदवारों की घोषणा किया ।अध्यक्ष रोटेरियन विजय कुमार अध्यक्ष रोटेरियन राजेश मोदी ।कार्यकारिणी समिति 26- 27,आईपीपी - रोटेरियन संजय कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष रोटेरियन संजय जैन सचिव रोटेरियन आशीष दास कोषाध्यक्ष रोटेरियन संजय शर्मा निदेशक 1. पीपी रोटेरियन निलंजन दत्ता 2. पीपी रोटेरियन कमलेश्वर सिंह 3. पीपी रोटेरियन अनिल गर्ग 4. रोटेरियन सुरेश बौंडिया 5. रोटेरियन राहुल जैन।चुनाव समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने सभी उम्मीदवार को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा हार्दिक शुभकामनाएं दी।क्लब अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल एवम् सचिव विजय कुमार ने शांतिपूर्ण एवम् विधि पूर्वक चुनाव करने हेतु हार्दिक आभार किया एवम क्लब की और से श्री सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया । मौके पर पूर्व अध्यक्ष डीपी सिंह, कमलेश्वर सिंह, राहुल जैन,संजय जैन, अनिल गर्ग, राजेंद्र जैन, सुरेश बाउंदिया ,राजेश मोदी,आदि लोग मौजूद थे ।

## हजरत बाबत दुखन शाह (र.अ.) का चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक 12 जनवरी से 15 जनवरी तक

14 एवं 15 जनवरी की रात होगा शानदार कोव्वाली मुकाबला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा में हजरत बाबत दुखन शाह (र.अ.) का चार दिवसीय सालाना 101वां उर्स मुबारक आगामी 12 से 15 जनवरी तक होगी। इस बार 14 एवं 15 जनवरी की रात शानदार कव्वाली मुकाबला प्रोग्राम होगा। दोनों रातें अलग-अलग मशहूर व मारूफ कव्वाल तशरिफ ला रहे हैं। पहली रात मशहूर कव्वाल नेसार जानी और मुराद आतिफ के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। जबकि दूसरी रात यानि 15 जनवरी की रात मशहूर कव्वाल चाँद कादरी और मुराद आतिफ के बीच शानदार मुकाबला कव्वाली होगा। इसकी जानकारी अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ, सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद उर्फ बेलू एवं मजार कन्वेनर मोजम्मिल अंसारी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) का चार दिवसीय सलाना उर्स 12 जनवरी को सुबह 10:30 बजे परचम कुशाई के साथ शुरू हो जायेगी। 13 जनवरी को केरत व नातिया कलाम का इनामी मुकाबला जामा मस्जिद परिसर में होगी, जबकि 14 जनवरी को अहले सुबह गुसुल व सन्दल के बाद पहली चादरपोशी अंजुमन इस्लामिया के जानिब से पेश की जायगी। तत्पश्चात लोहरदगा पुलिस प्रशासन की तरफ से हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायगा। साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से चादरपोशी भी की जायगी। 14 जनवरी व 15 जनवरी को दोपहर में लंगरख्वानी का भी एहतमाम किया जायगा।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने फलों का वितरण किया

**रामगढ़।** विश्व मानवाधिकार दिवस पर झारखंड प्रदेश अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन रामगढ़ जिला कमेटी के द्वारा रामगढ़ जिला के पांच स्थानों पर फल का वितरण किया गया ।सदर अस्पताल रामगढ़, विकलांग विद्यालय लारी,वृद्धाश्रम रामगढ़,अनाथ आश्रम रामगढ़,नई सराय मदरसा आदि जगहों में फल का वितरण किया गया इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद मुबारक हुसैन रामगढ़ जिला सचिव,शौकत अली जिला संगठन सचिव अनिल कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष मुकर्रम अंसारी मांडू प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, जनरल सेक्रेटरी मुकेश कुमार शर्मा, संजय ठाकुर सभी लोगों के सहयोग से कार्यक्रम किया गया।

## रामगढ़ डीसी पहुंचे पतरातू प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**पतरातू।** रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने पतरातू प्रखंड का अंचल कार्यालय परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सहित नवनिर्मित फैब्रिकेटेड अस्पताल का किया निरीक्षण। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू को नवनिर्मित फैब्रिकेटेड अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में फिल्ट्रेशन प्लांट लगाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बाउंड्री के बाहर कचरा देखकर साफ सफाई का ध्यान देने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हर एक चीज को बड़ी बारीकी से देखते हुए उपस्थित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए। मौके पर पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता, पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार, मनीष कुमार एवं फैब्रिकेटेड अस्पताल के संवेदक मौजूद थे।

## नव वर्ष की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन का सघन वाहन जांच अभियान, काटा कई वाहनों के चालान

**पतरातू।** पतरातू रांची मुख्य मार्ग पी टी पी एस पथ संख्या चार एवं डैम परिक्षेत्र के समीप रामगढ़ एसडीएम सह डीटीओ अनुराग कुमार तिवारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि नव वर्ष में बाहर से आने वाले पर्यटकों की काफी भीड़ होती है, अधिकांश लोग पिकनिक मना कर नशे की हालत में वाहन चलाते हैं। इन्हीं सबों पर रोक लगाने को लेकर इस प्रकार का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बड़े छोटे वाहनों के दस्तावेजों की जांच के साथ छोटे वाहनों की भी कागजातों की जांच की गई। साथ ही बिना हेलमेट व बिना वैद्य कागजात के वाहन चलाने वाले लोगों का ऑनलाइन चालान काटा गया।

### उपायुक्त ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू सहित अन्य परियोजनाओं का किया निरीक्षण

पतरातू प्रखंड में निर्मित 100 बेड के प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल को हैंडोवर करने का दिया निर्देश।

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**रामगढ़।** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। दौरे के क्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बालिकाओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी बच्चों के शिक्षा संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय में फिल्ट्रेशन प्लांट लगाने का निर्देश दिया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू के उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त के द्वारा केंद्र के माध्यम से आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों से भी कई विषयों पर चर्चा की एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। दौरे के क्रम में उपायुक्त के द्वारा पतरातू प्रखंड कार्यालय के समीप नवनिर्मित 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त के द्वारा भवन का निरीक्षण करते हुए भवन को हैंडोवर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया वहीं अस्पताल का संचालन शुरू कर आम जनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन सबके अलावा दौरे के दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पतरातू का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कमरों का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यों से आने वाले आम जनों को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## खड़े बॉक्साइड ट्रक मे मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर, मौत

**लोहरदगाः** सेन्हा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जानकारी अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव के समीप एनएच 143 ए घाघरा-लोहरदगा मुख्य पथ पर ईंट भट्ठा के समीप बॉक्साइड ट्रक संख्या बी आर 42 जी 0155 ब्रेकडाउन हालत में खड़ा था, मोटरसाइकल सवार की मोटरसाइकल खड़े ट्रक से जा टकराई जिससे युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान अरु गांव निवासी स्वर्गीय बिगन राम के पुत्र शिव कुमार रवि के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शिव कुमार रवि अपने मोटरसाइकिल संख्या जेएच 08 एच 9920 में सवार हो घाघरा से अरु अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप ब्रेक डाउन बॉक्साइड लोडेड ट्रक में उसने पीछे में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सामने की वाहन के लाइट से मोटरसाइकिल चालक को ब्रेक डाउन ट्रक का पता नही चला जिसके कारण दुर्घटना हुई है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में ले सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं घटनास्थल पर मृतक के परिजनों ने शव उठाने पर आपत्ति जताते हुये मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना पर पहुंचे अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत ने परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित मुआवजा मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

## लोहरदगा में सखी वन स्टॉप सेंटर की महिला पुलिस पदाधिकारी की हुई मौत


**लोहरदगा।** जिले के सखी वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत महिला पुलिस पदाधिकारी अर्पणा तिर्की निवासी जसीडीह, देवघर का गुरुवार तड़के असमय निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें डायबिटीज की समस्या थी और गुरुवार सुबह करीब 3 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद लगभग 4 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह अर्पणा तिर्की का शव लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया, जहाँ पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई। इस दौरान लोहरदगा थाना, महिला थाना सहित कई पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस एसोसिएशन शाखा लोहरदगा के अध्यक्ष जयदीप भगत ने मौके पर पहुंचकर मृतका के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और विभागीय स्तर पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। अर्पणा तिर्की वर्ष 2012 से लोहरदगा में पदस्थापित थीं। अपने कर्तव्यनिष्ठ एवं सरल स्वभाव के कारण वह पुलिस महकमे में जानी-पहचानी जाती थीं। उनके अचानक निधन की खबर से सहकर्मी और स्टाफ सदमे में हैं, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि लोहरदगा पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी। पुलिस सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद उनका शव पैतृक गांव भेजा जाएगा, जहाँ अंतिम संस्कार संपन्न होगा।

# सांसद सुखदेव भगत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले, गुमला में एनएच 43 प्रस्तावित मार्ग पर ही कार्य करने का किया मांग

नये प्रस्तावित मार्ग पर सड़क बनने से सैकड़ो आदिवासी परिवारों का खेती योग भूमि चलाजाएगा

केंद्रीय मंत्री ने सांसद को इस संबंध में समुचित कार्रवाईकरने का दिया आश्वासन


झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**लोहरदगा।** लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत आज नई दिल्ली में सड़क परिवहन और राजमार्ग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर झारखंड राज्य के गुमला जिला में ठत्न 43 पर चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना से संबंधित एक गंभीर जन चिंता के मुद्दे की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि गुमला में भारतमाला राष्ट्रीय पथ का निर्माण से संबंधित कार्य आरंभ है। पूर्व में यह सड़क ठत्न 43 मार्ग पर सीलम नावाडीह होते हुए छत्तीसगढ़ तक प्रस्तावित है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत से आदिवासी एवं अन्य समुदाय के लोगों ने स्वेच्छा से अपनी जमीन दिया था लेकिन ठत्नक के अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर गलत और भ्रामक तत्व आंकड़े प्रस्तुत कर राजमार्ग का मार्ग ही बदल दिया है और नये प्रस्तावित मार्ग पर सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। नए प्रस्तावित मार्ग से सड़क का निर्माण करने से इस क्षेत्र की जनता विशेष कर आदिवासी परिवार काफी चिंतित एवं आक्रोशित है। नए मार्ग परिवर्तन होने से सैकड़ो आदिवासी परिवारों को अपनी कृषि और सामाजिक भूमि को छोड़ना पड़ेगा जिसके कारण कई आदिवासी परिवार भूमिहीन हो जाएंगे। उनकी आय और दैनिकयापन का एकमात्र साधन कृषि है और अपनी भूमि खोने से वह हमेशा के लिए आजीविका से वंचित हो जाएंगे। नए प्रस्तावित मार्ग पर सड़क बनने से सरकार को भारी वित्तीय का नुकसान होगा क्योंकि नई परियोजना का लागत बहुत अधिक है। ठत्न 43 सड़क में 700 करोड़ का लागत था जो नई परियोजना में बढ़कर 1200 करोड़ हो गया है। पहले प्रस्ताव में सड़क की लंबाई 12 किलोमीटर था जो बढ़कर 34 किलोमीटर हो गया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रभावित आदिवासी परिवारों से मिला था। आदिवासियों का कहना है कि मैं पहले ही सड़क निर्माण के लिए अपनी जमीन दिया हूं नए प्रस्तावित सड़क पर मैं अपनी जमीन नहीं दूंगा क्योंकि लगभग सभी जमीन खेती योग है । सांसद ने मंत्री महोदय से आग्रह किया की आदिवासी आबादी की रक्षा और जनकल्याण को बनाएं रखने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करते हुए पुराने ठत्न 43की परियोजना पर काम करने एवं नए प्रस्तावित योजना को स्थगित करने के साथ ही साथ गलत तथ्य प्रस्तुत करने वाले ठत्नक अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग किये। जिससे विस्थापन भी रुकेगा और सरकार की राजस्व की हानि भी नहीं होगा। मंत्री महोदय ने सांसद सुखदेव भगत को इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## आजसू छात्र संघ ने शिक्षा के लिए भिक्षा' आंदोलन का किया ऐलान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू छात्र संघ की प्रेस वार्ता ने छात्र समस्याओं को नई दिशा दी। समाजसेवी पियूष चौधरी की अगुवाई में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य सरकार की छात्रवृत्ति नीतियों पर कड़ी चिंता जताई गई। संघ ने 17 दिसंबर (बुधवार) सुबह 10 बजे से 'शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन' शुरू करने का औपचारिक ऐलान किया, जो छात्रों के भविष्य को बचाने की दिशा में एक मजबूत पहल है।पियूष चौधरी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ₹झारखंड सरकार की लापरवाही से छात्रवृत्ति का पैसा समय पर न मिलने से हजारों छात्रों की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। आर्थिक तंगी के कारण कई विद्यार्थी कॉलेज छोड़ने को विवश हो रहे हैं। यह आंदोलन सरकार को जगाने के लिए है झ्र हम भिक्षा मांगकर भी शिक्षा का हक दिलाएंगे। सभी छात्र-छात्राओं से अपील है कि एकजुट होकर इसमें शामिल हों।₹ उनकी बातों ने युवाओं में जोश भरा। मौके पर युवा आजसू प्रदेश संयोजक एवं रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने आंदोलन को पार्टी का समर्थन देते हुए कहा कि आजसू हमेशा छात्र हितों के लिए लड़ती रही है। छात्र संघ जिला अध्यक्ष देव महतो, कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, युवा आजसू जिला सह-संयोजक मनोज महतो, रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष रोहित सोनी, युवा नेता हर्ष चौधरी, प्रखंड संयोजक विशु रजवार, प्रभारी कुणाल महतो,अरुण दांगी, रुपेश महतो, लालू महतो,अजय आस्था, शंकर पासवान, अजय पांडेय, अमित महतो सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्र के मंत्री झारखंड को नहीं देते तरजीह, बाबूलाल मरांडी के सुझाव पर मंत्री दीपिका ने दिया जवाब !

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार द्वारा अलग अलग मद में राशि निर्गत नहीं करने के सत्ता पक्ष के आरोपों पर सवाल खड़े किए हैं. साथ ही सुझाव भी दिए. उन्होंने 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि का मामला उठाया. इसपर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने दो टूक कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री झारखंड को सहयोग नहीं करते हैं. सारी शर्तें पूरी करने के बाद भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1,385 करोड़ राशि केंद्र सरकार नहीं दे रही है. दरअसल, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पिछले दो बार से 15वें वित्त का पैसा नहीं मिलने का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि मोटा-मोटी 2600 करोड़ रु केंद्र से इस मद में नहीं मिला है. अब सवाल है कि क्यों नहीं मिला है. इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को कई बार पत्र लिखा है. ग्रामीण विकास मंत्री को अपने अफसरों को लेकर भारत सरकार के मंत्रालय में ले जाना चाहिए. उससे पहले भारत सरकार की अहताओं का पालन करना जरुरी है.

**सदन को ना बरगलाएं नेता प्रतिपक्ष- मंत्री दीपिका पांडेय सिंह**

इसपर ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं. दरअसल, राज्य सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं है. पंचायती राज मंत्रालय की सारी शर्तें पूरी की जा चुकी है. दूरभाष पर तो फंड जारी करने का भरोसा तक मिल चुका था. फिर भी आजतक राशि नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वें वित्त आयोग की राशि करीब 2,700 करोड़ प्राप्त करने के लिए कुछ शर्तें रखी थी. जिसके तहत 2023-24 की हस्तांतरित राशि का जीटीसी (ग्रांट ट्रांसफर सर्टिफिकेट) पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार को भेजना था. यह 2024-25 के लिए था. इसके अलावा 2024-25 का अनुदान प्राप्त करने के लिए स्टेट फाइनांस कमीशन का गठन किया जाना था. इस मद की राशि पंचायतों को हस्तांतरित करते हुए जीटीसी उपलब्ध कराना था. इन चारों शर्तों को 20-05-2025 को पूरा कर लिया गया था. उन्होंने कहा कि शर्तें पूरी करने के बाद भी मंत्रालय ने नई शर्तें लगा दी गई. 14वें वित्त आयोग मद की शेष राशि को 15वें वित्त आयोग मद की प्राप्त होने वाली राशि से 10 प्रतिशत से कम होने की शर्त रखी गई. जिसका कोई औचित्य नहीं था. क्योंकि यह राशि पंचायतों के खाते में थी. झारखंड सरकार ने अनुरोध कर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल को खुलवाया और पुराने लायबिलिटी का विकल्प खुलवाते हुए राशि को 10 प्रतिशत से नीचे लाने का भी काम पूरा किया. उसके बाद पंचायती राज मंत्रालय से 15वें वित्त की राशि की दोबारा मांग की गई. इसको लेकर पंचायती राज मंत्रालय ने 24.11.2025 को पत्र के जरिए सूचित किया कि झारखंड सरकार द्वारा दी गई सूद की राशि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के रिवर्स रिसिट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट में दिखाई नहीं दे रहा है. जबकि इसके लिए पोर्टल में कोई ऑप्शन ही नहीं था. खास बात है कि इसके बाद राज्य सरकार ने 222 पन्नों का पंचायतों को हस्तांतरित राशि का पूरा ब्योरा मंत्रालय को उपलब्ध कराया. तब दूरभाष पर बताया गया कि आपने सारी शर्तें पूरी कर ली है और बहुत जल्द 15वें वित्त की राशि राज्य को उपलब्ध करा दी जाएगी. लेकिन अबतक राशि नहीं मिली है और ना राशि मिलने की कोई सूचना है.

# रांची पुलिस को सफलता: ब्राउन शुगर रैकेट का भंडाफोड़, 5.82 लाख नकद समेत 4 गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के एक अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है. एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुखदेवनगर थाना सेंट्रल बैंक गली स्थित अखिल मेमोरियल मार्ग से चार लोगों को गिरफ्तार किया है. जिनमें अनिकेत और शीनू, अमित कुमार सोनी, सोनू कुमार और अनिशा कुमारी इनके पास से 5.82 लाख रुपया 33.18 ग्राम ब्राउन शुगर (बाजार मूल्य 6.60 लाख), एक महिंद्रा स्कॉर्पियो और एक स्कूटी बरामद की गई है.

**आधी रात को दो ठिकानों पर विशेष छापा**

एसएसपी को 10 दिसंबर की रात गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री हो रही है. इस महत्वपूर्ण सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, कोतवाली डीएसपी नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने सबसे पहले सुखदेवनगर स्थित कुम्हार टोली, चूना भट्ठा के पास अमित सोनी के घर पर विधिवत छापा मारा. तलाशी के दौरान, अमित सोनी के घर के दूसरे तल पर कपड़ों के बीच छिपाकर रखी गई 20.58 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में अमित सोनी ने बताया कि वह सासाराम के शाहिद नामक व्यक्ति से ब्राउन शुगर लाकर रांची में ऊंचे दाम पर बेचता है. वह वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका. दूसरी कार्रवाई रातू रोड में अमित सोनी से मिली जानकारी के आधार पर, टीम ने देर रात करीब 02:30 बजे अखिल मेमोरियल गली, रातू रोड स्थित अनिकेत कुमार उर्फ शीनू के घर पर छापा मारा. छापेमारी के दौरान घर में अनिकेत कुमार उर्फ शीनू और उसका भाई सोनू कुमार मिले. दोनों की तलाशी लेने पर अनिकेत के पैंट की पॉकेट से प्लास्टिक में लिपटी 10.20 ग्राम और सोनू कुमार के पैंट से 2.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. घर की तलाशी के दौरान अनिकेत की पत्नी अनीशा कुमारी उर्फ अन्नु एक कमरे में सोती हुई मिलीं.

# 25 मई 1927 को कोलकाता धर्म प्रांत से अलग होकर बना रांची आर्चबिशप हाउस

**1953 में बिशप हाउस को दिया गया धर्मप्रांत का दर्जा**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** पुरूलिया रोड स्थित बिशप हाऊस अब इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया. क्योंकि यह कोलकाता धर्म प्रांत से 25 मई 1927 को विभाजित होकर रांची बिशप हाऊस बनाए गए हैं. 1953 में बिशप हाउस को रांची धर्मप्रांत का दर्जा दिया गया. इससे पहले संत अलबर्ट कॉलेज में आर्चबिशप का कमरा हुआ करता था. उस दौरान प्रथम आर्चबिशप लुईस वानहॉक थे. ऑष्कर सेबेरियन दूसरे आर्चबिशप थे. इसके बाद निकोलस कुजूर,पायस केरकेट्टा, तिलेस्फोर टोप्पो,फेलेक्स टोप्पो आर्चबिशप रह चुके हैं. वर्तमान में आर्चबिशप विसेंट आइंद हैं. आर्चबिशप हाउस में 40 कमरे हैं. इसके साथ ही सेमिनार हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और एक चर्च है. जहां बिशप हाउस के फादर अपना विनती करते हैं. इस चर्च के पुरोहित आर्चबिशप हैं. दिसंबर से ही ईसाई समुदायों का पर्व शुरू हो जाता है. चर्चों और शैक्षणिक संस्थानों में क्रिसमस संदेश और क्रिसमस गैदरिंग मनाना शुरू हो जाता है. इस बार आर्चबिशप हाऊस में बड़े उत्साह का माहौल होगा. 23 दिसंबर को रोमन कैथोलिक के फादर एसडीसी सभागार में जुबली महोत्सव सह क्रिसमस गैदरिंग एकसाथ मनायेंगे. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इस उत्सव में करीब सैकड़ों फादर शामिल होंगे. इस अवसर पर कई कार्यक्रम होंगे. जिसमें सबसे पहले प्रार्थना सभा आयोजित होगी. आध्यात्मिक तैयारी का संदेश दिया जाएगा.

# ठंड में बस स्टॉप पर ठिठुरते नन्हें छात्र और अभिभावकों का सिस्टम से सवाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** शहर में कड़ाके की सर्दी ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है. सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी, बाजार देर से खुल रहे, दफ्तरों में पहुंचने का समय लचीला हो गया है. लेकिन एक वर्ग है, जिसपर मौसम का सबसे कम रहम हुआ है - स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे. जब पूरा शहर ठंड की मार से बचने के लिए देर तक घर में दुबका रहता है, उसी समय नन्हें विद्यार्थी बस स्टॉप पर जमा देने वाली हवा में खड़े मिल जाते हैं. सुबह 6 बजे का अंधेरा, बर्फीली हवा और ठिठुरते बच्चे यह दृश्य अब रांची की रोजमर्रा की तस्वीर बन चुकी है. लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं. अमूमन रांची में ठंड बढ़ते ही छोटे बच्चों की स्कूल ऑनलाइन चलायी जाने लगती है. जिला प्रशासन भी इसे लेकर आदेश जारी कर देता है. लेकिन इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद भी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है.

अभिभावकों का कहना है कि विडंबना यह है कि ठंड बढ़ने पर सबसे पहले स्कूल समय बदलने की जरूरत होती है, पर इस बार वही कदम सबसे आखिर में सोचा जा रहा है. शहर में कई स्कूल सुबह की शिफ्ट को जस का तस चला रहे हैं, जबकि बच्चे तापमान गिरने का साइलेंट असर झेल रहे हैं. कई पेरेंट्स का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर दिख रहा है. बच्चे खांसी-जुकाम, बुखार का शिकार हो रहे हैं, लेकिन स्कूल की सख्त उपस्थिति नीति ने अभिभावकों को दोराहे पर खड़ा कर दिया है. विकल्प वही है या तो बीमारी के बावजूद भेजो, या अनुपस्थिति का बोझ उठाओ. अभिभावकों का कहना है कि यह सिर्फ मौसम की चुनौती नहीं बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता है. ठंड का कैलेंडर हर साल एक जैसा है फिर तैयारी में देरी क्यों? लोगों के बीच यही सवाल गूंज रहा है.

वहीं लगातार संवाददाता ने इसे लेकर कुछ स्कूलों के प्रिंसिपल से बात की तो उन्होंने नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि जब तक जिला प्रशासन की ओर से ऑर्डर नहीं आता तो कोई कदम कैसे उठाया जाए. साथ ही कहा कि छोटे बच्चों की परेशानी उन्हें भी दिखती है. मगर वो भी अब आदेश का ही इंतजार कर रहे हैं. कुछ स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि टाइम तो बढ़ाया गया है पर स्कूल बसों की टाइम को मैनेज भी करना होता है, जिससे बच्चों को घर से ज्यादा पहले निकलना पड़ता है. स्कूल ऑनलाइन करने के सवाल पर इनका भी जवाब जिला प्रशासन के आदेश का इंतजार करना ही बताया गया.

# गुमला में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा तोड़े जाने के खिलाफ रांची में प्रदर्शन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया. इस दौरान लोगों ने कहा कि गुमला स्थित जारी गांव में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया था, जबकि इसे अनुशासनपूर्वक जमीन पर रखा जाना था. लेकिन गुमला प्रशासन ने प्रतिमा को हटाने के लिए बुलडोजर का उपयोग किया. और प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई. प्रशासन और कारीगरों के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग.

**राज्यपाल और सीएम से कार्रवाई की करेंगे मांग**

पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की और सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि बुलडोजर लगाकर प्रतिमा तोड़ने वाले प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी. राज्यपाल और सीएम से भी इसकी शिकायत करने का निर्णय लिया है. रतन तिर्की ने कहा कि जयंती के अवसर पर देश के सैनिकों ने अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने नहीं पहुंचे. उन्हें श्रद्धांजलि तक नहीं दी.

**प्रशासन भव्य बना रहा लान्सनायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा**

अलबर्ट एक्का की प्रतिमा टूटने को लेकर गुमला प्रशासन ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा अब आकर्षक और भव्य प्रतिमा बनाई जा रही है. इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण भी करने का ऐलान किया है.

# दिल्ली छापा के बाद बड़ी कार्रवाई: विनय सिंह के बेटे सनत को एसीबी का समन, नौकरशाहों व नेताओं के परिवार से संपर्क का खुलासा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** दिल्ली में गुरुवार की सुबह की कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की जांच में विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के खिलाफ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है. इस हाई-प्रोफाइल मामले में अब उनके पुत्र सनत सिंह को भी जांच के दायरे में लाया गया है. वसंत विहार स्थित निवास से मिले डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर सनत सिंह को 15 दिसंबर 2025 को एसीबी कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया गया है.

**डिजिटल फॉरेंसिक में अहम खुलासे**

जांच के दौरान किए गए डिजिटल फॉरेंसिक विश्लेषण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, स्निग्धा सिंह और सनत सिंह कई वरिष्ठ नौकरशाहों (अफसरों) और प्रमुख राजनीतिक परिवारों के सदस्यों के साथ नियमित और लगातार संपर्क में थे.




एसीबी का मानना है कि यह डिजिटल डेटा जांच एजेंसी को निम्नलिखित पहलुओं को समझने में अहम भूमिका निभाएगा

- अवैध रूप से अर्जित धन के रास्ते और उसके अंतिम लाभार्थियों की पहचान करना.
- बेनामी संपत्तियों और उनके पीछे के वास्तविक मालिकों का खुलासा करना.
- प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं पर प्रभाव डालने वाली गतिविधियों की पड़ताल करना.
- एसीबी को उम्मीद है कि 15 दिसंबर को सनत सिंह से होने वाली गहन पूछताछ से इस पूरे गठजोड़ की कई और परतें खुलेंगी और मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य पहलुओं पर खुलासा हुआ.

**इन डिजिटल साक्ष्यों में निम्नलिखित अहम बातें सामने आई हैं**

इन परिवारों के सदस्यों के साथ लगातार बातचीत के रिकॉर्ड महत्वपूर्ण कॉल और चैट रिकॉर्ड की पहचान की गई है. संवाद पैटर्न में ऐसी मुलाकातों का उल्लेख है, जिनकी प्रकृति संदिग्ध हो सकती है. ये डिजिटल संकेत स्पष्ट रूप से विनय चौबे-विनय सिंह-स्निग्धा सिंह गठजोड़ की पहुंच के व्यापक रूप की ओर इशारा करते हैं. यह दशार्ता है कि यह गठजोड़ न केवल प्रशासनिक बल्कि राजनीतिक हलकों तक भी फैला हुआ था.

# 11-13वीं जेपीएससी में सफल आठ अभ्यर्थियों को नियुक्त कर ट्रेनिंग में भेजे सरकार : हाईकोर्ट




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को 11 से 13वीं जेपीएससी परीक्षा में पास होने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर किए गए 10 सफल अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई की. इस दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिका दायर करने वाले आठ अभ्यर्थियों को तुरंत नियुक्त कर उनकी जॉइनिंग कराते हुए ट्रेनिंग भेजने का निर्देश दिया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में हुई. इस संबंध में सफल अभ्यर्थी जितेंद्र रजक, सूरज कुमार यादव, नीरज कुमार, आशुतोष कुमार, सुदिति सुमन, रूपाली रोशन, सूरज कुमार और रूपेंद्र प्रसाद ने याचिका दायर की थी. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की. उन्होंने कोर्ट को बताया कि आयोग ने 10 अभ्यर्थियों को यह कहते हुए बाहर कर दिया था कि हाईकोर्ट के एक अन्य मामले में नौ सीटें आरक्षित रखी गई है. जबकि जिन 8 अभ्यर्थियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वे मेरिट लिस्ट में काफी ऊपर हैं और अपने-अपने वर्ग में उच्च अंक प्राप्त कर चयनित हुए थे. अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यदि सीट आरक्षित रखनी थी तो कम अंक वाले अभ्यर्थियों को रोका जाना चाहिए था, न कि ज्यादा अंक लाने वाले प्रार्थियों को.

# रांची में होगा पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**रांची।** झारखंड इस वर्ष पूर्वी जोन स्कूल बैंड प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत यह प्रतियोगिता 14झ15 दिसंबर 2025 को खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के 11 राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम की स्कूल बैंड टीमें भाग लेंगी. यहां से चयनित चार टीमें राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाएंगी. आयोजन सचिव एवं राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि यह अवसर झारखंड के लिए गर्व का विषय है. यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, तालझलय, समरसता और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने का मंच है. उन्होंने बताया कि आवास, भोजन, सुरक्षा, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी तेजी से चल रही है. प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रदर्शित होगी, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और आयोजन क्षमता भी राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगी.

# दो जेल अधीक्षकों का तबादला, होटवार जेल अधीक्षक बने कुमार चंद्रशेखर




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** सरकार ने दो जेल अधीक्षकों का तबादला कर दिया है. गृह-कारा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. सरकार ने सेंट्रल जेल दुमका के अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल का अधीक्षक बनाया है. बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक का पद लंबे समय से खाली था. इस जेल को प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर चलाया जा रहा था. सरकार ने पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे जीतेंद्र कुमार को दुमका सेंट्रल जेल का अधीक्षक बनाया है. जीतेंद्र कुमार हजारीबाग सेंट्रल जेल के अधीक्षक के पद पर पदस्थापित थे. लेकिन हजारीबाग सेंट्रल जेल में नेक्सजेन के मालिक विनय कुमार सिंह को फोन की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले की छानबीन के दौरान वह बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित थे. जेल के अधिकारियों द्वारा कोशिश करने के बावजूद उनसे संपर्क नहीं होने की वजह से उन्हें हजारीबग सेंट्रल जेल के अधीक्षक के पद से हटाते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को जेल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था. सरकार ने इन दोनों अधिकारियों के अलावा हजारीबाग सेंट्रल जेल के वर्तमान अधीक्षक चंद्रशेखर प्रसाद सुमन को ओपेन जेल का अतिरिक्त प्रभार दिया है.

# झारखंड हाईकोर्ट ने शहीद एसपी अमरजीत बलिहार के हत्यारों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शहीद एसपी अमरजीत बलिहार के हत्यारों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया. दरअसल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के दो जज जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस संजय प्रसाद दोष तय करने के मुद्दे पर अलग-अलग राय रखते थे. ऐसे में तीसरे जज जस्टिस गौतम कुमार चौधरी को मामला भेजा गया, जिन्होंने तय किया कि दोष साबित होने के बावजूद मौत की सजा बरकरार नहीं रखी जा सकती. इसके बाद जज ने मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया.

**नक्सली हमले में शहीद हुए थे पुलिसकर्मी**




अभियोजन के अनुसार, दुमका के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (रढ) एक सशस्त्र एस्कॉर्ट टीम के साथ पाकुड़ की ओर जा रहे थे. रास्ते में जंगल के इलाके में उग्रवादियों ने पुलिस टीम पर अचानक हमला कर दिया. भीषण गोलीबारी में रढ समेत कुल छह पुलिसकर्मी शहीद हो गए. कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल भी हुए. बाद में जांच के दौरान अपीलकताओं को हमले में शामिल माना गया और ट्रायल कोर्ट ने उन्हें कई गंभीर धाराओं में दोषी ठहराकर मौत की सजा सुनाई थी.

**जजों की राय एक नहीं होने के कारण तीसरे जज को भेजा गया मामला**

जस्टिस गौतम कुमार चौधरी ने कहा कि घायल पुलिसकर्मियों की सीधी चश्मदीद गवाही से यह साबित होता है कि अपीलकर्ता इस हमले में शामिल थे, इसलिए उनकी दोषसिद्धि बरकरार रखी गई. लेकिन सजा के सवाल पर कोर्ट ने माना कि चूंकि पहले दो जजों की राय दोषसिद्धि पर एक जैसी नहीं थी, इसलिए मौत की सजा को बनाए रखना कानूनन संभव नहीं है. इस वजह से कोर्ट ने दोनों आरोपियों की मौत की सजा को बदलकर उम्रकैद में बदल दिया.

**कानून व्यवस्था को चुनौती दी गई, तो हिल जाएगी नींव**

जस्टिस चौधरी ने साफ कहा कि यह हमला सोची-समझी साजिश का हिस्सा था, जिसमें रढ सहित छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई. यह हमला केवल पुलिस बल पर नहीं, बल्कि राज्य की संप्रभु शक्ति यानी सरकार की ताकत पर सीधी चुनौती थी. कोर्ट ने चेताया कि अगर हथियारबंद समूहों को इस तरह कानून-व्यवस्था को चुनौती दी गई तो कानून के शासन की नींव हिल जाएगी.

# कांग्रेस का आरोप- छात्रवृत्ति मामले में ओबीसी छात्रों को गुमराह कर रही भाजपा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति के मुद्दे पर उन्हें गुमराह कर रही है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वयं राज्य को छात्रवृत्ति की अदायगी के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं करा रही है, फिर भी भाजपा नेता इस विषय पर संवेदना बटोरने की राजनीति कर रहे हैं. कमलेश ने बताया कि राज्य सरकार ने 2023-24 में केंद्र से 271 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके बदले सिर्फ 77 करोड़ रुपये ही मिले. इसी तरह 2024-25 में 253 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध 33 करोड़ रुपये दिए गए. वर्ष 2025-26 में 370 करोड़ रुपये की मांग पर केंद्र ने मात्र 13 करोड़ रुपये जारी किए. उन्होंने कहा कि यह आंकड़े साबित करते हैं कि भाजपा का प्रचार भ्रामक है और इसका जवाब भाजपा नेताओं को देना चाहिए.

उन्होंने बताया कि कांग्रेस और महागठबंधन सरकार छात्रवृत्ति को लेकर बेहद गंभीर है और छात्रों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. इसी उद्देश्य से एनएसयूआई 10 जनवरी 2026 को लोकभवन का घेराव करेगी और छात्रवृत्ति की राशि अविलंब उपलब्ध कराने की मांग उठाएगी. प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार यह आरोप लगा रही है कि राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करा रही है, जबकि छात्रवृत्ति मद में ऐसे प्रमाणपत्र की कोई आवश्यकता नहीं होती है.

# पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने समयबद्ध पूर्णता का दिया निर्देश



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, जल जीवन मिशन, जिला जल एवं स्वच्छता समिति एवं एसबीएम - जी से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिये गए निदेशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी प्रखंडों में जलसाथियों के रिक्त पदों को ग्राम सभा के माध्यम से शीघ्र भरने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, पृथक्करण केंद्रों की कार्यप्रणाली, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**इसके साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं –**

साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, बोरियो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजन, मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, साहेबगंज-गोड्डा-दुमका एमवीएस की वर्तमान स्थिति, प्रगति, पूर्ण/प्रक्रियाधीन योजनाओं और हैंडओवर लंबित योजनाओं की विस्तृत जानकारी कार्यपालक अभियंता से प्राप्त की।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक कितने घरों को पाइप जलापूर्ति से जोड़ा गया है, इसकी जानकारी लेते हुए उन्होंने लक्ष्य आधारित एवं गुणवत्ता युक्त कार्य निष्पादन पर जोर दिया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान,जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम मार्टिन तारिक, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन के कर्मी उपस्थित थे।

## संत जेवियर स्कूल बी ने 7 विकेट से जीता पहला सेमीफाइनल,अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

साहिबगंज। जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनामेंट का पहला सेमी फाइनल गुरुवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम संत जेवियर स्कूल बी के बीच मैच खेला गया।माही स्पोर्ट्स की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.3 ओवर में 153 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मयंक ने 38, शिवम ने 15 व अब्राहम शेख ने 37 रन की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल के गेंदबाज अमित राज ने 4 व हर्ष कुमार ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर स्कूल ने 18 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 154 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। अमित राज ने 49 व आदित्य ज्ञान ने 88 रन की पारी खेली। संत जेवियर के खिलाड़ी अमित राज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने अमित को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व चंदन यादव एवं स्कोरिंग अनिकेतन आनंद ने किया। मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, गोपाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे। टूनामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 12 दिसंबर को टूनामेंट का दूसरा सेमी संत जेवियर ए बनाम नवोदय विद्यालय के बीच मैच खेला जाएगा।

## आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक पुरुष और एक महिला हुआ घायल

**राजमहल/साहिबगंज।**थाना क्षेत्र अंतर्गत जामनगर में आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक पुरुष और एक महिला घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात नीरेन मंडल की पत्नी बबीता देवी (40) और नीरेन मंडल (27) का पड़ोसी के साथ जमीन संबंधित विवाद हो गया देखते ही देखते बात मारपीट तक पहुंच गई। जिसमें दोनों पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल लाया गया जहां ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक ने दोनों का इलाज किया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई थी।

## पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने तीनपहाड़ थाना का किया औचक निरीक्षण

**तीनपहाड़/साहिबगंज।**सहेबगंज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को तीनपहाड़ थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना रजिस्टर का जांच किया इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश भी दिया। और क्षेत्र की गतिविधि की जानकारी ली। मौके पर राजमहल एस डी पी ओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ,राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी सहित दर्जनों पुलिस बल उपस्थित थे।

## सड़क दुघर्टना में पूर्व मुखिया सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदरुद्दीन घायल

**उधवा/साहिबगंज।** उधवा राजमहल मुख्य पथ स्थित बाबूटोला ब्रिज के निकट गुरुवार को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गया है।जानकारी के अनुसार उधवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदरूज्जोहा उर्फ बदरुद्दीन उधवा बाबूटोला कब्रिस्तान के निकट सड़क किनारे मोटरसाइकिल लेकर खड़े थे इस बीच पीछे से तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल से उन्हें टक्कर मार दिया।इस घटना में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदरूज्जोहा गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना में घायल की पैर और सिर में गंभीर जख्म है।आनन - फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल को स्थानीय क्लीनिक में इलाज चल रहा है।

## बरहरवा में जनता दरबार की गूंज — मौके पर ही दर्जनों समस्याओं का हुआ समाधान, लोगों को मिली बड़ी राहत

**बरहरवा/साहिबगंज।** आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बरहरवा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार इस सप्ताह एक बड़ी सफलता बनकर उभरा। कांग्रेस के 20 सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार दास की सक्रिय पहल पर आयोजित इस जन - सुनवाई में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। तत्काल समाधान से स्थानीय जनता ने राहत की सांस ली। कार्यक्रम में आई अधिकतर शिकायतें बुनियादी सुविधाओं की कमी से जुड़ी रहीं। जिन मुद्दों को लोगों ने प्रमुखता से उठाया, उनमें शामिल थे– अघोषित और लगातार बिजली कटौती, स्वच्छ पेयजल की गंभीर कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्था, जर्जर सड़कों की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना में लंबित मामलों का समाधान। प्रखंड बीस अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने हर समस्या को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दरबार की सफलता पर बोलते हुए अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने कहा कि जनता दरबार नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएंगे ताकि प्रशासनिक तंत्र और आम जनता के बीच संवाद मजबूत बने। लोगों में जागी उम्मीद, जनप्रतिनिधियों पर बढ़ा भरोसा इस सफल आयोजन के बाद स्थानीय जनता में एक नई आशा जागी है। लोगों का कहना है कि उनकी समस्याओं को न केवल सुना गया, बल्कि समाधान भी तत्काल उपलब्ध कराया गया। इससे आम नागरिकों में विश्वास बढ़ा है कि उनकी आवाज अब सीधे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन तक पहुंच रही है।

## रांगा थाना क्षेत्र में परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई – 23 वाहन चालकों से 37 हजार रुपया जुमार्ना वसूला, कागजात से लेकर सुरक्षा उपकरणों तक की गहन जांच



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । बरहरवा/साहिबगंज।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रांगा थाना क्षेत्र में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 23 वाहन चालकों पर चालान किया गया, जिससे विभाग ने 37,000 रुपया का जुमार्ना वसूला। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने खासकर ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा पत्र, वाहन फिटनेस, हेलमेट, जूते, व अन्य आवश्यक दस्तावेजों एवं सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच की। कई वाहन चालक बिना जरूरी दस्तावेजों और सुरक्षा उपकरणों के पाए गए, जिन पर मौके पर ही जुमार्ना लगाया गया। सड़क सुरक्षा प्रबंधक निरज कुमार साह के नेतृत्व में चले इस अभियान में आईटी सहायक राजहंस कुमार, एसआई कामेश्वर मरांडी, अन्य पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। टीम ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, वैध लाइसेंस के साथ वाहन चलाने और समय-समय पर वाहन की फिटनेस जांच कराने की सलाह भी दी। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। विभाग ने साफ किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने इस अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि नियमित जांच से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोग नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे।

## ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महत्वपूर्ण बैठक नगर थाना मे आयोजित की गई



**साहिबगंज।** नगर थाना, साहिबगंज में ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज,साहिबगंज की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर थाना मे आयोजित की गई।बैठक मे सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता,जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह के आलावे चेंबर के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक में चेंबर के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने साहिबगंज पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में साहिबगंज पुलिस प्रशासन ने उत्कृष्ट कार्य किया है।उन्होंने कहा कि जितनी भी घटनाएं और दुर्घटनाएं साहिबगंज में हुई हैं,उनका उद्भेदन पुलिस ने यथाशीघ्र कर दिया है,जो कि सराहनीय है।बैठक में चेंबर के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए,साहिबगंज की सुरक्षा और व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से इन सुझावों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का अनुरोध किया।बैठक मे अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,उपाध्यक्ष मोहित बेगराजका,संरक्षक सज्जन पोद्दार,सुनील भरतीया,आफताब आलम,सहसचिव जाहिद खान,अजय डोकनिया,कोषाध्यक्ष विवेक कुमार,कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी,पिंटू कुमार शाह,अनिल सिंह,चन्दन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**इन मुद्दों पर हुई चर्चा।**

1 पुलिस पेट्रोलिंग में वृद्धि,शहर में नियमित और प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए,जिससे अपराधियों में भय बना रहे।
2.अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए,जिससे वे अपराध करने से पहले सोचने पर विवश हों।
3.जाम की स्थिति में सुधार शहर में यातायात प्रबंधन में सुधार किया जाए, जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सके।
4 साइबर क्राइम थाना की स्थापना साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, साहिबगंज में साइबर क्राइम थाना की स्थापना की जाए।
5.स्थानीय लोगों की भागीदारी स्थानीय लोगों को सुरक्षा में शामिल करके समुदाय आधारित सुरक्षा प्रणाली को मजबूत किया जा सकता है।
6.रात्रि में लाउडस्पीकर और बाजा बजाने के समय को तय करना रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और बाजा बजाने पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि लोगों को रात्रि में शांति से सोने का मौका मिल सके।

## पतौड़ा झील में झामुमो प्रखंड समिति की बैठक हुई संपन्न, मतदाता विशेष पुनरीक्षण को लेकर बूथ एजेंटों को किया जागरूक

**बूथ एजेंटों से अपील एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे: विधायक प्रतिनिधि**



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड अंतर्गत पतौड़ा झील स्थित लोहिया भवन में गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बाबू दा के नेतृत्व में झामुमो प्रखंड समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बूथ लेवल एजेंटों को जागरूक किया गया तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, प्रो नजरूल इस्लाम,जिला सचिव सुरेश टुडू, महिला जिलाध्यक्ष बसंती हांसदा, सांसद प्रतिनिधि सामू हेंब्रम, जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, युवा जिला सचिव सह विधायक प्रतिनिधि मारूफ उर्फ गुड्डू, केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमन, ने बारी बारी से कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट की मैपिंग का कार्य चल रहा है। इसके तहत बूथ लेवल पदाधिकारी घर-घर जाकर वोटरों की जानकारी सत्यापित करेंगे और प्रत्येक परिवार से गणना प्रपत्र भरवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन्मस्थान और आयु प्रमाणित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तय मानक के अनुसार जमा करने होंगे। एसआईआर प्रक्रिया को चार श्रेणियों में विभाजित करते हुए विस्तृत जानकारी दी

**उन्होंने ने कहा कि पहली श्रेणी में**

जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है और उनका नाम 2003 की वोटर सूची में दर्ज है, उन्हें किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। दूसरी श्रेणी में जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है लेकिन उनका नाम 2003 की वोटर सूची में नहीं है,उन्हें अपनी जन्मतिथि व जन्मस्थान साबित करने के लिए निर्धारित 11 दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना होगा। तीसरी श्रेणी में जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, उन्हें स्वयं का या माताझपिता में से किसी एक का उपयुक्त दस्तावेज देना होगा। चौथी श्रेणी में जिनका जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद हुआ है,उन्हें स्वयं और माताझपिता का एक दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। उन्होंने बूथ लेवल एजेंटों से अपील की कि एसआईआर के दौरान प्रत्येक परिवार तक पहुँचकर सही जानकारी सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे। बैठक में बबलू मिश्रा, माजीबुर रहमान, प्रो. नजरुल इस्लाम, जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल, जिला संगठन सचिव काजू मालिक, जिला संगठन सचिव तमरुद्दीन शेख सहित कई वरिष्ठ झामुमो नेता उपस्थित रहे।

## उधवा पक्षी आश्रयणी में 10 साल बाद लौट आया दुर्लभ पक्षी — 2015 के बाद पहली बार दिखी पलास गल की उपस्थिति



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।**उधवा पक्षी आश्रयणी से पक्षी-प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर आई है। यहां दुर्लभ प्रवासी पक्षी - पलास गल को देखा गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रजाति की पिछली उपस्थिति साल 2015 में दर्ज की गई थी। लगभग एक दशक बाद इसकी वापसी उधवा झील की जैव-विविधता के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है।यह प्रजाति दक्षिणी रूस से मंगोलिया तक दलदलों और द्वीपों में कॉलोनियों में प्रजनन करती है । यह प्रवासी पक्षी है , जो सर्दियों में पूर्वी भूमध्य सागर , अरब और भारत में निवास करता है। यह गल जमीन पर घोंसला बनाता है और दो से चार अंडे देता है।गौरतलब है की सभी प्रवासी पक्षी वन्यजीव अधिनियम के तहत संरक्षित है एवं इन्हें या इनके आवास क्षेत्र को किसी भी प्रकार की क्षति, अधिनियम के तहत संज्ञेय गैर जमानतीय अपराध है, जिसमे 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार, पलास गल का दिखना बताता है कि झील का पयार्वास प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित, अनुकूल और आकर्षक है। हर साल हजारों की तादाद में विदेशी पक्षी यहां शीतकालीन प्रवास पर आते हैं, जिससे यह क्षेत्र पूर्वी भारत के महत्वपूर्ण बर्ड हॉटस्पॉट्स में भी शामिल है। वन विभाग द्वारा की जा रही निरंतर मॉनिटरिंग और संरक्षण प्रयासों से इस उपलब्धि को जोड़कर देखा जा रहा है।

## किशोर के अपहरण मामले में दो गिरफ्तार

**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार शाम को 12 वर्षीय किशोर के अपहरण की कोशिश मामले में दो आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। एक पंचायत के अजुलटोला निवासी शेख का पुत्र स्कूल के पास खड़ा था, तभी दो लोग उसे बिरयानी खिलाने का बहाना देकर बाइक पर बैठाकर पियारपुर बाजार की ओर ले गए।किशोर के दोस्त ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की। रात करीब 9 बजे अमानत बाजार के पास ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को संदिग्ध स्थिति में पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। किशोर के पिता ने अपहरण की कोशिश को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और गुरुवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## झारखंड विधानसभा में गूंजा बरहरवा: विधायक निसात आलम ने बरहरवा प्रखंड को पाकुड़ जिला में शामिल करने की उठाई मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**मंत्री दीपक बिरूआ बोले–रिपोर्ट आने पर हाई लेवल कमेटी बनाएगी सरकार**




**बरहरवा/साहिबगंज।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए साहेबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड को अलग कर पाकुड़ जिला में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बरहरवा प्रखंड भौगोलिक रूप से पाकुड़ के अधिक निकट है और इसे पाकुड़ जिला में शामिल कर देने से यहां के हजारों लोगों को प्रशासनिक और विकास संबंधी कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी।
विधानसभा में प्रश्न के जवाब में विभागीय सहयोगी मंत्री दीपक बिरूआ ने विधायक के प्रस्ताव को गंभीर बताते हुए कहा कि इस संबंध में विधायक स्थानीय उपायुक्त और कमिश्नर के माध्यम से विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजवाएं। मंत्री ने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट आने के बाद इस पर विचार करने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया जाएगा, जो पूरे मामले की समीक्षा कर अगली कार्रवाई तय करेगी।

**72 किमी बनाम 22 किमी–दूरी का बड़ा फर्क**

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने बताया कि बरहरवा प्रखंड मुख्यालय से साहिबगंज जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 72 किलोमीटर है, जबकि बरहरवा सीमा से पाकुड़ जिला मुख्यालय की दूरी केवल 22 किलोमीटर है। ऐसे में बरहरवा प्रखंड के लोगों को किसी भी प्रशासनिक या सरकारी कार्य के लिए साहिबगंज जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बड़ी खपत होती है। तनवीर आलम ने कहा कि बरहरवा को पाकुड़ जिला में शामिल कर लेने से लोगों को जिला मुख्यालय आने - जाने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने अपेक्षा जताई कि अगर 2026 तक प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार इसे मंजूरी दे देती है, तो बरहरवा प्रखंड के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कांग्रेस नेता तनवीर आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि राज्य के हर क्षेत्र और हर व्यक्ति तक विकास की योजनाएँ पहुंचनी चाहिए। जिला मुख्यालय के नजदीक होने से प्रशासनिक सेवाएँ अधिक सुगमता से लोगों को मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस मुद्दे पर लगातार सरकार के साथ संवाद में है और उम्मीद है कि बरहरवा प्रखंड के हित में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। स्थानीय लोगों में भी इस मुद्दे को लेकर उम्मीद बढ़ गई है। वे वर्षों से मांग कर रहे हैं कि दूरी और सुविधा को देखते हुए प्रशासनिक पुनर्गठन किया जाए।

## मॉडल कॉलेज में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन,एसपी अमित कुमार सिंह मुख्य वक्ता के रूप में हुए उपस्थित



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**साहिबगंज।**राजमहल प्रखंड के मॉडल कॉलेज में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्लअनुशासन, साइबर अपराध एवं सकारात्मक आचरणह्व रहा, जिसमें जिला एसपी साहिबगंज अमित कुमार सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यशाला की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह द्वारा अतिथि एसपी अमित कुमार सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर स्वागत के साथ हुई। एसपी ने मार्गदर्शक व्याख्यान मुख्य वक्ता एसपी अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप और उनसे बचाव की सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा– अनवेरिफाइड लिंक, वीडियो कॉल, मैसेज और फेक प्रोफाइल से सतर्क रहें। बैंक कभी भी ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं पूछता, इसलिए ऐसी किसी भी मांग पर तुरंत सावधान हो जाएँ। बढ़ते ह्लडिजिटल अरेस्ट फ्रॉडह्व के बारे में विद्यार्थियों को सतर्क करते हुए बताया कि किसी अज्ञात कॉल पर विश्वास न करें और किसी भी तरह का भुगतान न करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी कॉमन हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी दी, जहाँ से अब पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाएँ एक ही नंबर से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके साथ ही एसपी ने नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर गंभीर चर्चा की और युवाओं से इससे दूर रहने की भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि करियर और जीवन दोनों को नष्ट कर देता है।अंत में एसपी ने कॉलेज के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए अनुशासन, जागरूकता और सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर कार्यक्रम में एसडीपीओ बिमलेश कुमार त्रिपाठी राजमहल, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कुछ नवाचार और उद्यम विकास से गरीबी से बाहर निकले समूह की दीदियां : एसडीओ

**पलामू।** पलामू के डालटनगंज के टाउन हॉल में गुरुवार को झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से उद्यमिता विकास उन्मुखीकरण ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी आइएएस सुलोचना मीणा शामिल हुई। एसडीओ ने एनडीसी नीरज कुमार, डीपीएम अनिता केरकेट्टा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण उद्यमिता विकास उन्मुखीकरण के लिए महिला समूह के बीच ऋण वितरण किया गया।जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता करकेटा की ओर से बताया गया कि जेएसएलपीएस के जरिये ग्रामीण महिलाओं को छोटे-छोटे उद्यम कराया जा रहा है। बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। एसडीओ ने कहा कि सखी मंडल की दीदी को कुछ नवाचार करने का प्रयास तथा जिले की सभी दीदी को उद्यम विकास से गरीबी से बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए। दीदी अपनी पहचान खुद बनायें, जिससे जिला का उस विशेष उद्ययम में पहचान बने। ग्रामीण महिलाओं को सरकार की तरफ से समुचित सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिले में सरकारी स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव के होने के बावजूद जेएसएलपीएस सरकार और प्रशासन का बैकबोन बना हुआ है।

# इंसानियत की मिसाल बनकर उभरी हेल्प हैंड फाउंडेशन की टीम, गरीबों के घर तक पहुँचा रही सहायता – रात 12 बजे तक चल रहा मदद का अभियान

**पाकुड़ के इन युवाओं ने साबित कर दिया है कि इंसानियत अभी भी जिंदा है – बस जरूरत है ऐसे हाथों की जो किसी बेसहारा की पीठ पर रखकर कह सकें, घबराइए मत.. हम हैं आपके लिए।**

**हेल्प हैंड फाउंडेशन, पाकुड़ की टीम लगातार उन असहाय परिवारों के बीच पहुंच रही है, जिनके पास न खाने को राशन है, न ठंड से बचने का कोई साधन, न कोई सहारा**



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** कहते हैं कि इंसान अमीर हो या गरीब–जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान सबसे बड़ी जरूरत है। पर जिले में ऐसे कई परिवार हैं जिनके लिए ये बुनियादी सुविधाएं भी सपना बनकर रह गई हैं। ठंड की ठिठुरन में बिना कंबल रात गुजारना, घर में खाली बोरा - सा राशन, और बदन ढकने को कपड़ा तक न होना–इन हालातों को देख किसी की भी आंखें नम हो जाएं।लेकिन ऐसे मुश्किल वक्त में कुछ नौजवान फरिश्तों की तरह सामने आए हैं। हेल्प हैंड फाउंडेशन, पाकुड़ की टीम लगातार उन असहाय परिवारों के बीच पहुंच रही है, जिनके पास न खाने को राशन है, न ठंड से बचने का कोई साधन, न कोई सहारा।

**हीरानंदनपुर पंचायत के नंदीपाड़ा में पहुँची टीम:**

फाउंडेशन के डायरेक्टर अलाउद्दीन शेख के नेतृत्व में रेहान शेख, नबीरुल शेख, अख्तरुल शेख सहित टीम के सदस्य सदर प्रखंड के हीरानंदनपुर पंचायत स्थित नंदीपाड़ा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की।टीम द्वारा दिए गए सामान में शामिल थे– चावल,आटा,आलू,सरसों का तेल,मसाले,लहसुन प्याज,धनिया-जीरा,नमक,तथा अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री। इसके साथ ही ठंड बढ़ने को देखते हुए हर जरूरतमंद परिवार को गर्म कंबल भी उपलब्ध कराया गया।

**आधी रात तक चल रहा कंबल वितरण अभियान:**

हेल्प हैंड फाउंडेशन की सबसे बड़ी खासियत है – दिन हो या रात, उनकी सेवा लगातार जारी रहती है। टीम ने बताया कि रात 12 बजे तक भी वे पाकुड़ नगर पालिका क्षेत्र और रेलवे स्टेशन में सो रहे गरीब, असहाय और बेघर लोगों को कंबल ओढ़ा रहे थे।संग्रामपुर गांव में भी अत्यंत गरीब परिवारों तक टीम ने कंबल पहुँचाया।

**सीमाओं से परे सेवा – बिना धर्म–जाति देखे की जा रही मदद:**

फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि उनकी नजर में न किसी का मजहब मायने रखता है, न जाति। ₹हम सिर्फ इंसान देखते हैं। अगर कोई भूखा है, ठंड से कांप रहा है या उसके पास पहनने को कपड़ा नहीं है–तो उसकी मदद करना हमारा फर्ज है।

**फाउंडेशन कर रहा कई सामाजिक कार्य:**

सदस्यों ने बताया कि संस्था गरीबों, अनाथों, विधवाओं और बुजुर्गों की सहायता के साथ-साथ कई अहम क्षेत्रों में सक्रिय है–मानवाधिकार और न्याय,समाज सुधार से जुड़ी गतिविधियाँ,बच्चों की शिक्षा, जरूरतमंदों को छात्रवृत्ति,स्कूल संचालन, असहाय परिवारों के लिए नियमित राहत अभियान

**समाज के लिए 247 सक्रिय है हमारी टीम:**

संस्था के अनुसार, उनकी टीम दिन-रात एक कर समाज सेवा में लगी है। सेवा का यही जज्बा उन्हें शहर के हर कोने तक ले जाता है, जहाँ कोई व्यक्ति मदद की उम्मीद में खड़ा है।पाकुड़ के इन

# महुआडांड़ में 65 राशन डीलरों को मिली नई 4G e-PoS मशीनें, अब और पारदर्शी होगा अनाज वितरण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**महुआडांड़:** महुआडांड़ प्रखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (ढज्र) को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और गड़बड़ी-रहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को 65 राशन डीलरों को नई 4ॠ ी-ढङ्गर मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इन मशीनों के माध्यम से अब लाभुकों को मिलने वाला राशन और अधिक सही, तेज, पारदर्शी और बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के उपलब्ध होगा।इन आधुनिक मशीनों का वितरण प्रखंड कार्यालय सभागार में एक सरल एवं औपचारिक कार्यक्रम के दौरान किया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित कुमार सिन्हा ने स्वयं सभी डीलरों को मशीनें सौंपीं। इस अवसर पर विजेंट टेक के प्रतिनिधि रवि रंजन सुमन, टीम लीडर लातेहार मुकेश कुमार यादव, तकनीकी कर्मी तथा कई राशन डीलर उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्री सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर लाभुक को उसका हक का अनाज समय पर, सही मात्रा में और पूरी पारदर्शिता के साथ मिले। उन्होंने बताया कि नई ी-ढङ्गर मशीनें आधार आधारित सत्यापन, रियल-टाइम डेटा रिकॉर्डिंग, वितरण की ऑनलाइन निगरानी और स्टॉक की सटीक जांच की सुविधा देती हैं। इससे फजीर्वाड़ा, डुप्लीकेट कार्ड, अनाज की हेरा-फेरी और अवैध कटौती जैसे मामलों पर पूरी तरह रोक लग सकेगी।तकनीकी टीम ने मौके पर सभी डीलरों को मशीनों के उपयोग, नेटवर्क अपडेट, फिंगरप्रिंटआधार प्रमाणीकरण और रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया के बारे मेंप्रशिक्षण भी दिया, ताकि आने वाले दिनों में वितरण कार्य और सुचारू रूप से किया जा सके।ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नई 4ॠ ी-ढङ्गर मशीनों से लोगों में भरोसा बढ़ेगा और राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। प्रशासन का यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा और भरोसेमंद सेवा की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान: संत तेरेसा (+2) उच्च विद्यालय महुआडांड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**महुआडांड:** महुआडांड़ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला ' विधिक सेवा प्राधिकरण, लातेहार द्वारा गुरुवार को संत तेरेसा (+2) उच्च विद्यालय महुआडांड़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवम चौरसिया द्वारा दिए गए थे।कार्यक्रम में पीएलवी ईनद्रनाथ प्रसाद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नालसा, नई दिल्ली ने ह्लनालसाझ्रआशाह्व का गठन किया है, जो बाल विवाह रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और कानूनी रूप से मजबूत पहल है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ-साथ दंडनीय अपराध भी है, बावजूद इसके दुनिया की एक-तिहाई बाल वधुएँ अभी भी भारत में पाई जाती हैं।उन्होंने बताया कि डालसा लातेहार बाल विवाह उन्मूलन के लिए निरंतर कैंपेन संचालित कर रही है।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर प्रभा लकड़ा, शिक्षक राजू खाखा, विनोद लकड़ा, सुनीता केरकेट्टा,कालरा तिर्की, बेरोनिका एक्का, सुनीता समद, सिस्टर रजनी बाड़ा, उषा अनिमा सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ

# बड़कागांव विधायक ने सदन में उठाई विस्थापितों की आवाज विधायक रोशन लाल चौधरी

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड विधानसभा में बड़कागांव के विधायक माननीय श्री रोशन लाल चौधरी ने परियोजनाओं से प्रभावित विस्थापित परिवारों की गंभीर समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि विस्थापित परिवारों का आज पता तक नहीं चलता, वे कहां हैं, किसी को जानकारी नहीं। जाति एवं आवासीय प्रमाणपत्र भी नहीं बन पाता, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ता है। झारखंड में परियोजनाओं से विस्थापित परिवार विधायक ने सभी माननीय सदस्यों एवं मंत्रियों से आग्रह किया कि कैबिनेट के माध्यम से नई नियमावली गठन की जाए, जिसके तहत विस्थापितों की समस्याओं का स्थायी और प्रभावी समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि पुनर्वास आयोग गठन की उनकी पहल पर सरकार ने संज्ञान लिया और आयोग का गठन हुआ, जिसके लिए उन्होंने सरकार को धन्यवाद दिया। हालांकि, अभी तक इस आयोग से विस्थापित परिवारों को कोई ठोस लाभ नहीं मिला है। रोज नए-नए नियम बनाए जा रहे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आयोग का गठन विस्थापितों के हित में प्रभावी साबित नहीं होगा। विधायक ने एकमात्र सुझाव दिया कि मौजूदा नियमावली में ही संशोधन कर विस्थापितों को पूर्ण हक और अधिकार प्रदान किए जाएं, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित और न्यायपूर्ण निराकरण संभव हो सके।

# एनएचएआई एवं एनटीपीसी से संबंधित भू-अर्जन मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हजारीबाग :** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में एनएचएआई एवं एनटीपीसी से संबंधित भू-अर्जन मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएच एवं एनटीपीसी की कोल माइनिंग परियोजनाएँ पकरी बरवाडीह, केरेडारी, बादम एवं चट्टीबारियातू कोल परियोजना से जुड़े स्टेटमेंट-6, म्यूटेशन की प्रगति, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, पैक्स केन्द्र एवं विद्यालयों के स्थानांतरण, मेजरमेंट, एफ.आर.ए., लीज बंदोबस्ती, भारत माला परियोजना, कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर, पी.एच.सी. स्थानांतरण समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने केरेडारी कोल परियोजना के अधिकारी को ग्रामसभा करते हुए सड़क से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने और कम्युनिटी डेवलपमेंट करने का निर्देश दिया। वहीं, एनटीपीसी की विभिन्न कोल परियोजनाओं में हाउस मिजरमेंट एवं डिमोलिशन से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एसडीओ के स्तर से अंचलाधिकारी एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने परियोजना से विस्थापित परिवारों के कम्युनिटी डेवलपमेंट का कार्य डीएमएफटी मद से कराने की बात कही। पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के अधिकारी को एफआरए, स्कूल शिफ्टिंग से संबंधित मामलों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बड़कागांव सीओ एवं भू अर्जन कार्यालय के अधिकारियों को बादाम कोल परियोजना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जीएम लैंड का वेरिफिकेशन के लिए अंचल कार्यालय में कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बरही, सदर, इचाक और पदमा सीओ को एनएच से संबंधित म्यूटेशन के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। सभी लंबित कार्यों की प्रगति में तीव्रता लाने को कहा है। उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय समन्वय करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह,

# चोरी, कोयला चोरी और अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस–एसपी ने बैठक में दिए सख्त निर्देश
## सड़क सुरक्षा से साइबर क्राइम तक–एसपी की अपराध गोष्ठी में लिए गए बड़े निर्णय

अपराध पर नकेल कसने की तैयारी: पाकुड़ एसपी ने मासिक गोष्ठी में किया बड़ा मंथन
पुलिस कप्तान की समीक्षा बैठक: व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लेकर थानों तक बढ़ेगी निगरानी
यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो




**पाकुड़ :** पुलिस अधीक्षक पाकुड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को मासिक अपराध गोष्ठी एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की समग्र विधि-व्यवस्था, लंबित मामलों, सड़क सुरक्षा, खनन नियंत्रण और साइबर अपराध सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसपी ने सभी थानेदारों और पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन–एसपी का स्पष्ट आदेश: बैठक के दौरान नवंबर माह में दर्ज और निष्पादित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना व ओपी प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र और प्राथमिकता से निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि अपराध नियंत्रण में तेजी लाई जा सके।

चोरी, छिनतई और गृहभेदन रोकने के लिए व्यापारियों के साथ बैठक: जिले में चोरी, छिनतई और गृहभेदन की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसपी ने आदेश दिया कि–थानावार बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, सीएसपी केंद्रों और ज्वेलरी दुकानों के संचालकों, तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ बैठक कर सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाए।उन्होंने कहा कि संवेदनशील प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा गार्डों की तैनाती अनिवार्य की जाए।

**रात्रि गश्ती और टाइगर मोबाइल की तैनाती होगी सख्त:**

एसपी ने निर्देश दिया कि चोरी व घर में सेंधमारी रोकने के लिए–थाना गश्ती,टाइगर मोबाइल,और कार्यालय में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा रोस्टरवार रात्रि जांच अभियान चलाया जाए।इस अभियान को अधिक प्रभावी और निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

**कोयला चोरी पर रोक–नियमित छापामारी का आदेश:**

जिले में कोयला चोरी के मामलों पर चिंता जताते हुए एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि–संबंधित इलाकों में नियमित छापामारी की जाए।कोयला चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**अवैध पत्थर व बालू उत्खनन पर नकेल कसने के निर्देश:**

एसपी ने कहा कि जिले में अवैध पत्थर व बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान तेज किया जाए। इसके लिए जिला खनन टास्क फोर्स के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए नियमित छापामारी का आदेश दिया गया।
स्कूल-कॉलेजों में नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा पर जागरूकता अभियान:
मानव तस्करी, नशामुक्ति, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रत्येक माह स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया।एसपी ने कहा कि अपराध रोकथाम में जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है।

**सड़क सुरक्षा सुदृढ़–प्रतिदिन वाहनों की जांच का आदेश:**

बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए एसपी ने जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के साथ समन्वय बनाकर–
प्रतिदिन स्थान और समय बदल-बदलकर वाहन जांच,
चालक का हेलमेट, सीट बेल्ट,
रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस,तथा ड्रंकन ड्राइविंग की सघन जांच करने का निर्देश दिया।

**यातायात व्यवस्था मजबूत करने के लिए विशेष निर्देश:**

शहर में यातायात प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए यातायात प्रभारी को सभी आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए गए।एसपी ने कहा कि शहर का यातायात निर्बाध रहे, इसके लिए जरूरी बदलाव और कड़ाई तत्काल लागू की जाए।

**दागी और गुंडा पंजी में अपराधियों का नाम दर्ज करने का निर्देश:**

अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए एसपी ने आदेश दिया कि–पिछले 5 वर्षों में संपत्तिमूलक अपराधों में सिद्धदोष अपराधियों का नाम दागी पंजी में दर्ज किया जाए।अन्य अपराधकर्मियों को गुंडा पंजी में शामिल कर उन पर सतत निगरानी रखी जाए।

**अर्म्स एक्ट 1959 की ट्रेनिंग और परीक्षा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मान:**

बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (प्रो.) अजय आर्यन ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को आर्म्स एक्ट 1959 की धाराओं की विस्तृत जानकारी दी।इसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

# महुआडांड़ के रा.प्रा.वि. हरखुटोला में शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त ! प्राचार्य धूप में सोते मिले, बच्चे बरामदे मेंङ्घ मिड डे मील में दाल पानी, बच्चे कुपोषण की कगार पर

**महुआडांड़:** महुआडांड़ प्रखंडअंतर्गत सोहर पंचायत के रा. प्रा. विद्यालय हरखुटोला में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, विद्यालय में प्रतिदिन गंभीर लापरवाही देखने को मिलती है। बच्चों को कक्षाओं में पढ़ाने के बजाय बरामदे में बैठा दिया जाता है, जबकि प्राचार्य धूप में आराम करते हुए दिखाई देते हैं। पढ़ाई-लिखाई लगभग ठप होने की वजह से अभिभावकों में गहरी नाराजगी है।गुरुवार को सभी आरोप सही पाए गए। बच्चे बिना किसी शिक्षक की निगरानी के बरामदे में बैठे हुए थे और विद्यालय संचालन पूरी तरह अव्यवस्थित दिखा। ग्रामीणों ने कहा कि महुआडांड़ प्रखंड में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, और विद्यालय प्रशासन की उदासीनता बच्चों के भविष्य को गंभीर खतरे में डाल रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विद्यालय में मिड डे मील की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।बच्चों को दाल पानी जैसी पतली परोसी जा रही है,सरकारी मीनू का पालन बिल्कुल नहीं किया जा रहा है,जिससे बच्चे कुपोषण के खतरे की ओर बढ़ रहे हैं स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय की अव्यवस्था, प्राचार्य कीकार्यशैली और मिड डे मील व्यवस्था की तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

# महुआडांड़ ब्लॉक में आधार सेवा ठप, 150 वसूली के बाद भी नहीं बना रहे आधार — ग्रामीणों में आक्रोश

महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय स्थित आधार सेवा केंद्र में गुरुवार को आधार निर्माण और अपडेट सेवा पूरे दिन बंद रही, जिससे दूर-दराज से आए सैकड़ों ग्रामीण परेशान रहे। सुबह से कतार में खड़े लोगों का न तो आधार बन सका, न ही अपडेट हो पाया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों द्वारा प्रति व्यक्ति ?150 वसूले जाने के बाद भी किसी का काम नहीं हुआ और सिस्टम बंद रहने की स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी गई। कई लाभुकों ने बताया कि सुबह 8 बजे से लाइन में हैं, पैसे दे दिए, लेकिन नंबर तक नहीं आया, जिससे समय और किराया दोनों बर्बाद हुआ।भीड़ बढ़ने से हंगामे जैसी स्थिति बनी और कई महिलाएँ व बुजुर्ग बिना काम किए लौटने को मजबूर हुए। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**हजारीबाग।**आज जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत उपायुक्त के जनता दरबार में प्राप्त मामलों की प्रगति की समीक्षा से हुई। उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इसके उपरांत आपकी योजनाझ्रआपकी सरकारझ्रआपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य जाति, आय, आवासीय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्गतीकरण तेज गति से सुनिश्चित करना था। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में प्राप्त आवेदनों का एक सप्ताह के अंदर शून्यीकरण किया जाए। बैठक के दौरान म्यूटेशन, जमीन मापी, परिशोधन, ई-कोर्ट, सुओ-मोटो म्यूटेशन, पीजी पोर्टल के मामलों तथा सरकारी भूमि अतिक्रमण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों में गति लाते हुए सभी मामलों का तत्परता एवं गंभीरता से निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने हाई कोर्ट से जुड़े भू अर्जन के मामले को सावधानी पूर्वक हल करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल एवं म्यूटेशन के लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व से संबंधित सभी मामलों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# नेतरहाट घाटी में दिख रही विकास की नई तस्वीर, पर्यटन में बढ़ी रौनक



**महुआडांड़:** महुआडांड़ झारखंड का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट घाटी इन दिनों तेजी से निखर रहा है। पथ प्रमंडल गुमला द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन और साफ-सफाई ने घाटी की खूबसूरती को नई पहचान दी है।पर्यटन बढ़ने से स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि हुई है। होम-स्टे, दुकानों और वाहन सेवाओं की मांग बढ़ी है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है।कोयल व्यू, सूर्यास्त स्थल और मैग्नोलिया पॉइंट पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुविधाएँ पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं।नेतरहाट क्षेत्र में मुखिया रामबिशुन नागेसिया द्वारा पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की नियमितजांच-पड़ताल से योजनाएँ समय पर और सही तरीके से पूरी हो रही हैं।नेतरहाट का बदला स्वरूप इसे झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत बना रहा है।

# उप विकास आयुक्त ने किया पदमा प्रखंड का दौरा, योजनाओं का किया निरीक्षण



**हजारीबाग:** उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद ने पद्मा प्रखण्ड के विभिन्न योजनाओं एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मनरेगा योजनाओं, अबुआ आवास योजना, विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्य प्रगति, अधोसंरचना की स्थिति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता, लाभुकों को उपलब्ध सुविधाओं, विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण तथा कस्तूरबा विद्यालय में आवासीय व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के उपरांत प्रखण्ड सभागार में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के निष्पादन, पारदर्शिता, समयबद्धता और लाभुकों तक सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्राथमिकता के साथ पहुँचाने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन हजारीबाग जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर निगरानी एवं समीक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के छात्रों का झारखंड विधानसभा में शैक्षणिक भ्रमण

**रामगढ़ :** सीतकालीन विधानसभा सत्र के अंतिम दिन श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा (रामगढ़) के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने झारखंड विधानसभा परिसर में एक उपयोगी शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर बड़कागांव विधायक माननीय श्री रोशन लाल चौधरी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। यह भ्रमण छात्रों के लिए लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का सुनहरा अवसर साबित हुआ। विधानसभा की कार्यवाही, लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं तथा जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं से अवगत कराया गया। विधायक श्री चौधरी ने छात्रों से संवाद करते हुए लोकतंत्र के मूल्यों और नागरिक responsibilities पर प्रकाश डाला। छात्रों की जिज्ञासा, ऊर्जा और सीखने की उत्कट इच्छा देखकर विधायक महोदय सहित सभी उपस्थित लोग बेहद प्रसन्न हुए। इस तरह के भ्रमण युवा पीढ़ी को जागरूक और उत्तरदायी नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। स्कूल प्रबंधन ने विधायक जी का आभार व्यक्त किया।

# कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अमेरिकी सीनेट : संरचना, कार्यप्रणाली एवं समकालीन विमर्श पर सफल सेमिनार का आयोजन

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**




**बड़कागांवः** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ह्लअमेरिकी सीनेट : संरचना, कार्यप्रणाली एवं समकालीन विमर्शह्व विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का भव्य एवं सफल आयोजन 10 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अमेरिकी सीनेट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, विशिष्ट विधायी प्रक्रिया, शक्ति-संतुलन की व्यवस्था तथा वैश्विक राजनीति पर उसके प्रभावों से अवगत कराना था। साथ ही, विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति के प्रति गहरी रुचि और व्यापक दृष्टिकोण विकसित करना भी कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्ति नाथ महतो एवं मुख्य अतिथि डॉ. बालेश्वर महतो द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. कीर्ति नाथ महतो ने कहा, ह्लअमेरिकी सीनेट विश्व की सबसे प्रभावशाली विधायी संस्थाओं में से एक है। यह अमेरिकी लोकतंत्र की रीढ़ होने के साथ-साथ वैश्विक नीति-निर्माण और शासन प्रणाली का उत्कृष्ट प्रतीक भी है। ऐसे विषयों पर चर्चा विद्यार्थियों को लोकतंत्र की गहराई और शासन की बारीकियों से परिचित कराती है।ह्व उन्होंने आगे जोड़ा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों में शोध भावना, विश्लेषणात्मक क्षमता और वैश्विक राजनीतिक चेतना को मजबूत करते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. लालदेव महतो ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परंपराओं से जोड़ना और उनका बौद्धिक क्षितिज विस्तारित करना है। उन्होंने सेमिनार को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि इससे शोध के नए द्वार खुलेंगे तथा अध्यापन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। मुख्य अतिथि डॉ. बालेश्वर महतो ने अमेरिकी सीनेट को समकालीन वैश्विक राजनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि ऐसे सेमिनार छात्र-छात्राओं में राजनीतिक जागरूकता जगाते हैं तथा उन्हें विश्व दृष्टिकोण अपनाने, तुलनात्मक राजनीति समझने और लोकतांत्रिक मूल्यों की सार्थकता जानने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के व्याख्याता प्रो. ऋतुराज दास ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निरंजन प्रसाद ह्यनीरजह्ण ने किया। सेमिनार में महाविद्यालय के कई प्रतिष्ठित शिक्षक उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. निरंजन प्रसाद ह्यनीरजह्ण, प्रो. मोहम्मद फजरूद्दीन, डॉ. सुरेश महतो, प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज दास, डॉ. रंजीत प्रसाद, डॉ. ललिता कुमारी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी, डॉ. दिव्या शालू और डॉ. सनवीर कुमार प्रमुख थे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। पायल, कुमकुम, नाजनी, शिवम सहित अनेक विद्यार्थियों ने विषय विशेषज्ञों से सारगर्भित प्रश्न पूछे और सक्रिय चर्चा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह सेमिनार महाविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज किया गया।

## समाहरणालय में कार पर्किंग निर्माण कार्य प्रगति पर 64 कार व 80 दुपहिया हो सकेंगे खड़े



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । सिंदरी/ धनबाद।**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निर्देश पर समाहरणालय आने वाले आगंतुकों के लिए समाहरणालय के पूर्वी हिस्से में विशाल पार्किंग शेड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पार्किंग का फ्रेमवर्क पूरा हो चुका है। शीघ्र शेड लगाने का कार्य आरंभ होगा।

इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन बड़ी तादाद में आम लोग अपने विभिन्न कार्यों से समाहरणालय आते हैं। आम जनों के साथ पदाधिकारी, मीडिया कर्मी भी समाहरणालय आते हैं। अक्सर उनके वाहन खुले में खड़े रहते हैं। इसलिए चार पहिया और दुपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग शेड युक्त विशाल पार्किंग एरिया बन रहा है। पार्किंग शेड बन जाने के बाद उसमें 64 चार पहिया तथा 80 से अधिक दुपहिया वाहनों को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पार्क किया जा सकेगा। उपायुक्त ने बताया कि पार्किंग शेड के साथ-साथ आगंतुकों के लिए सिटिंग व वेटिंग एरिया एवं पार्क का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# महिलाओं के अधिकारों की रक्षा में दुलाली मंडल और साकीना खातून ने लिखी मिसाल

**पाकुड़ की दो बेटियाँ राज्य स्तर पर सम्मानित**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




पाकुड़ : जिले की दो बेटियाँ–जेंडर रिसोर्स सेंटर की पैरालीगल कार्यकर्ता दुलाली मंडल और साकीना खातून–को महिलाओं के अधिकार संरक्षण और न्याय दिलाने में उनके सराहनीय योगदान के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। दोनों कार्यकताओं को यह सम्मान रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जहाँ विभिन्न जिलों से आई हस्तियों और सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति रही।जानकारी के अनुसार, दुलाली मंडल और साकीना खातून पिछले कई वर्षों से पाकुड़ जिले में घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, परित्याग जैसे संवेदनशील मामलों में पीड़ित महिलाओं को कानूनी सलाह, पैरालीगल सहयोग और न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। कई मामलों में इन्होंने न सिर्फ पीड़िताओं को त्वरित राहत दिलाई, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।स्थानीय स्तर पर कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए दोनों ने सैकड़ों महिलाओं को न्याय दिलाने की राह आसान की है। समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय, पुलिस-प्रशासन के साथ संवाद और कानूनी जानकारी का प्रसार–इनकी कार्यशैली के प्रमुख पहलू रहे हैं।राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त करने के बाद दुलाली मंडल और साकीना खातून ने इसे पाकुड़ की महिलाओं के प्रति समर्पित बताया। उनका कहना है कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा है, जिससे आगे और बेहतर कार्य करने का उत्साह मिलेगा।उधर, जिले में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है। सामाजिक संगठनों, महिला समूहों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी दोनों कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि पाकुड़ की बेटियों ने पूरे राज्य में जिले का नाम रोशन किया है।पाकुड़ की ये दोनों बेटियाँ आज राज्य भर में महिला सशक्तिकरण और न्याय के लिए संघर्ष का प्रतीक बन चुकी हैं।

## आगामी पर्व त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने केक, पेस्ट्री एवं कुकीज विक्रेताओं का किया औचक निरीक्षण

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** शहर स्थित केक, पेस्ट्री एवं कुकीज विक्रेताओं की दुकानों का आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा आज औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी दुकानों में वैध FSSAI फूड लाइसेंस उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानदारों को केक, पेस्ट्री एवं अन्य बेकरी उत्पादों के निर्माण में केवल ताजा और उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे पदार्थ का उपयोग करें। निर्माण स्थल पर स्वच्छता एवं हाइजीन सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्य में शामिल स्टाफ एप्रन, ग्लव्स और कैप का अनिवार्य उपयोग करें। सभी उत्पादों पर ऋरअक लाइसेंस नंबर, निर्माण तिथि, बेस्ट बिफोर एवं एक्सपायरी तिथि स्पष्ट रूप से अंकित हों। निरीक्षण के दौरान JFC एवं केक बाइट्स, केक शॉप में कुकीज एवं फ्रूट केक के लेबल मानक अनुरूप पाए गए। DFC केक दुकान में दो बोतल लिक्विड फूड कलर एक्सपायरी पाए गए, जिन्हें नोटिस एवं चेतावनी के बाद तत्काल नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पाकुड़ एसपी का औचक निरीक्षण: चौड़ामोड़, कुसमाफाटक और काशीला मोड़ चेकपोस्ट पर जांच

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** पुलिस अधीक्षक पाकुड़ ने गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 को जिले के तीन महत्वपूर्ण चेकपोस्टों – हिरणपुर थाना अंतर्गत चौड़ामोड़, और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कुसुमाफाटक तथा काशीला मोड़ – का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुए इस निरीक्षण से चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों में हरकत देखी गई।

एसपी ने जांच के दौरान सभी चेकपोस्टों पर संधारित रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, लाइटिंग व्यवस्था, और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि चेकपोस्ट पर स्थापित सभी तकनीकी उपकरण हर समय सक्रिय रहने चाहिए, ताकि वाहन जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और प्रभावी हो सके।

**एसपी के सख्त निर्देशः बिना माइनिंग चालान जांच किए एक भी वाहन आगे न बढ़ेः**

निरीक्षण के दौरान चेकपोस्ट पर मौजूद दंडाधिकारियों, चौकीदारों और पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया– सभी मालवाहक वाहनों का माइनिंग चालान क्रमवार जांच करें।रजिस्टर में हर वाहन की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से दर्ज करें।एक भी वाहन को बिना जांच किए आगे न जाने दें।उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग को रोकने के लिए चेकपोस्टों पर सतर्क निगरानी बेहद आवश्यक है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

**लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाईः**

एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ड्यूटी के दौरान यदि किसी भी अधिकारी या कर्मी की अनदेखी, लापरवाही या ढिलाई पाई गई, तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि चेकपोस्ट संचालन का उद्देश्य केवल जांच भर नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था को मजबूत करना और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाना है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी को अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करना होगा।

# पाकुड़ में 15-17 दिसंबर तक परिवहन विभाग का विशेष शिविर, बिना परमिट ऑटो-ई-रिक्शा पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बिना रजिस्ट्रेशन नंबर दिए ही दुकानदार यथा शोरूम मालिक ने कैसे बेच दी ई रिक्शा?:**

**पाकुड़ में जाम और अवैध गतिविधियों पर अंकुशः चांदपुर बॉर्डर पर बनेगा विशेष ई–रिक्शा स्टैंड**

**रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस और यूनिफॉर्म अनिवार्य; नियम तोड़ने वाले ऑटोझ्रई–रिक्शा चालकों पर प्रशासन सख्त**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** गुरुवार को मुफस्सिल थाना परिसर में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा मालिकों के साथ जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में पाकुड़ एसडीओ, पाकुड़ सीआई, ऑटोझ्रई-रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष हिसाबी राय सहित बड़ी संख्या में वाहन मालिक मौजूद रहे।बैठक में डीटीओ ने घोषणा की कि 15, 16 और 17 दिसंबर को जिला परिवहन कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऑटो एवं ई-रिक्शा मालिक परमिट, रजिस्ट्रेशन, टैक्स, इंश्योरेंस एवं अन्य कागजी प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। सभी चालक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी वहीं से कर पाएंगे। बिना परमिट परिचालन गैरकानूनी, पकड़े जाने पर वाहन जब्ती की चेतावनीः

डीटीओ ने स्पष्ट कहा कि बिना परमिट ऑटो या ई-रिक्शा का परिचालन पूरी तरह गैर कानूनी है। बिना वैध कागजात परिचालन करते पकड़े जाने पर–वाहन की जब्ती,मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना,तथा वाहन के ब्लैकलिस्टेड होने जैसी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना यूनिफॉर्म कोई भी वाहन नहीं चलाया जाएगा। सभी चालकों को निर्धारित यूनिफॉर्म में ही वाहन चलाने का निर्देश दिया गया है। एक-एक पैसा जोड़कर गाड़ी खरीदी है, कानून तोड़कर खुद को बदनाम न करें – डीटीओ

डीटीओ ने चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन उनके साथ है, लेकिन कानून का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा– आपने मेहनत की कमाई से वाहन खरीदा है। अगर आपके पास वैध रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस और यूनिफॉर्म होगा, तो लोग आपको सम्मान की नजर से देखेंगे। कोई आपको रोक नहीं सकेगा। यह शिविर आपके लिए सुनहरा अवसर है–बिना डर के दस्तावेज पूरा करें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं।

**बिना रजिस्ट्रेशन नंबर दिए ही दुकानदार यथा शोरूम मालिक ने कैसे बेच दी ई रिक्शा?:**

बहरहाल जो भी हो, सवाल यह है कि आखिर इतने सालों से पाकुड़ जिला में ई-रिक्शा दुकानदारों यथा शोरूम के मालिकों ने बिना रजिस्ट्रेशन की ई-रिक्शा कैसे बेच दी? क्योंकि अक्सर जो ई-रिक्शा के मालिक या चालक होते हैं,वह जब ई रिक्शा खरीदते हैं,वह दुकान में जाते हैं, और ज्यादातर ई रिक्शा चालक तो कम पढ़े लिखे लोग ही होते हैं उन्हें शोरूम के मालिक या दुकानदार जो समझाते हैं,उसी पर भरोसा कर लेते हैं। ई रिक्शा चालक उतनी दूर का नहीं सोचते। जहां तक जानकारी मिल रही है कि दुकानदार ई रिक्शा बेचने के लिए ई-रिक्शा चालकों को उल्टा यह समझाते हैं कि बिना रजिस्ट्रेशन की ही ई रिक्शा लीजिए.. इसमें आपका पैसा बच जाएगा। जिसके कारण सिर्फ उन्हें ई-रिक्शा की कीमत की रसीद दी जाती है,उन्हें रजिस्ट्रेशन नंबर दिया ही नहीं जाता। इसमें तो सारा दोष ई रिक्शा के शोरूम के मालिक या दुकानदार का ही है। जिसका खामियाजा आज जिला के ई-रिक्शा चालकों को भुगतना पड़ रहा है। इसी कारण से जिला परिवहन पदाधिकारी ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि जिन दुकानदारों ने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर दिए ही- ई रिक्शा बेची है उनके खिलाफ ई रिक्शा चालक उन्हें आवेदन दे। आवेदन मिलने के पश्चात जिला परिवहन पदाधिकारी स्वयं उन दुकानदारों पर कार्रवाई करेंगे।

## स्वेटर का वितरण किया गया

**बलियापुर /धनबाद।** बढ़ते ठंड को देखते हुए बलियापुर प्रखंड के मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में वृहस्पतिवार को नाइट एंगल हॉस्पिटल रोड़ाबांध सिंदरी के तरफ से बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। वर्ग प्रथम से वर्ग अष्टम तक के सभी बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। बच्चे भी स्वेटर पाकर बहुत खुश दिखे। मौके पर हॉस्पिटल के अजय मंडल, दीपक साहु, शिक्षक आरबी प्रभात, स्वपन कुमार महतो, बादल कुमार दास, अभिजीत चटर्जी, कृष्ण शंकर प्रसाद, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सिंदरी महाविद्यालय को सौंपे गए ज्ञापन पर महाविद्यालय प्रबंधन ने शुरू किया कार्य, कार्यों को पूरा करने का विद्यार्थी परिषद को प्राचार्य ने दिया आश्वासन



**सिंदरी, धनबाद।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मांग पत्र (ज्ञापन ) सौंपने और पहल किये जाने पर सिंदरी महाविद्यालय के टुटे हुए गेट महाविद्यालय के नाम को पुनः नया लगाने, महाविद्यालय में वास्केटवाल कोट साफ सफाई एवं अन्य कार्य के कार्यगति पर दिए गए ध्यान पर वृहस्पतिवार को प्राचार्य से विधार्थी परिषद के लोगो ने मुलाकात की प्राचार्य ने कहा कि दिए गए ज्ञापन के आधार पर सभी कार्य किया जा रहा है जो यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा साथ ही पुस्तकालय में भी किताबों की व्यवस्था की जायेगी। प्राचार्य ने विधार्थी परिषद के पहल और कार्यों की सराहना भी की। बताते चलें कि कुछ दिनों पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के धनबाद ग्रामीण जिला संयोजक अनुभव शर्मा ने अपने परिषद के लोगो के साथ मिलकर सिंदरी महाविद्यालय में विभिन्न समस्याओं के प्रति लिखित प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा था जिस पर पहल करते हुए कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदेव छात्र हित में शिष्टाचार के तहत कार्य करता रहा है।

## गोकुलपुर में तीन दिवसीय चांद भैरव क्लब फुटबॉल टूनार्मेंट शुरू, विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से बढ़ी रौनक



**पाकुड़ :** गोकुलपुर के लड्डू बाबू आम बगान मैदान में बुधवार से तीन दिवसीय चांद भैरव क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आगाज हो गया। 28 से 30 दिसंबर तक चलने वाले इस पारंपरिक टूनार्मेंट को लेकर खिलाड़ियों से लेकर खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फाइनल मुकाबला 30 दिसंबर की शाम खेला जाएगा।आयोजक एवं शहरकोल पंचायत के मुखिया विकास गौंड ने बताया कि यह प्रतियोगिता वर्षों से दिसंबर माह में आयोजित होती आ रही है और अब यह पाकुड़ के प्रमुख खेल आयोजनों में शुमार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार टूनार्मेंट का स्तर और भी ऊँचा हुआ है, क्योंकि देश के साथ-साथ नाइजीरिया सहित कई विदेशी खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं, विजेता टीम को 5 लाख रुपये, उपविजेता को 4 लाख रुपये, जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को 1-1 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।मैदान में पहले दिन से ही खेल और मनोरंजन का बेहतरीन संगम देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने की अपील की है।टूनार्मेंट को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल व्याप्त है और खेल प्रेमी रोमांचक फुटबॉल मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## आवासीय विद्यालय में बच्चों से मारपीट का मामला— तीन कर्मी बर्खास्त, सुरक्षा व भोजन व्यवस्था में बदलाव



**पाकुड़ :** अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, किताझोर में 6 दिसंबर की रात रात्रि प्रहरी विनय कुमार मिश्रा द्वारा शराब के नशे में विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट किए जाने की घटना ने जिलेभर में चिंता बढ़ा दी थी। मामला सामने आते ही जिला प्रशासन ने विद्यालय का संचालन कर रहे बटेश्वर सेवा संस्थान से तत्काल रिपोर्ट और स्पष्टीकरण तलब किया था।संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए जवाब में बच्चों के साथ मारपीट तथा भोजन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों को बेहद गंभीर मानते हुए रात्रि प्रहरी विनय कुमार मिश्रा, वार्डनझ्रसहझ्रशिक्षिका प्रतिमा मिश्रा और रसोई कर्मी फूल कुमारी को तत्काल प्रभाव से सेवा से मुक्त कर दिया गया है। बच्चों की सुरक्षा और देखभाल को मजबूत बनाने के उद्देश्य से संस्थान ने नए रात्रि प्रहरी के रूप में हरि बापन सरकार और शिक्षक विकास कुमार चंचल की तैनाती कर दी है। वहीं रसोईया के पद हेतु चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।संस्थान के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थियों की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह कार्रवाई की गई है ताकि उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण मिल सके। उनका कहना है कि संस्थान का प्रयास है कि बच्चों की शिक्षा और दिनचर्या बिल्कुल बाधारहित और सहज रूप से जारी रहे।

## पाकुड़ : चांदपुर चेक पोस्ट स्थित प्रस्तावित ऑटोझ्रटोटो स्टैंड का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, 14 दिसंबर तक सभी सुविधाएं पूर्ण करने का निर्देश



**पाकुड़ :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांदपुर चेक पोस्ट पर बन रहे प्रस्तावित ऑटोझ्रटोटो स्टैंड की प्रगति का जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य, सफाई व्यवस्था और उपलब्ध कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान चांदपुर पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि स्टैंड से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं 14 दिसंबर 2025 तक हर हाल में पूरी की जाएं। अधिकारियों ने स्टैंड और चेक पोस्ट क्षेत्र में होने वाले सभी प्रकार के अतिक्रमण को तुरंत हटाने का आदेश भी दिया।साथ ही यह भी कहा गया कि स्टैंड के आसपास खड़े भारी वाहनों एवं अवैध पार्किंग को तत्काल हटाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और दैनिक आवागमन सुचारू बना रहे। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई तय मानी जाएगी।प्रशासन की सख्ती और त्वरित पहल से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही चांदपुर चेक पोस्ट पर एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित ऑटोझ्रटोटो स्टैंड तैयार हो जाएगा।

# मोहन भागवत जी हमेशा से एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रबल समर्थक रहे हैं



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत जी का आज जन्मदिन है। यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत जी का आज जन्मदिन है। यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं भागवत जी को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर उन्हें दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। मेरा मोहन भागवत जी के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता, स्वर्गीय मधुकरराव भागवत जी के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक ज्योतिपुंज में मधुकरराव जी के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकरराव जी जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी।

मधुकरराव जी का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहनराव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकरराव ने मोहनराव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी। भागवत जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। सामान्य जीवन में प्रचारक शब्द सुनकर ये भ्रम हो जाता है कि कोई प्रचार करने वाला व्यक्ति होगा, लेकिन जो संघ को जानते हैं उनको




पता है कि प्रचारक परंपरा संघ कार्य की विशेषता है। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। भागवत जी भी उस महान परंपरा की मजबूत धुरी हैं। भागवत जी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत जी ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में मोहन भागवत जी के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में मोहन भागवत जी ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे।

वर्ष 2000 में वे सरकार्यवाह बने और यहाँ भी भागवत जी ने अपनी अनोखी कार्यशैली से हर कठिन परिस्थिति को सहजता और सटीकता से संभाला। 2009 में वे सरसंघचालक बने और आज भी अत्यंत ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे हैं। भागवत जी ने राष्ट्र प्रथम की मूल विचारधारा को हमेशा सर्वोपरि रखा। सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि मोहन भागवत जी ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है।

भागवत जी का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं। श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये मोहनजी की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में भागवत जी का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए।

कोरोना काल में मोहन भागवत जी के प्रयास विशेष रूप से याद आते है। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुँचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा, लेकिन भागवत जी की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी। इस वर्ष की शुरूआत में, मैंने नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान मैंने कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है। इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। इन मूल्यों को आगे बढ़ाने में जिस समर्पण से मोहन भागवत जी जुटे हुए हैं, वो हर किसी को प्रेरणा देता है।

समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर मोहन भागवत जी का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी। संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विजन और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, मोहन जी इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं। मोहन जी के स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वो मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है। मोहन जी, हमेशा एक भारत श्रेष्ठ भारत के प्रबल पक्षधर रहे हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

## गेहूं निर्यात पर पाबंदी

भारत सरकार ने अचानक और तुरंत प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। यह सामयिक, कारगर और राष्ट्रीय निर्णय है। राष्ट्रीय संदर्भ इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम 2005-07 के दौरान गेहूं का संकट झेल चुके हैं। तब भारत को 71 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं का आयात करना पड़ा था। भारत ने कई देशों को गेहूं निर्यात भी किया था, लेकिन बाद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए गेहूं की उपलब्धता कम पड़ी। स्टॉक करने वाले उद्योगपतियों ने भी सरकार को खुलासा नहीं किया कि उनके गोदामों में कितना गेहूं उपलब्ध है। हार कर गेहूं का आयात करना पड़ा। आयात की मात्रा भी काफी थी और गेहूं महंगे दामों पर खरीदना पड़ा था। तब न तो रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे वैश्विक हालात थे और न ही भारत में खाद्य सुरक्षा कानून था। इस कानून के तहत औसत नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। अब कोरोना-काल से प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना के तहत 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज भी बांटा जा रहा है। यह योजना फिलहाल सितंबर, 2022 तक चलनी है। यदि इसे मार्च, 2023 तक विस्तार दिया गया, तो गेहूं का संकट पैदा हो सकता है।

गोदामों में गेहूं की उपलब्धता कम पड़ सकती है। भारत सरकार किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठा सकती थी, लिहाजा तुरंत निर्यात पर पाबंदी चस्पा करनी पड़ी। हालांकि सरकार का दावा है कि गोदामों में गेहूं का पर्याप्त भंडार है। हम इस दावे को कबूल कर भी लें, तो भारत 69 देशों को गेहूं का निर्यात कर रहा है, हालांकि मई 2022 में अभी तक 14.63 लाख मीट्रिक टन गेहूं का निर्यात 2022-23 के दौरान किया गया है। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बीते माह खुलासा किया था कि भारत इस बार 100 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात करेगा। विदेशों में सरकारी प्रतिनिधिमंडल भी भेजे गए थे कि भारत गेहूं उपलब्ध कराने की स्थिति में है, लेकिन अचानक सभी समीकरण और लक्ष्य बिगड़ गए और सरकार को गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगानी पड़ी। सिर्फ वे कंपनियां ही निर्यात कर सकेंगी, जिन्हें लेटर ऑफ क्रेडिट (एलओसी) प्राप्त हो चुका है। वे कंपनियां कौन-सी हैं और कितना गेहूं, किन देशों को निर्यात करेंगी, इसका खुलासा सरकार ने नहीं किया है। मौजूदा संकट की मूल वजह यह है कि मौसम की अप्रत्याशित मार, समय से पहले ही भयंकर गर्मी और लू, ने गेहूं की पिछौती फसल को बुरी तरह प्रभावित किया। गेहूं का दाना ही लगभग मर गया। उत्पादन कम हुआ, तो सरकार ने अपनी खरीद को करीब 440 लाख मीट्रिक टन से घटाकर 195 लाख टन कर दिया। प्रधानमंत्री अन्न योजना में गेहूं के बजाय चावल कर दिया गया। ओडिशा में तो 100 फीसदी चावल ही बांटा जा रहा है। जिन एक दर्जन राज्यों को अनाज की आपूर्ति की जानी थी, उसे भी 50 फीसदी घटा दिया गया है अथवा फिलहाल रोक दिया गया है। खरीद का जो लक्ष्य तय किया था, उसमें भी करीब 165 लाख मीट्रिक टन की ही सरकारी खरीद हो पाई है। गेहूं मंडियों में न के बराबर भेजा जा रहा है, क्योंकि कंपनियां और व्यापारी खेत से ही गेहूं खरीद रहे हैं और न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक के दाम दिए जा रहे हैं। किसान भी खुश होंगे कि एमएसपी से ज्यादा दाम मिल रहे हैं, लेकिन निर्यात पर पाबंदी के बाद कुछ किसान संगठन नाराज भी हैं। उनका मानना है कि इस फैसले से गेहूं के दाम घटेंगे, जिससे किसानों को नुकसान होगा।

## वंशवादी राजनीति का ढलता सूरज, परिवारवाद की राजनीति से हो रहा जनता का मोहभंग



आज मोदी ने वंशवाद की राजनीति के पैरोकारों को राजनीति को पूर्णकालिक काम की तरह मानने पर बाध्य कर दिया है। कुल मिलाकर मोदी युग में वंशवाद की राजनीति के अच्छे-दिन का अंत भी शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटु आलोचक भी मानते हैं कि उन्होंने भारतीय राजनीति के व्याकरण को कई मायनों में बदला दिया है। परिश्रम, दक्षता और योग्यता तेजी से चाटुकारिता और परिवारवाद वाली राजनीति की जगह ले रही है। वैसे भी जो पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहती है, वही भविष्य के लिए खेल के नियम तय करती है। सभी छोटे खिलाड़ी उस फामरूले का अनुकरण करते हैं। कांग्रेस भी लंबे समय तक सत्ता में रही है। लिहाजा अधिकांश पार्टियों ने उसका अनुकरण किया। कांग्रेस ने भारतीय राजनीति को ह्यवंशवाद की राजनीतिह्न का सूत्र सिखाया। बाल गंगाधर तिलक, मदन मोहन मालवीय, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी सरीखे दिग्गजों ने कांग्रेस को एक आंदोलन के रूप में चलाया, लेकिन स्वतंत्रता के बाद वह नेहरू-गांधी परिवार की निजी संपत्ति मात्र बनकर रह गई। उसने समय के साथ खुद को देश के प्रथम-परिवार के रूप में स्थापित कर लिया। नेहरू-गांधी परिवार को स्थापित करने की होड़ में कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई पटेल, डा. बीआर आंबेडकर और लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेताओं को भी भुला दिया। पार्टी की कमान हमेशा नेहरू-गांधी परिवार के सदस्यों के बीच ही घूमती रहे। जब कभी पार्टी के किसी भी क्षेत्रीय नेता का कद यदि प्रथम-परिवार के सदस्यों से ऊंचा होने लगा तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। पार्टी कार्यकताओं में यह भ्रम पैदा कर दिया गया कि प्रथम-परिवार के सदस्य ही कांग्रेस को एक साथ बांध कर रख सकते हैं। दुर्भाग्य से क्षेत्रीय क्षत्रपों ने भी कांग्रेस की इस नीति का अनुसरण किया। जम्मू-कश्मीर में मुफ्ती और अब्दुल्ला परिवार राज्य के प्रथम-परिवार बन गए। उत्तर प्रदेश और बिहार में मुलायम और लालू यादव परिवार प्रथम-परिवार बन गए। इसी तरह कर्नाटक में देवगौड़ा परिवार, महाराष्ट्र में ठाकरे एवं पवार परिवार, तमिलनाडु में करुणानिधि परिवार, तेलंगाना में केसीआर परिवार, आंध्र में नायडू एवं वाइएसआर परिवार ने अपनी-अपनी पार्टियों को पारिवारिक कंपनियों में बदल दिया। योग्यता पर प्रथम-परिवार को हावी रखने के लिए कांग्रेस को और कई चालें चलनी पड़ीं। पार्टी के प्रति प्रतिबद्ध नौकरशाही एवं न्यायपालिका, मैत्रीपूर्ण मीडिया, जातिगत राजनीति और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के माध्यम से चुनाव जीतने जैसे हथकंडे कांग्रेस के राजनीतिक व्याकरण का हिस्सा बन गए। निरंतर हार के बाद भी नेहरू-गांधी परिवार पार्टी के शीर्ष पर बना रहा। हद तो तब हो गई जब 2017 में राहुल गांधी ने वैश्विक स्तर पर वंशवाद की राजनीति का खुलकर बचाव किया। उन्होंने कहा कि पूरा भारत राजवंशों पर चलता है और इसमें कोई हर्ज नहीं है।

हालांकि किसी के लिए माता-पिता के व्यवसाय का अनुसरण करना स्वाभाविक है। किसी महान क्रिकेटर के बेटे का घर के माहौल से क्रिकेट सीखना स्वाभाविक है। किसी दिग्गज अभिनेता के बेटे का फिल्मों में आना भी स्वाभाविक है। समस्या तब शुरू होती है जब क्रिकेटर का बेटा प्रतिभावान न होने पर भी दशकों तक टीम का कप्तान बना रहे या फिल्म स्टार के बेटे को कई फ्लाप फिल्में देने के बाद भी बड़े बैनरों की फिल्मों में काम मिलता रहे। कुछ इसी तरह राहुल गांधी, अखिलेश यादव, एचडी कुमारस्वामी जैसे नेता कई विफलताओं के बाद भी अपनी-अपनी पार्टियों को पारिवारिक कंपनियों के रूप में चला रहे हैं। इन परिवार आधारित-संचालित पार्टियों में जमीनी स्तर का कार्यकर्ता पार्टी का मुखिया बनने का सपना तक भी नहीं देख सकता है।

भाजपा का चरित्र कुछ अलग नजर आता है। वह अपने नेताओं की ह्ययोग्यता के आधार पर पदोन्नतिह्न देती है। यही भाजपा की सफलता का आधार है। पिछले दो दशकों में भाजपा के नेतृत्व पर एक नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है। जेपी नड्डा का अमित शाह से कोई पारिवारिक संबंध नहीं है। अमित शाह का राजनाथ सिंह से कोई संबंध नहीं है। राजनाथ सिंह का नितिन गडकरी या वेंकैया नायडू का लालकृष्ण आडवाणी से कोई संबंध नहीं है। वे सभी विभिन्न जातियों और देश के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। इन सभी में केवल एक चीज समान है-और वह है योग्यता और परिश्रम। इसके विपरीत प्रथम-परिवारों के नेताओं के जीवन से परिश्रम और योग्यता दूर हैं। वे अपने परिवार के नाम के सहारे ही संसद या विधानसभा में हैं। नतीजतन 17वीं लोकसभा में राहुल गांधी की उपस्थिति 56 प्रतिशत, अखिलेश यादव की 33 प्रतिशत और अभिषेक बनर्जी की 13 प्रतिशत है। जबकि मोदी के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करती है कि भले ही कोई किसी राजनीतिक परिवार से जुड़ा हो, लेकिन वह प्रदर्शन से समझौता नहीं करे। इस वजह से 17वीं लोकसभा में प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की उपस्थिति 93 प्रतिशत और पूनम महाजन की उपस्थिति 83 प्रतिशत रही है। वर्ष 2014 में पीएम मोदी के सत्ता में आने के साथ देश से वंशवाद की राजनीति का सूरज अस्त होना प्रारंभ हो गया है। मोदी के कुशल नेतृत्व, भ्रष्टाचार रहित और जन-केंद्रित शासन ने जाति और तुष्टीकरण की राजनीति पर जीत हासिल करनी शुरू कर दी है। वंशवाद की राजनीति का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कई राजनीतिक और शासन संबंधी प्रयोग भी किए हैं। भ्रष्टाचार रोकने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को जनधन-आधार-मोबाइल से जोड़ा। इस तरह उन्होंने एक नया लाभार्थी वोट बैंक बनाया।

## चीन पर कभी यकीन नहीं किया जा सकता

भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है किंतु चीन की बात पर आंख मूंदकर यकीन नहीं किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उस पर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी। भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत 12 सितम्बर को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है ।

ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। बॉर्डर पर आए गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठकें किए जाने का एक मैकेनिज्म तैयार किया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर 12 सितम्बर को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवन घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया। जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है।



# आ गया सम्राट चौधरी का एक और बड़ा फरमान, सूद पर पैसा देने वाले हो जाएं सावधान नहीं तो..

**एजेंसी**

**पटना:** बिहार में सूदखोरी पर लगाम कसने की बड़ी तैयारी की गई है. गरीबों का शोषण कर सूद वसूलने वालों पर इस फरमान के बाद हड़कंप मचा है. बिहार के डिप्टी सीएम और गृह विभाग संभाल रहे सम्राट चौधरी ने इसको लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं.

**सम्राट चौधरी का नया फरमान:** सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में चल रहे गुंडा बैंक के अवैध कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा. सूद पर पैसा देकर मनमाना ब्याज वसूलने और लोगों को जमीन गिरवी रखने के लिए मजबूर करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी. इस अवैध व्यवस्था को बंद करना सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता है.



**अक से होगी निगरानी:** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अब आरबीआई (RBI) द्वारा अधिकृत बैंक ही चलेंगे. गुंडा बैंक की कोई जगह नहीं है. इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अक आधारित कैमरे लगाने की भी बात कही है. दरअसल गरीबों को पैसा देकर इंटरेस्ट वसूलने वाले गिरोह सक्रिय हैं और उनका इंटरेस्ट रेट बहुत ज्यादा हुआ करता है. इस व्यवस्था को सम्राट चौधरी खत्म करना चाहते हैं. बिहार की सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने के लिए बड़े पैमाने पर अक आधारित कैमरे लगाए जाएंगे. बिहार सभी जेलों में 10 हजार से अधिक कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं. रेलवे जंक्शनों, शहरों, चौक-चौराहों और शहरों और पंचायत क्षेत्रों के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर अनिवार्य रूप से कैमरे स्थापित किए जाएंगे.- सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम व गृह मंत्री, बिहार

**'15 साल में 7.50 लाख दी गई नौकरी':** पटना के सरदार पटेल भवन में आशु सहायक अवर निरीक्षक को नियुक्ति पत्र बांटने के बाद अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2005 से सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया निरंतर पारदर्शी तरीके से चल रही है. 2005 से 2020 तक 7.50 लाख से अधिक नियुक्तियां हुई हैं.पिछले पांच वर्षों में 11.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है. कहा कि वे निष्ठा, लगन और ईमानदारी से नागरिकों की सेवा करेंअपराधियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल: सम्राट चौधरी ने बताया कि वर्तमान में बिहार पुलिस के सभी पदों की स्वीकृत संख्या 2,29,651 है. इस वर्ष 21,391 सिपाहियों की नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है. 19,838 सिपाही पदों के लिए लिखित परीक्षा हो चुकी है, शारीरिक परीक्षा इसी महीने शुरू होगी और चयन मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा.

**राज होगा खत्म':** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन को और मजबूती से लागू किया जाएगा. टेक्नोलॉजी आधारित कानून व्यवस्था को जमीन पर उतारना सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने निर्देश दिया कि जिलों के सभी एसपी नियमित रूप से थानों में जनता दरबार लगाएं और जघन्य मामलों का स्पीडी ट्रायल सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि बिहार में किसी भी स्तर के माफिया को बख्शा नहीं जाएगा और उसका खात्मा होगा.

# बिहार में भीषण सड़क हादसा, दो दोस्तों सहित तीन की दर्दनाक मौत

**एजेंसी**

**नालंदा :** बिहार के नालंदा में भीषण सड़क हादसे हुए हैं. पावापुरी से तगादा कर घर लौट रहे बाइक सवार दो दोस्त सहित 3 लोगों सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है. घटना दीपनगर और नूरसराय थाना क्षेत्र की है. हादसे की खबर मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया.

**नालंदा में सड़क हादसा :** पहली घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के चकरसलपुर गांव के निकट NH-20 की है. जब बाइक सवार दो युवकों की तेज रफ्तार ट्रक के साथ टक्कर हो गई. जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. दोनों आपस में घनिष्ठ दोस्त बताए जाते हैं.

**दोस्तों की गई जान :** मृतकों की शिनाख्त बिहार थाना क्षेत्र खंदकपर




मोहल्ला निवासी संजय कुमार के 21 वर्षीय पुत्र शानू कुमार और लहेरी थाना क्षेत्र निवासी उदयशंकर प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र प्रियांशु राज के रूप में हुई है. घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि व्यवसाय के सिलसिले में दोनों दोस्त बाइक से घर की ओर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दिया. जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुटी है.

**मजदूर की हुई मौत :** दूसरी घटना नूरसराय थाना क्षेत्र यमुनापुर गांव के समीप की है. जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दैनिक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है. मृतक की पहचान सिरसिया बिगहा गांव निवासी स्व. नंद यादव के 50 वर्षीय पुत्र दिलीप यादव उर्फ नाटू के तौर पर किया गया है.

**जांच में जुटी पुलिस :** मृतक हर रोज की तरह सुबह भी साइकिल से मजदूरी के लिए बिहारशरीफ आ रहा था. तभी यह हादसा हो हो गया. घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे. शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल बिहारशरीफ से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया. साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है

# आंख में तेजाब डाला, निजी अंग काटा.. दूसरे का हाथ अलग किया.. बिहार के सारण में 2 नृशंस हत्या

**एजेंसी**

**सारण:** बिहार के सारण जिले से 24 घंटे में हत्या की दो ऐसी वारदात सामने आई है, जिसे सुनने वालों की भी रूह कांप जाए. पहली घटना जिले के मांझी थाना से सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति के निजी अंग को काटा गया, फिर उसी आंख में तेजाब दिया. दूसरी घटना में रिवीलगंज थाना क्षेत्र की है, जिसमें युवक का बायां हाथ काटा गया है.



24 घंटे.. दो वारदात, नृशंस हत्या : सारण जिले में एक दिन में हुई दो हत्याओं से दहशत का माहौल बना हुआ है. पहली घटना सारण जिले की है. मांझी नगर पंचायत के दक्षिण टोला में एक घर से बुजुर्ग का शव मिला. शख्स की पहचान सूरज प्रसाद (55 वर्ष) के रूप में की गई. पुलिस के मुताबिक, सूरज प्रसाद के आंख में तेजाब डाला गया, आंख फोड़ी गई, फिर चाकू से गोदकर हत्या की गई. शव घर के बिस्तर के नीचे पड़ा हुआ था.

**एक की आंख फोड़ीं, निजी अंग काटा :** बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के कारण घर के सभी लोग छपरा शहर में किराए के मकान में रहते हैं, जबकि वह अकेले गांव स्थित घर पर रहता था. जहां उसकी हत्या की गई है. मृतक के पुत्र रितेश कुमार ने बताया कि "वह 15 सालों से घर पर रहकर ही खेती किसानी करते थे. हत्या क्यों की गई है, इसके विषय में उन्हें अभी तक कोई जानकारी नहीं है."

**55 साल के बुजुर्ग का हत्यारा कौन? :** सूचना के बाद एकमा सीडीपीओ एवं थाना अध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम को बुलाया गया. जिसके बाद घटनास्थल से सैंपल जमा किया गया और जांच के लिए भेजा गया है. पुलिस हत्या के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.

**दूसरे का हाल अलग किया, फिर गला काटा :** सारण जिले से दूसरी वारदात रिवीलगंज थाना क्षेत्र के जखुआ गांव से आई है. यहां रोहित कुमार (25 वर्ष) का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिला. ग्रामीणों के मुताबिक, युवक का बायां हाथ काटा गया, फिर उसकी गले रेतकर हत्या कर दी गई. सुबह जब स्थानीय लोगों ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी.

**बहन की शादी थी, गुजरात से आया था :** जखुआ गांव के लोगों ने बताया कि युवक गुजरात में रहकर वेल्डिंग का काम करता था. बहन की शादी में शामिल होने अपने घर छपरा आया था. 10 तारीख को उसकी वापसी का टिकट था. लेकिन उससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई.

**फोन की घंटी बजी और वो चला गया :** घटना के संबंध में रोहित कुमार की पत्नी ने बताया कि "देर रात उसके फोन पर एक कॉल आया, बात करते-करते वो घर से बाहर चला गया, जिसके बाद वो वापस नहीं लौटा."

**रोहित को किसने मारा?**, हत्यारे को ढूंढ रही पुलिस : घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है. मोबाइल फोन को भी अपने कब्जे में ले लिया है. सारण एसएसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि "घटना की जांच शुरू कर दी गई है, पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है."

# बिहार में बड़ा एक्शन, चार पुलिस अधिकारियों को किया गया निलंबित

**एजेंसी**

**भागलपुर :** बिहार में लगातार एक्शन देखने को मिल रहा है. इसी क्रम में भागलपुर रेंज के आईजी ने लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेते हुए भागलपुर और बांका के चार पुलिस अधिकारी पर आईजी ने ये कार्रवाई की है.

**बांका और भागलपुर में कार्रवाई :** आईजी ने भागलपुर के एक और बांका के तीन अफसरों को निलंबित कर दिया है. रेंज आईजी विवेक कुमार ने केसों और क्रियाकलाप की समीक्षा के क्रम में पाया कि भागलपुर शहर के विश्वविद्यालय थानाध्यक्ष बलवीर विलक्षण ने बिना वजह एक दर्जन केसों को लंबित रखा और मुख्यालय के आदेश की अनदेखी कर मालखाना का प्रभार नहीं लिया. जिस कारण बलवीर विलक्षण को निलंबित कर दिया.

**कई मामलों में बरती गई लापरवाही :** रेंज आईजी विवेक कुमार ने समीक्षा में पाया कि,



"मालखाना का प्रभार पूर्व थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी ने नहीं दिया. साथ ही बलवीर विलक्षण ने भी कोई खास सूची नहीं ली. वहीं अज्ञात शव की पहचान करने में भी रुचि नहीं दिखाई और ना ही कई आरोपितों का सत्यापन करने का ही प्रयास किया."

\'**अपहरण को भी गंभीरता से नहीं लिया'** : आईजी विवेक कुमार ने समीक्षा के क्रम में पाया कि, एक केस में ओडिशा और उत्तर प्रदेश के दो आरोपितों का सत्यापन करने की जरूरत नहीं समझी. साथ ही केसों में आरोपितों की गिरफ्तारी का भी प्रयास नहीं किया. एक अपहरण के मामले में पाया कि मामला दर्ज होने के बाद भी थाना अध्यक्ष द्वारा कोई रुचि नहीं दिखायी गयी. यही नहीं अपहृता की बरामदगी को लेकर भी कोई कार्रवाई नहीं की. जिसे रेंज आईजी ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है.

**टाउन थाना के तीन पुलिस वाले सस्पेंड :** इसके अलावा आईजी विवेक कुमार ने समीक्षा के क्रम में पाया कि बांका जिले के टाउन थाने से जुड़े दो केसों के अनुसंधान और पर्यवेक्षण में टाउन थाना के अंचल इंस्पेक्टर देवानंद पासवान, थानाध्यक्ष राकेश कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक बृजेश कुमार ने घोर लापरवाही बरती है. जिस वजह से तीनों को रेंज आईजी ने निलंबित कर दिया है.

**पूरे एक्शन में आईजी विवेक कुमार :** रेंज आईजी ने पाया कि घरेलू विवाद से जुड़े कई केसों में अनुसंधान और पर्यवेक्षण में इन पुलिस पदाधिकारियों ने घोर लापरवाही की है. साथ ही बड़े मामले में बयान लेने के बाद आरोपों से जुड़ी बीएनएस की धाराओं में संशोधन को जरूरी नहीं समझा.बांका एसपी को मामले में जरूरी दिशा-निर्देश दिया है.

# बिहार में पुलिस और अपराधी में मुठभेड़, रंगदारी मांगने वाले कुख्यात अपराधी को लगी गोली

**एजेंसी**

**पटना:** राजधानी पटना में पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ का मामला सामने आया है. जानीपुर थाना क्षेत्र में रंगदारी मांगने और फायरिंग की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. बीते 30 नवंबर 2025 को क्षेत्र के एक शख्स से रंगदारी की मांग की गई थी और विरोध करने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई थी. इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी की निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई.

**आरोपी के पैर में लगी गोली:** पुलिसकर्मियों ने अपनी पहचान बताते हुए हवाई फायरिंग कर चेतावनी दी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लगातार पुलिस पर फायरिंग करता रहा. मजबूरन पुलिस को आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, जिसमें आरोपी के पैर में गोली



लगी है. घायल अपराधी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है.

**देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद:** गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया है. पुलिस का कहना है कि यह गिरोह क्षेत्र में दहशत फैलाने और लोगों से जबरन रंगदारी वसूली की कोशिश कर रहा था. आरोपी बीते कई दिनों से एक बैंक कर्मचारी को लगातार रंगदारी के लिए धमका रहा था.

**पकड़ा गया रंगदारी गैंग का सक्रिय सदस्य:** इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक पटना कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि गुरुवार सुबह धनीपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी के लिए गई थी. इसी दौरान अपराधियों ने अचानक पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें मुख्य आरोपी घायल हो गया. उन्होंने कहा कि पुलिस टीम की तत्परता से एक बड़ी वारदात टल गई और रंगदारी गैंग का एक सक्रिय सदस्य पकड़ा गया.

**पुलिस टीम की आम लोगों से अपील:** एसएसपी ने यह भी बताया कि अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं और जल्द ही पूरे गैंग का भंडाफोड़ किया जाएगा. कि किसी भी तरह की धमकी या रंगदारी की सूचना तुरंत थाने को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके.

# 9 डिग्री टेंपरेचर.. ऑपरेशन के बाद खुले बरामदे में रातभर छटपटाती रहीं महिलाएं, सोता रहा सिस्टम

**एजेंसी**

**दरभंगा:** सदर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरभंगा में बंध्याकरण कराने आई किरण ने कहा कि ₹ऑपरेशन के बाद कोई सुविधा नहीं दी गई. खुले बरामदे में कड़ाके की ठंड के बीच यूंही छोड़ दिया गया है. पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं है. मच्छरों के बीच में रात गुजारनी पड़ रही है.

**कड़ाके की ठंड में दर्द से कहराती महिलाएं:** ऐसे हालत से सिर्फ किरण को ही नहीं बल्कि 22 महिलाओं को गुजरना पड़ा है. ललिता देवी अपनी बेटी को लेकर ऑपरेशन कराने आई थीं. उन्होंने बताया कि ₹बेटी को लेकर आए थे. ऑपरेशन के बाद न तो कंबल दिया गया और न ही मच्छरदानी ही दिया गया है. घर से लाकर कंबल ओढ़ना पड़ रहा है. कचरे के पास ही चादर बिछाकर जमीन पर सोना पड़ रहा है.

**स्वास्थ्य व्यवस्था की खुली पोल :** दरअसल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के




तहत कुल 22 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया, लेकिन ऑपरेशन के बाद उन्हें न वार्ड उपलब्ध कराया गया, न ही बेड, न कंबल और न ही गर्म कपड़ा. कड़ाके की ठंड में महिलाओं को खुले बरामदे और अस्पताल के फर्श पर सिर्फ गदा बिछाकर सुला दिया गया.

**परिजनों ने क्या कहा?:** परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन होने के बाद महिलाओं को विशेष देखभाल, साफ कमरा, गर्म माहौल और मच्छरदानी जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए. स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार यह अनिवार्य है, लेकिन यहां मच्छरदानी तक उपलब्ध नहीं कराई गई. महिलाएं पूरी रात ठंड और दर्द से कराहती रहीं और परिजन मजबूर होकर वही दृश्य देखते रहे. अस्पताल में चाय-पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं दी गई.

**परिवार नियोजन कार्यक्रम ऐसे होगा सफल?:** परिजनों ने कहा कि सरकार परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाना चाहती है, लेकिन अगर महिलाओं को सम्मानजनक माहौल और बुनियादी सुविधा ही नहीं मिलेगी, तो कोई भी परिवार ऑपरेशन कराने से घबराएगा. अस्पताल प्रशासन की इस उदासीनता और लापरवाही को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है. स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि क्या महिलाएं सिर्फ आंकड़ा पूरा करने का माध्यम भर हैं?

**दरभंगा में कड़ाके की ठंड:** पूरे बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. दरभंगा में बुधवार की रात न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया. इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में महिलाओं को खुले बरामदे में रात गुजारनी पड़ी. इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था के तमाम दावों की पोल खोलकर रख दी है.

# बिहार में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व डीआईजी शिवेंद्र प्रियदर्शी की 1.5 करोड़ की संपत्ति जब्त

**बिहार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भ्रष्टाचार मामले और मनी लॉन्ड्रिंग में बिहार में बड़ी कार्रवाई की है. एजेंसी ने पूर्व डीआईजी शिवेंद्र प्रियदर्शी की लगभग 1.52 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है. इनमें पटना में दो फ्लैट्स के अलावा बैंक बैलेंस, सोने और चांदी के गहने, एफडी, केवीपी व एनएससी और म्यूचुअल फंड में निवेश शामिल हैं. पूर्व डीआईजी शिवेंद्र प्रियदर्शी पर पद का दुरुपयोग कर अपने व अपनी पत्नी के नाम पर करोड़ों की अवैध संपत्ति बनाने का आरोप है. बता दें कि विशेष निगरानी इकाई ने फरवरी 2017 में इस मामले की जांच शुरू की थी. इसके बाद मई 2017 में एफआईआर दर्ज की गई. फिर बाद में चार्जशीट भी दाखिल की गई, जिसके आधार पर ईडी ने अपनी जांच आगे बढ़ाई. गुना अधिक संपत्ति जमा कर ली.ईडी के अनुसार, कुछ रकम सीधे परिवार के बैंक खातों में जमा की गई. जबकि कुछ पैसे रिश्तेदारों के जरिए घुमाकर भेजा गया और कई आय को गिफ्ट के तौर पर दिखाया गया.

# पटना हाईकोर्ट ने 28 साल पुराने केस में एसएचओ व आईओ को किया तलब

**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर में पुलिस की गंभीर लापरवाही सामने आई है. जिले के साहेबगंज थाने में 28 साल पुराने डकैती के मामले और आर्म्स एक्ट के आरोपित के खिलाफ जारी कुर्की आदेश 18 वर्षों तक थाने में दबा रहा. वर्ष 2007 में जारी हुए इस आदेश का अब तक पालन नहीं किया गया.पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर थाना के बनुआरामनी दिलावरपुर के निवासी 72 वर्षीय उमाशंकर सिंह, जो 1997 से फरार बताए गए. उनके खिलाफ हाल ही में कार्रवाई शुरू की गई तो उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया. याचिका में उमाशंकर सिंह ने दावा किया है कि उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है.हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए 12 दिसंबर को साहेबगंज के थानेदार और केस के आईओ को पूरे केस रिकॉर्ड के साथ पेश होने का आदेश दिया है. कोर्ट ने एसएसपी को आदेश की प्रति भेजकर थानेदार और आईओ को हाईकोर्ट में उपस्थित कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि पुलिस यह स्पष्ट कर सके कि




इतने वर्षों तक वारंट और कुर्की आदेश थाने में क्यों दबा रहा.बता दें कि साहेबगंज के तत्कालीन थानेदार को 9 अगस्त 1997 को स्थानीय चौकीदार शत्रुघ्न राय और रमेश महतो ने जानकारी दी कि गोपाल तिवारी नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ नयाटोला दोस्तपुर में डकैती की योजना बना रहा है. सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची.छापेमारी के दौरान रामबाबू सिंह उर्फ विजय सिंह को लोडेड राइफल के साथ पकड़ा गया, जबकि अन्य साथी फरार हो गए. पूछताछ में रामबाबू ने भागे हुए साथी के रूप में केसरिया के उमा सिंह का नाम बताया, जिस पर उन्हें केस में नामजद आरोपित बनाया गया.फरार रहने के कारण पुलिस ने कोर्ट में अर्जी देकर उमा सिंह के खिलाफ पहले वारंट लिया. इसके बाद इश्तेहार व 2007 में कुर्की आदेश जारी कराया गया. तब से यह केस ऐसे ही पड़ा रहा.

## संक्षिप्त खबर

### 2017 रिफंड विवाद में एयरलाइंस चेयरमैन और एमडी पर गैर जमानती वारंट



**सिवान:** बिहार के सिवान जिले से बड़ी खबर आई है. जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने स्पाइसजेट लिमिटेड के चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है. यह मामला 2017 में बुक टिकट के रिफंड में कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है. सिवान शहर के नई बस्ती मोहल्ले के अधिवक्ता राजीव रंजन ने अगस्त 2017 में स्पाइसजेट की वेबसाइट से दो टिकट ऑनलाइन बुक किया था. पहला टिकट 4 सितंबर 2017 को दिल्ली से मुंबई और दूसरा 8 सितंबर 2017 को रिटर्न का था. अचानक कार्यक्रम बदलने के कारण उन्होंने दोनों टिकट कैंसिल कर दिए. टिकट की कुल कीमत 20,904 रुपये थी, लेकिन स्पाइसजेट ने कैंसिलेशन के बाद मात्र 2,264 रुपये ही उपभोक्ता के खाते में वापस किए. शेष राशि लौटाने से लगातार इनकार किया गया. राजीव रंजन ने कंपनी के कई अधिकारियों और कस्टमर केयर से संपर्क किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला. बार-बार अनसुनी होने के बाद राजीव रंजन ने सिवान जिला उपभोक्ता फोरम में मुकदमा दायर किया. मामला 2017 से चल रहा था, लेकिन कोविड और अन्य कारणों से 2022 तक सुनवाई प्रभावित रही. आठ साल की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद आखिरकार फोरम ने अपना फैसला सुनाया.45,570 रुपये जमा करने का आदेश फोरम के अध्यक्ष जयराम प्रसाद और सदस्य मनमोहन कुमार की बेंच ने गहन जांच-पड़ताल के बाद स्पाइसजेट के चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर 45,570 रुपये जमा करने का आदेश दिया. इसमें मूल राशि के साथ 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज, मानसिक प्रताड़ना और मुकदमा खर्च शामिल है. आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि चेयरमैन एक महीने के अंदर कोर्ट में हाजिर नहीं होते और राशि जमा नहीं करते, तो आयोग को अधिकार है कि सिवान एसपी के माध्यम से गुरुग्राम से उन्हें गिरफ्तार करवाकर पेश किया जाए. इसके लिए गैर-जमानती वारंट पहले ही जारी हो चुका है. मिला पूरा न्याय: मामले के शिकायतकर्ता राजीव रंजन ने कहा, कंपनी ने हमारे साथ धोखाधड़ी की थी. कर्मचारी कोई जवाब नहीं दे रहे थे. उपभोक्ता फोरम ने पूरी तरह न्याय किया है. यह आम उपभोक्ता के लिए बड़ी जीत है कि इतनी बड़ी एयरलाइन के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है.

### बिहार में बदमाशों ने मुखिया पति को मारी गोली, गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर



**नालंदा:** नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेरो पंचायत की मुखिया के पति एवं रिटायर्ड आर्मी जवान दीनानाथ प्रसाद पर देर रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी. हमला उस समय हुआ जब वे देर शाम घर लौट रहे थे. गोली दीनानाथ प्रसाद की दाहिनी जांघ में लगी है. घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें सरमेरा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. उनकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है. सूचना मिलते ही एएसपी (ऑपरेशन) नूरुल हक, सरमेरा थानाध्यक्ष सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा. एफएसएल टीम व डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की है. पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है. प्रथम दृष्टया आगामी पंचायत चुनाव को लेकर पुरानी रंजिश या राजनीतिक दुश्मनी को मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है. घायल दीनानाथ प्रसाद और उनके परिवार ने न तो पुलिस को कोई बयान दिया है और न ही मीडिया से बात की है. इससे जांच में कुछ उलझनें बनी हुई हैं.घटना के बाद नालंदा जिला मुखिया संघ में भारी रोष है. हुसैना पंचायत मुखिया सिंटू कुमार ने कहा, ह्लअगले साल चुनाव हैं, जनप्रतिनिधियों पर हमले बढ़ रहे हैं. हम सभी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.ह्व संघ ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और पंचायत प्रतिनिधियों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है.सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस एएसपी नूरुल हक ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए इलाके के सभी सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं. तकनीकी जांच और गुप्त सूत्रों के आधार पर दबिशें दी जा रही हैं. जल्द ही अपराधियों तक पहुंचने का दावा पुलिस ने किया है.

### बेगूसराय में कपड़ा व्यवसायी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**बेगूसराय :** बिहार में अपराधियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है. ताजा मामला बेगूसराय के वीरपुर की है, जहां गुरुवार की सुबह अपराधियों ने कपड़ा व्यवसायी मोहम्मद शहजाद की गोली मारकर हत्या कर दी. गुरूवार की सुबह शहजाद दुकान जाने के लिए निकले थे तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन्हें रोका और फायरिंग कर दी. जिससे उसे बचने का मौका नहीं मिला. और उसने मौके पर दम तोड़ दिया. वारदात के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए. गोली की आवाज सुनते ही लोग वहां पहुंचे मगर काफी देर हो चुकी थी. बेगूसराय में 24 घंटे में यह दूसरी घटना है. कल (बुधवार) को बेगूसराय में छौड़ाही थाना क्षेत्र के पीरनगर वार्ड नंबर-10 में जदयू नेता निलेश कुमार की हत्या कर दी गई थी. उसके बाद आज व्यवसायी की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है. घरवालों को जैसे ही पता चला वो घटनास्थल पर पहुंच गए और परिजनों में कोहराम मच गया. घटना की सूचना मिलते ही वीरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. पुलिस मामले में कई ऐंगल से जांच कर रही है.अभी प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है. पुलिस आसपास मे लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में लगी हुई है जिससे अपराधियों को कोई सुराग मिल सके. फिलहाल वीरपुर थाना पुलिस और जिला पुलिस की संयुक्त टीम छापेमारी कर रही है. हत्यारों का सुराग जुटाने के लिए तकनीकी टीम भी सक्रिय की गई है. पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा और आरोपियों को कानून के हवाले किया जाएगा. लोगों का कहना है कि शहजाद मिलनसार व्यक्ति थे. वह वीरपुर बाजार में कई वर्षों से कपड़े की दुकान चला रहे थे. इस वारदात से व्यवसायी और ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है.

# किआ ने पेश किया लोकप्रिय एसयूवी सेल्टोस का नया अवतार

**कंपनी ने छह साल पहले इस कार के साथ एंट्री की थी**

हैदराबाद

दक्षिण कोरिया कार निर्माता कंपनी किआ ने तकरीबन 6 साल पहले भारतीय बाजार में जिस कार के साथ एंट्री की थी, आज कंपनी ने इसके सेकेंड जेनरेशन मॉडल को लांच किया है। कंपनी ने हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट के दौरान अपनी इस मशहूर एसयूवी के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल का ग्लोबल डेब्यू किया है। कंपनी का दावा है कि, नई किआ सेल्टॉस ख़ास तौर पर भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखकर डेवलप की गई है।

- कीमतों का ऐलान 2 जनवरी 2026 को किया जाएगा

*24 स्टैंडर्ड सेफ्टी पैक : नई किआ सेल्टॉस में कंपनी 24 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स दे रही है। जिसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, हिल-स्टार्ट असिस्ट कंट्रोल, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, रोल-ओवर सेंसर्स, सभी पहियों में डिस्क ब्रेक्स, रियर ऑक्यूपेंट अलर्ट जैसे फीचर्स शामिल हैं।*

### इंजन ऑप्शन

नई किआ सेल्टॉस को कंपनी ने कुल 3 इंजन ऑप्शन में पेश किया है। जिसमें दो पेट्रोल और एक डीजल इंजन का विकल्प मिलेगा। इसमें 1.5 लीटर स्मार्टस्ट्रीम पेट्रोल इंजन (115 पीएस पावर और 144 एनम टॉर्क), 1.5 लीटर टीजीडीआई इंजन (160 पीएस पावर और 253 एनम टॉर्क) और 1.5 लीटर वीजीटी डीजल इंजन (116 पीएस पावर और 220 एनम टॉर्क) दिया गया है।



### कीमत, बुकिंग और डिलीवरी

किआ इंडिया ने नई सेल्टॉस की कीमतों का ऐलान अभी नहीं किया है। किआ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) अतुल सूद ने लांच के दौरान कहा 'नई किआ सेल्टॉस की बुकिंग 11 दिसंबर की मध्यरात्री से शुरु हो जाएंगी। इच्छुक ग्राहक इसे 25,000 रुपए के टोकन अमाउंट के साथ बुक कर सकते हैं। इस एसयूवी की कीमतों का ऐलान आगामी 2 जनवरी 2026 को होगा और महीने के दूसरे सप्ताह के बाद कार की डिलीवरी भी शुरू कर दी जाएगी।'

### किआ सेल्टान का एक्सटीरियर

*नई किआ सेल्टॉस को लेकर कंपनी का दावा है कि, ये पहले से कहीं ज्यादा बड़ी, बोल्ड और स्पेसियश है। इसके लुक और डिजाइन को पिछले मॉडल के मुकाबले ज्यादा मॉडर्न बनाया गया है। इसके फ्रंट में डिजिटल टाइगर फेस, ब्लैक हाई ग्लॉसी ग्रिल, डायनमिक वेलकम फंक्शन के साथ आइस क्यूब एलईडी प्रोजेक्शन हेडलैंप, स्टारमैप एलईडी डे-टाइम-रनिंग लाइट्स और कनेक्टेड टेललैंप दिए गए हैं। इसके अलावा नए डिजाइन का अलॉय व्हील इसके साइड प्रोफाइल को बेहतर बनाता है।*

## खबर संक्षेप

### एयरपे को सीमापार भुगतान 'एग्रीगेटर' की मंजूरी मिली

**मुंबई।** एयरपे पेमेंट सर्विसेज को सीमापार भुगतान 'एग्रीगेटर' के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिल गई है। ऑनलाइन, भौतिक एवं सीमापार श्रेणियों में भुगतान 'एग्रीगेटर' के रूप में काम करने का लाइसेंस मिल गया है। यह उपलब्धि एयरपे को घरेलू एसएमई के लिए एक पूर्ण भुगतान रूप में स्थापित करती है।

### विद्या वायर्स का निर्गम 12 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** विद्या वायर्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 52 के मुकबाले 12 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य 52 रुपये से 0.25 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 52.13 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। हालांकि, बाद में शेयर में उछाल आया और यह 12.46 प्रतिशत चढ़कर 58.48 रुपये पर पहुंच गया।

### रुपया नौ पैसे टूटकर 89.96 डॉलर पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच रुपया बुधवार को नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।
विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि निवेशक निर्णायक रुख अपनाने से पहले अमेरिकी फेडरल रिजर्व से स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव एफओएफ लांच

**मुंबई।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फंड ऑफ फंड (एफओएफ) लांच करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स स्कीम है, जो गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स की यूनिट्स में निवेश करेगी। नया फंड ऑफर 10 दिसंबरसे सब्सक्रिप्शन के लिए खुला और 22 दिसंबर 2025 को बंद होगा। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने कहाकि सोना और चांदी ऐतिहासिक रूप से मुद्रास्फीति और मुद्रा अस्थिरता के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा प्रदान करते रहे हैं।

### एक्सिस ने की एबीसी स्कोरकार्ड लांच की घोषणा

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने एबीसी स्कोरकार्ड लांच करने की घोषणा की। यह एडवांस्ड एप्लीकेशन, बिहेवियर और कलेक्शन स्कोरकार्ड का एक सेट है, जो डेटा आधारित इनसाइट और ऑटोमेशन के माध्यम से क्रेडिट जोखिम आकलन और पोर्टफोलियो प्रबंधन को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया है। एबीसी स्कोरकार्ड एक्सिस फाइनेंस को जोखिम का निष्पक्ष मूल्यांकन करने, बेहतर बनाने और पोर्टफोलियो की सेहत को मजबूत करने में सक्षम बनाएंगे।

### बोधि ट्री को हुई 42.81 करोड़ रुपए की आय

**मुंबई।** बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी कर दिए हैं। पहली छमाही में कंपनी को 42.81 करोड़ रुपए की कुल आय हुई, कंपनी का एबिटडा 6.47 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 3.53 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। वहीं वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 24.40 करोड़ रुपए दर्ज हुई। जबकि एबिटडा 4.91 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 3.05 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

## अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी 2030 तक अपने कारोबार में करेगी निवेश

# अमेजन भारत में करेगी 35 अरब डॉलर का निवेश, मिलेगी 10 लाख नौकरियों की सौगात

नई दिल्ली

अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब अमेरिकी डॉलर का भारी निवेश करने की योजना की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का मकसद कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना है।

अमेजन ने यह घोषणा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिज्ञा जताने के एक दिन की है। इससे पहले गूगल ने अगले पांच वर्षों में एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

### लॉजिस्टिक्स जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा

अमेजन ने कहा कि 2030 तक कृत्रिम मेधा और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में उसके निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 लाख नौकरियां उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन..वॉलमार्ट समर्थित फ्लिपकार्ट के साथ-साथ अरबपति मुकेश अंबानी की घरेलू कंपनियों और इटर्नल लिमिटेड की ब्लिंक्ट, स्विगी लिमिटेड की इंस्टामार्ट एवं जेप्टो जैसी तुरंत 'डिलीवरी' करने वाली कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए निवेश बढ़ा रही है।

- एआई संचालित डिजिटलीकरण और रोजगार सृजन पर करेगी ध्यान केंद्रित
- निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 लाख नौकरियां उत्पन्न करने में मिलेगी मदद
- माइक्रोसॉफ्ट भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड में करेगी निवेश




### अमेजन भारत में सबसे बड़ा निवेशक

अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने अब तक भारत में 40 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों से संकलित 'कीस्टोन' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह भारत में सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अमेजन ने मई 2023 में तेलंगाना और महाराष्ट्र में अपने स्थानीय क्लाउड एवं एआई बुनियादी ढांचे में 2030 तक भारत में 12.7 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की।

### रोजगार सृजन पर ध्यान होगा केंद्रित

कंपनी ने कहा कि यह निवेश ''रणनीतिक रूप से भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है और एआई क्षमताओं के विस्तार, लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, छोटे व्यवसायों के विकास का समर्थन करने तथा रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### संभव शिखर सम्मेलन में घोषणा

उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने 'अमेजन संभव शिखर सम्मेलन' के दौरान कहा, '' लाखों भारतीयों के लिए एआई तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हुए हम भारत की वृद्धि के लिए उत्प्रेरक बने रहने को लेकर उत्साहित हैं।''

### कंपनी का भारत से निर्यात 80 अरब डॉलर करने का लक्ष्य

अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने भारत से निर्यात को चौगुना कर 80 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है जो अभी करीब 20 अरब डॉलर है। साथ ही 2030 तक अतिरिक्त 10 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा है। अग्रवाल ने कहा, ''अमेजन ने 2010 से अब तक भारत में 40 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। अब हम 2030 तक भारत में अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब अमेरिकी डॉलर का और निवेश करेंगे।''

### अमेजन भारत में 3.7 अरब डॉलर का कर चुकी निवेश

*कंपनी 2016 और 2022 के बीच भारत में पहले ही 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश कर चुकी है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है जिसमें पूर्ति केंद्र, परिवहन नेटवर्क, डेटा केंद्र, डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचा एवं प्रौद्योगिकी विकास शामिल हैं।*

### कंपनी ने 2024 में 28 लाख नौकरियां की है सृजित

*'कीस्टोन' रिपोर्ट के अनुसार अमेजन ने 1.2 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है और 20 अरब अमेरिकी डॉलर के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाया है जबकि 2024 में भारत में विभिन्न उद्योगों में लगभग 28 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की हैं।*

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट सेंसेक्स 275 अंक टूटा

मुंबई



- निजी बैंकों और आईटी शेयरों में रही बिकवाली
- निफ्टी में आई 82 अंक की गिरावट

टिकाऊ उपभोक्ता, निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक गिरकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। यह 11 नवंबर के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,020.34 के ऊपरी और 84,313.62 के निचले स्तर को छुआ। निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया और सेंसेक्स एवं निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए।

### एयरटेल, इंफोसिस में रही गिरावट

सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे।

### ये शेयर रहे लाभ में

हालांकि टाटा स्टील, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त रही।

## मूंगफली, तिल एवं सरसों तेल का उत्पादन कम, जानकारों ने कहा-बढ़ सकते खाद्य तेलों के रेट

# स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज, जुमेराती और आजाद मार्केट में 500 टन हर रोज हो रही खाने के तेलों की बिक्री

भोपाल

मूंगफली , सरसो और तिल तेल के दाम में तेजी का रूख बना हुआ है और बाजार जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में इन तीनों तेलों के दाम में तेजी के ही संकेत है। क्योंकि मूंगफली, सरसों और तिल्ली तीनों की तिलहनों का उत्पादन कमजोर है जिसकी बदौलत इन तेलों का भविष्य तेजी सूचक का है।

स्थानीय तेल कारोबारी बागमल पवैया और तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि भोपाल के पुराने शहर स्थित थोक तेल जिंस बाजार हनुमानगंज, जुमेराती , आजाद मार्केट में मूंगफली तेल 13 किलो 2260 रुपए, 15 किलो सरसो तेल का 2700 रुपए और 15 किलो वजन में तिल्ली तेल का सौदे 2750 रुपए के भाव पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा किउत्पादन कम होने और खपत अधिक बढ़ने के कारण रेट आने वाले कुछ ही समय में इन तीनों तेलों के दाम में 20 से 30 किलो तक दाम बढ़ सकते हैं।

**मूंगफली तेल 13 किलो 2260 रुपए, 15 किलो सरसों तेल 2700 रुपए और 15 किलो तिल्ली तेल का सौदा 2750 रुपए के भाव पर हुआ**



खाद्य तेल

### खाद्य तेलों की बढ़ती मांग ने घरेलू उत्पादन को पीछे छोड़ दिया

विशेषज्ञों के अनुसार देश में खाद्य तेलों की बढ़ती मांग ने घरेलू उत्पादन को पीछे छोड़ दिया है। भारत में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2004-05 में ग्रामीण क्षेत्रों में 5.76 किलोग्राम, वर्ष और शहरी क्षेत्रों में 7.92 किलोग्राम, वर्ष से बढ़कर 2022-23 में क्रमशः 10.58 किलोग्राम, वर्ष और 11.78 किलोग्राम, वर्ष हो गई है। यह इस अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में 83.68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 48.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बताया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर खाद्य तेल क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण सोयाबीन, पाम और रेपसीड तेलों का उत्पादन और सूरजमुखी के बीज के तेल उत्पादन में मध्यम वृद्धि है। इस वैश्विक परिदृश्य में भारत, अमेरिका, चीन और ब्राजील के बाद चौथा सबसे बड़ा देश है, जो वैश्विक तिलहन क्षेत्र का लगभग 15-20 प्रतिशत, कुल वनस्पति तेल उत्पादन का 6-7 प्रतिशत और वैश्विक खपत का 9-10 प्रतिशत योगदान देता है। हालांकि उपज में भारी अंतर और सीमित क्षेत्र विस्तार ने देश को अपनी बढ़ती खपत के स्तर तक पहुंचने से रोक दिया है।

### सर्दी का सीजन होने के साथ वैवाहिकी मांग से खाद्य तेलों की अच्छी खपत

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार पुराने शहर के थोक जिंस बाजार हनुमानगंज, जुमेराती, आजादमार्केट और जनकपुरी में सभी खाद्य तेलों की 500 टन रोजाना खपत है। उन्होंने बताया कि सर्दी का सीजन होने के साथ वैवाहिकी सीजन होने खाद्य तेलों की मांग अच्छी बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि भारत तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रहा है, खासकर मूंगफली, सरसों और सोयाबीन में, जिससे आयात घट सकता है, लेकिन पिछले कुछ समय से उत्पादन में उतार-चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय कीमतों के कारण तेलों के दाम बढ़े हैं। हालांकि सरकार और उद्योग कीमतों को स्थिर रखने की कोशिश कर रहे हैं।

## डीपी वर्ल्ड ने पावरखेड़ा से शुरू की नई एक्जिम रेल सर्विस

# एक ही जगह मिलेगी वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज और बॉन्डेड लॉजिस्टिक्स का इंटीग्रेशन

भोपाल

डीपी वर्ल्ड ने मध्य प्रदेश स्थित पावरखेड़ा को मुंबई में न्हावा शेवा कंटेनर टर्मिनल से जोड़ने के लिए नई एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट (एक्जिम) रेल सर्विस लांच की है। इससे वैश्विक एवं घरेलू बाजारों तक राज्य की सीधी पहुंच मजबूत होगी।

इस सर्विस को हफ्ते में दो दिन डीपी वर्ल्ड के मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पावरखेड़ा (डीपी वर्ल्ड पावरखेड़ा) से संचालित किया जाएगा। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे लॉजिस्टिक्स की लागत एवं कार्बन उत्सर्जन कम करते हुए कार्गो मूवमेंट को तेज किया जा सके।




मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पावरखेड़ा

### पावरखेड़ा हब ग्राहकों के लिए गेम चेंजर

डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के रेल एवं इनलैंड टर्मिनल्स वाइस प्रेसिडेंट अधेन्दू जैन ने कहाकि हमारा पावरखेड़ा हब ग्राहकों के लिए गेम चेंजर है, विशेषरूप से एग्री-प्रोसेसिंग एवं फूड सेक्टर से जुड़े ग्राहकों के लिए। यहां वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज और बॉन्डेड लॉजिस्टिक्स का बेहतरीन इंटीग्रेशन मिलता है। मल्टीमोडल कनेक्टिविटी से दक्षता के साथ घरेलू एवं एक्जिम कार्गो मूवमेंट सुनिश्चित होता है और ट्रांजिट टाइम में उल्लेखनीय कमी आती है। हम अभी न्हावा शेवा के लिए हफ्ते में दो दिन इस सर्विस का संचालन कर रहे हैं। ग्राहकों की ओर से मजबूत मांग को देखते हुए भविष्य में इस सर्विस को रोजाना किया जा सकता है। यह हब न केवल सप्लाई चेन की दक्षता को बढ़ाने वाला है,

### सीधे ट्रेन से कार्गो की लोडिंग -अनलोडिंग संभव और कंटेनर रिपेयर केंद्र भी

*अधेन्दू जैन ने बतायाकि डीपी वर्ल्ड का पावरखेड़ा, लॉजिस्टिक्स कंपोजिट हब ग्राहकों को स्पेशियस कम्प्लायंट वेयरहाउस, इनलैंड कंटेनर यार्ड और डेडिकेटेड रेल एरिया वाला इकोसिस्टम देता है। इससे सीधे ट्रेन से कार्गो की लोडिंग व अनलोडिंग संभव होती है। यहां कंटेनर रिपेयर केंद्र भी है, कंटेनर्स को चावल एवं गारमेंट कार्गो के लिए उपयुक्त बनाया जाता है। यहां कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं मैन्यूफैक्चरिंग के लिए समर्पित जगह, जल्दी खराब होने वाले उत्पादों, दवाओं एवं कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील कार्गो के लिए टेंपरेचर कंट्रोल्ड मॉड्यूल के साथ आधुनिक कोल्ड स्टोरेज भी है। कुल मिलाकर लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025 के साथ रणनीतिक स्थिति इसे उभरता हुआ ट्रेड एवं मैन्यूफैक्चरिंग पावरहाउस बना रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में जीएसडीपी में यहां के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की 19 प्रतिशत की मजबूत हिस्सेदारी रही थी। नई रेल सर्विस से मंडीदीप, भोपाल, इटारसी, नर्मदापुरम, पिपरिया, रायसेन और सीहोर की इंडस्ट्रियल बेल्ट के उद्योगों के लिए तीन दिन में भारत के सबसे व्यस्त कंटेनर पोर्ट तक पहुंच सुनिश्चित होगी।*

## एफएआई सेमिनार 2025 में इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट होगा केंद्र बिंदु

नई दिल्ली

भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) तीन दिवसीय वार्षिक सेमिनार 2025 नई दिल्ली में आयोजित कर रही है। जिसकी शुरूआत 10 दिसंबर से हुई और यह सेमीनार 12 दिसंबर तक चलेगा। उद्घाटन केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा ने किया।

'हरे भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधन: किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सेमिनार उर्वरक उद्योग के लिए एक वैश्विक मंच होगा, जहां प्रमुख नीतिनिर्माता, वैज्ञानिक और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ एक साथ मिलकर सस्टेनेबल नुट्रिएंट मैनेजमेंट और किसान-केंद्रित विकास के अगले चरण पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा भी शामिल होंगे। इनके साथ ही तकनीकी प्रदाता, पर्यावरण विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और किसान प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चार तकनीकी सत्रों और सोलह प्रस्तुतियों के दौरान भारत और विदेश से आए प्रतिनिधि उर्वरक नीति, पोषक तत्व दक्षता, हरित उत्पादन के नए तरीकों और नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे। एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ, एस. शंकरसुब्रमण्यम ने कहाकि जब भारत खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ा रहा है, ऐसे समय में उर्वरक क्षेत्र एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ा है। एफएआई का वार्षिक सेमिनार संवाद और ज्ञान-साझा करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करता है, ताकि हरित और बेहतर पोषक प्रबंधन की दिशा तय की जा सके। उर्वरक उद्योग संसाधनों का बेहतर उपयोग करके और संतुलित पोषण को बढ़ावा देकर नवाचार और सस्टेनेबिलिटी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने कहाकि भारत का उर्वरक क्षेत्र एक ऐसे दशक में प्रवेश कर रहा है जहां नवाचार, स्थिरता और डिजिटल तकनीक पोषक तत्वों के उपयोग को नए तरीके से परिभाषित करेंगे।

खबर संक्षेप



## कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर

लंदन। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट का मेंटर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की है। कार्तिक पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग से इतर सहयोगी स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। वह आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी भूमिका में काम करते हैं। लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने कहा, 'डीके (दिनेश कार्तिक) का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। उन्हें क्रिकेट का बहुत अच्छा ज्ञान है और खेल के सबसे छोटे प्रारुप में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका व्यापक अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा।'' कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद घरेलू क्रिकेट में एक खिलाड़ी के रूप में अपना करियर समाप्त कर दिया था, लेकिन वे अन्य लीग में खेलते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक वर्तमान में यूएई की आईएलटी20 लीग में शारजाह वॉरियर्स की टीम में शामिल हैं।

## 16 फरवरी से भारतीय निशानेबाजी लीग


नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने यह जानकारी दी। बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल



महासंघ(आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारुप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, 'एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है, जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है।'

## 9 मार्च से पहली राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

नई दिल्ली। अगले साल 9 से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में



चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो-खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो-खो विश्व कप की तरह होगा, जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था।

### टीम इंडिया को सीरीज में अजेय बढ़त का मौका, भिड़ंत शाम 7 बजे से

# शुभमन की धुआंधार पारी का इंतजार द.अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज

मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)

अभी तक सबसे छोटे प्रारुप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 दिसंबर को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं, जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।



### अभिषेक का शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं, जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय होगा क्योंकि उसकी टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 74 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम ने भी स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। मार्क्रम ने पहले मैच के बाद कहा, 'आजकल टी20 क्रिकेट में चीजों को समझने का ज्यादा समय नहीं मिलता। लेकिन सबसे बड़ा कारण स्पष्ट रूप से साझेदारी न बना पाना, विकेट गिरने के बाद संभल न पाना और लय न बना पाना था। हमें इस पर गौर करना होगा।'

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड बेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### आईसीसी रैंकिंग

# रोहित टॉप पर बरकरार दूसरे स्थान पर कोहली



दुबई

आईसीसी ने 10 दिसंबर को हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इस बार की रैंकिंग में एक खास नजारा देखने को मिला है। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में रोहित शर्मा टॉप पर बरकरार हैं, वहीं विराट कोहली दूसरे स्थान पर आ गए हैं। रोहित के 781 रेटिंग पॉइंट्स हैं तो विराट के हैं 773 रेटिंग अंक। वहीं केएल राहुल अब 14वें से 12वें स्थान पर आ गए हैं तो श्रेयस अय्यर को नुकसान हुआ है। अय्यर चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हैं। वह अब 9वें से 10वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम इंडिया के वनडे कप्तान शुभमन गिल पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल में अभिषेक शर्मा नंबर 1 पर अपनी बादशाहत को बरकरार रखे हुए हैं।

### चक्रवर्ती बिना किसी प्रतिस्पर्धा के नंबर 1 पर

उनके अलावा टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती 782 रेटिंग अंक के साथ बिना किसी प्रतिस्पर्धा के नंबर 1 पर बने हुए हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर हैं जैकब डफी जिनके 699 अंक हैं। टेस्ट गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टॉप पर हैं और टेस्ट ऑलराउंडर में रविंद्र जडेजा टॉप पर काबिज हैं।

**कुलदीप और पंड्या को फायदा :** लदीप यादव को भी ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में उन्हें साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फल मिला है। वह अब छठे से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में कुलदीप अकेले भारतीय बॉलर हैं। अगर हार्दिक पंड्या की बात करें तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ कटक टी20 में उन्होंने वापसी ही की थी। वापस आते ही 28 गेंद पर उन्होंने 59 रन बनाए। अगले ही दिन अब टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में हार्दिक सातवें से चौथे स्थान पर आ गए। टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर 1 पर बरकरार है।

### वेलिंगटन टेस्ट

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर समेटा



वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर के चोटिल होने से पहले किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 205 रन पर आउट कर दिया।

टिकनर ने 32 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन क्षेत्ररक्षण करते समय वह गिर गए और उनके कंधे में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। टिकनर को अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे माइकल रे से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज की टीम 75 ओवर में ही सिमट गई। न्यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 24 रन बनाए हैं। उस समय डेवोन कॉनवे 16 और कप्तान टॉम लैथम सात रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड इस तरह से वेस्टइंडीज से पहली पारी में 181 रन पीछे है। टिकनर की चोट से न्यूजीलैंड के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। उसकी टीम पहले से ही मैट हेनरी, विल ओरुर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों के बिना खेल रही हैं। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह मिशेल हे को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला।

### वेस्टइंडीज ने आखिरी 6 विकेट 29 रन के अंदर गंवाए

कुछ विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले टेस्ट को ड्रा कराने वाली वेस्टइंडीज की टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरी लेकिन उसके बल्लेबाज क्राइस्टचर्च में दूसरी पारी की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अच्छी शुरुआत की। जॉन कैंपबेल (44) और ब्रैंडन किंग (33) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जो 21 पारियों में वेस्टइंडीज की तरफ से पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। लंच के समय वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 92 रन और चायकाल तक चार विकेट पर 175 रन था लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई। उसने अपने आखिरी छह विकेट 29 रन के अंदर गंवाए। पहले टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक और दूसरी पारी में शतक बनाने वाले शाई होप ने टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाए।

## मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैं चोटें : हार्दिक

कटक। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही 'दमदार और बेहतर वापसी' करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की। हार्दिक ने कहा, 'मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक



दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं। इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है।' उन्होंने कहा, 'मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा, जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे।'

# आईएल टी20 : पूरन ने नहीं की स्टंपिंग तो रिटायर्ड आउट हुए बल्लेबाज होल्डन

अबू धाबी

इंटरनेशनल लीग टी20 में डेजर्ट वाइपर्स ने एमआई एमिरेट्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। मैच में बड़ा ड्रामा देखने को मिला। मामला डेजर्ट वाइपर्स की पारी के 16वें ओवर का है। इसमें निकोलस पूरन ने रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे मैक्स होल्डन को जानबूझकर स्टंपिंग नहीं किया। अगली गेंद पर होल्डन रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौट गए। अबू धाबी में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए वाइपर्स का स्कोर 16वें ओवर से पहले 1 विकेट पर 110 रन था। मैक्स होल्डन और सैम करन क्रीज पर थे और दोनों जूझते दिख रहे थे। पिछले चार ओवरों में 20 रन बने



थे और शिमरोन हेटमायर और डैन लॉरेंस डगआउट में थे।

### 16वें ओवर का रोमांच

वाइपर्स को रन की जरूरत थी और इंग्लैंड के खिलाड़ी होल्डन तीसरी गेंद पर स्ट्राइक पर थे। इससे पहले करन ने राशिद खान की गेंद पर चौका जड़ने के बाद सिंगल लिया था। तीसरी और चौथी गेंद पर कोई रन नहीं बना। एमआई एमिरेट्स ने उनमें से चौथी गेंद पर रिव्यू गंवाया जब पूरन को लगा कि गेंद होल्डन के बल्ले पर लगकर उनके पास आई है, लेकिन गेंद पैड से लगकर उनके पास आई थी। पांचवीं गेंद पर दो रन बने। फिर ड्रामा शुरू हुआ।

### पूरन ने नहीं की स्टंपिंग

राशिद की अगली गेंद पर होल्डन क्रीज से बाहर निकल आए और बड़ा शॉट लगाने का प्रयास किया, लेकिन वाइड गेंद की वजह से वह चूक गए। वह क्रीज से इतने दूर थे कि उन्होंने वापस आने की कोशिश भी नहीं की। पूरन के पास बॉल थी, लेकिन उन्होंने स्टंपिंग नहीं की। होल्डन को एहसास हुआ कि पूरन क्या करने वाले हैं और उन्होंने अपना बल्ला वापस ग्राउंड किया।

### जूनियर महिला विश्व कप हॉकी : नौवें स्थान के लिए आज भारत का मुकाबला स्पेन से

# गोलकीपर निधि ने बचाए 3 गोल, भारत ने उरुग्वे को हराया

सैंटियागो

गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी।

भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।



### अंतिम क्वार्टर में उरुग्वे ने खेला खुलकर

अंतिम क्वार्टर में उरुग्वे ने अधिक खुलकर खेलना शुरू किया। जब मैच समाप्त होने में दो मिनट का समय बचा था तब उरुग्वे ने गोलकीपर की जगह एक फील्ड खिलाड़ी को मैदान में उतारा और उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई। अब खेल समाप्त होने में केवल दो सेकंड का समय बचा था कि तभी उरुग्वे को पेनल्टी मिली। जस्टिना अरेगुई ने इसे गोल में बदलकर मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया, जिसमें निधि के शानदार खेल से भारत जीत हासिल करने में सफल रहा। भारत का अगला मुकाबला नौवें स्थान के लिए गुरुवार को स्पेन से होगा।

### पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा

पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद अगले दो क्वार्टर में दोनों टीम ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए नहीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

# अर्जेंटीना को हराकर भारत ने 9 साल बाद जीता पदक, ब्रॉन्ज मेडल पर किया कब्जा

चेन्नई

भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया ने अर्जेंटीना को मात दी और 4-2 से जीत हासिल की. भारत ने 9 साल बाद जूनियर मेंस हॉकी में पदक जीता है। दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016 ) में चैंपियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था।

पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी। भारत के लिए अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। वहीं अर्जेंटीना के लिए निकोलस रोड्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किए।

### जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारत ने 4-2 से अर्जेंटीना को दी मात



### आखिरी क्वार्टर में धमाकेदार वापसी

पहले तीन क्वार्टर तक भारत 0-2 से पीछे था, लेकिन आखिरी क्वार्टर में टीम ने शानदार वापसी की और एक के बाद एक चार गोल दागकर दर्शकों में नया जोश भर दिया। 49वें मिनट में भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे अंकित पाल ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। 52वें मिनट में भारत को फिर एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लेक्ट होकर मनमीत सिंह की स्टिक से टकराई और गोल के अंदर चली गई। स्कोर 2-2 से बराबर हो गया। जब लग रहा था कि मैच शूटआउट में जाएगा, तभी मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले भारत को एक अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला। शारदानंद तिवारी ने इसे गोल में बदला और भारत को पहली बार मैच में बढ़त दिलाई। इसके अगले ही मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे अनमोल इक्का ने गोल में बदलकर स्कोर 4-2 कर दिया।

### जर्मनी ने आठवीं बार जीता जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप



चेन्नई। जर्मनी ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्पेन को शूटआउट में 3-2 से हराकर आठवीं बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीत लिया। सेमीफाइनल में भारत को हराने वाली जर्मनी के लिए बेनेडिक्ट गेयेर, एलेक वोन श्वेरिन और बेन हासबाश ने गोल किए जबकि स्पेन के लिए पाब्लो रोमन और जुआन प्राडो ही गोल कर सके। इससे पहले निर्धारित समय में जर्मनी के लिए 26वें मिनट में जस्टस वारवेग ने गोल किया जबकि स्पेन के लिए 54वें मिनट में जी कोरोमिनास ने बराबरी का गोल दागा। जर्मन टीम सात बार (1982, 1985, 1989, 1993, 2009, 2013, 2023) खिताब जीत चुकी है। वहीं स्पेन ने 2005 में रोटरडम और 2023 में भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले पांचवें और छठे स्थान के मुकाबले में बेल्जियम ने नीदरलैंड को शूटआउट में 4-3 से हराया।

# शर्मनाक! गोल्ड कार्ड लॉन्च करते हुए भारतीयों को लेकर ये क्या बोल गए ट्रंप?

एजेंसी



**अमेरिका:** ट्रंप ने कहा कि किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह शर्मनाक है कि भारत और चीन समेत हजारों विदेशी छात्रों को अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक होने के बाद देश छोड़ना पड़ता है। उन्होंने ये टिप्पणी 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' के लॉन्चिंग के दौरान की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा है कि ट्रंप गोल्ड कार्ड से कंपनियां ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को देश में ही नियुक्त और बनाए रख सकेंगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन का उपयोग औपचारिक रूप से 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' लॉन्च करने के लिए किया, जो एक नया दस लाख डॉलर का वीजा कार्यक्रम है जो अमेरिकी नागरिकता का मार्ग प्रदान करता है और कंपनियों को उच्च कुशल विदेशी स्नातकों को नियुक्त करने और बनाए रखने की अनुमति देता है। ट्रंप गोल्ड कार्ड एक ऐसा वीजा है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है। व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा कि किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है। उन्हें वापस वहीं जाना पड़ता है, जहां से वे आए थे। वहां रुकना बहुत मुश्किल है। यह शर्मनाक है। यह एक हास्यास्पद बात है। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं। ट्रंप ने घोषणा की कि गोल्ड कार्ड वेबसाइट शुरू हो गई है और कंपनियां व्हार्टन, हार्वर्ड और एमआईटी जैसे शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों को अमेरिका में ही रखने के लिए गोल्ड कार्ड खरीद सकती हैं। इस अवसर पर आईबीएम के भारतीय मूल के अमेरिकी सीईओ अरविंद कृष्णा और डेल टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माइकल डेल भी मौजूद थे।आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा और डेल के सीईओ माइकल डेल के साथ उपस्थित ट्रंप ने कहा कि गोल्ड कार्ड अमेरिकी तकनीकी जगत के नेताओं की एक पुरानी शिकायत का सीधा समाधान है - कि अनिश्चित वीजा नियमों के कारण वे शीर्ष विदेशी स्नातकों को भरोसेमंद तरीके से नियुक्त नहीं कर सकते। ट्रंप ने कहा कि एप्पल के सीईओ टिम कुक ने बार-बार यह चिंता जताई है कि कंपनियां किसी को नियुक्त करने के बाद यह नहीं जान पातीं कि वे उस व्यक्ति को अपने पास रख पाएंगी या नहीं।

# लोकसभा : अनुराग ठाकुर ने लगाया आरोप , सदन में सांसद ई-सिगरेट पीते हैं, इशारा टीएमसी सांसद की ओर

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में जारी शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में आज गुरुवार को अचानक ई-सिगरेट चर्चा में आ गयी. भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सदन के अंदर एक सांसद पर ई-सिगरेट पीने का आरोप लगा दिया. हालांकि उन्होंने किसी सांसद का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा एक टीएमसी सांसद की ओर था. अनुराग ठाकुर ने कहा कि संसद की कार्यवाही के दौरान ऐसी हरकत नियमों के खिलाफ हैं. यह सदन की मयार्दा को ठेस पहुंचाने वाली है. अनुराग ठाकुर का कहना था कि सदन की ओर देश के करोड़ों लोग उम्मीद के साथ देखते हैं. इसलिए ऐसा कोई भी आचरण बर्दाश्त नहीं किया जा सकता जो संसदीय अनुशासन के खिलाफ जाता हो.उन्होंने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि इस विषय पर गंभीरता से ध्यान दें. जरूरी समझें तो जांच भी करायें. ताकि भविष्य में ऐसा न हो. इस पर स्पीकर ओम बिरला स्पष्ट किया कि संसद में किसी भी सदस्य को किसी तरह की छूट या विशेषाधिकार नहीं मिला हुआ है. ई-सिगरेट, धूम्रपान जैसी गतिविधियां यहां नहीं चल सकती.ओम बिरला ने साफ तौर पर कहा कि यहां के नियम सभी सांसदों पर एक बराबर लागू हैं. सभी सदस्यों पर सदन की गरिमा बनाये रखने की ज़िम्मेदारी है.स्पीकर ने कहा कि अभी तक उनके संज्ञान में इस तरह की कोई औपचारिक शिकायत नहीं आयी है, इस तरह का कोई प्रमाण मिलेगा तो नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई करेंगे. बता दें कि भारत सरकार ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा चुकी है, क्योंकि यह तेजी से युवाओं, खासकर स्कूली बच्चों के बीच लोकप्रिय हो रहा था. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019 में प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि युवाओं में यह गलतफहमी फैल गई थी कि ई-सिगरेट हानिकारक नहीं है, जबकि विशेषज्ञों के अनुसार यह साधारण सिगरेट जितना ही घातक है.

# अमेरिका के बाद मेक्सिको ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का किया ऐलान, दूसरे एशियाई देश भी लपेटे मे

एजेंसी



**मेक्सिको सिटी/ नई दिल्ली:** मेक्सिको ने एशिया के कई देशों पर इंपोर्ट पर नए टैरिफ लगाए हैं. यह उसके लंबे समय से चले आ रहे फ्री-ट्रेड के नजरिए से एकदम अलग है. इस कदम से भारत उन खास एक्सपोर्ट करने वाले देशों में शामिल हो गया है जिन पर इसका सीधा असर पड़ेगा.एक बड़े पॉलिसी बदलाव में मेक्सिको की सीनेट ने एक नए टैरिफ सिस्टम को मंजूरी दी है. मेक्सिको सीनेट के ऊपरी सदन ने बिल को 76 वोटों के साथ पास कर दिया, जिसमें घरेलू इंडस्ट्री बॉडीज के विरोध और चीन की कड़ी आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया गया. बता दें कि निचले सदन ने पहले ही इस कदम को मंजूरी दे दी थी.उल्लेखनीय है कि इस फैसले से अगले साल से शुरू होकर 2026 तक नए रेट्स ऑटोमोबाइल और पार्ट्स, टेक्सटाइल, कपड़े, प्लास्टिक, मेटल और फुटवियर सहित कई इंडस्ट्रियल इनपुट और कंज्यूमर गुड्स पर लागू होंगे, जबकि कुछ आइटम्स पर ज्यादा से ज्यादा 50 परसेंट ड्यूटी लगेगी, ज्यादातर प्रोडक्ट्स के 35 परसेंट ब्रैकेट में आने की उम्मीद है.

**यह भारत के लिए क्यों जरूरी है?**

भारत, जिसने लैटिन अमेरिका को टेक्सटाइल, ऑटो कंपोनेंट और इंजीनियरिंग सामान का एक्सपोर्ट बढ़ाने की कोशिश की है, और नॉर्थ अमेरिका का एक अहम गेटवे है. भारतीय एक्सपोर्टर लंबे समय से मैक्सिको को US तक पहुंचने के लिए एक सीढ़ी के तौर पर इस्तेमाल करते रहे हैं, क्योंकि यह नॉर्थ अमेरिका की सप्लाई चेन में जुड़ा हुआ है.टैरिफ में बढ़ोतरी से उस फायदे में रुकावट आने का खतरा है. रिपोर्ट के मुताबिक, कई मैक्सिकन इंपोर्ट पर निर्भर मैन्युफैक्चरर ने सरकार को चेतावनी दी है कि भारत और दूसरे एशियाई देशों से आने वाले सामान पर अधिक ड्यूटी से प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ेगी और महंगाई बढ़ेगी.

**भारत पर असर**

भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए टैरिफ में बदलाव से टेक्सटाइल, लेदर के सामान, ऑटो पार्ट्स और स्टील जैसी इंडस्ट्रीज में कॉम्पिटिटिवनेस कम हो सकती है. कंपनियों को मेक्सिको के जरिए सप्लाई-चेन रूटिंग पर फिर से सोचने के लिए मजबूर कर सकती है.मेक्सिको के जरिए नॉर्थ अमेरिकन वैल्यू चेन में काम करने वाली या सप्लाई करने वाली भारतीय फर्मों के लिए लैंडेड कॉस्ट बढ़ा सकती है. फिलहाल भारत के कॉमर्स मिनिस्ट्री ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है.माना जा रहा है कि इससे मेक्सिको के अपने एक्सपोर्ट जैसे स्टील और एल्युमीनियम पर लगे बड़े US टैरिफ को कम करने में मदद मिल सकती है. हालांकि, शीनबाम ने इस बात से इनकार किया कि टैरिफ USकी मांगों से जुड़े हैं, लेकिन ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नई ड्यूटी का स्ट्रक्चर अमेरिकी ट्रेड एक्शन को काफी हद तक दिखाता है. जिसमें लगभग 1400 टैरिफ लाइनों पर सख्त ड्यूटी लगाने की मांग की गई थी. कानून बनाने वालों ने अब उन कैटेगरी में से लगभग दो-तिहाई पर टैरिफ की गंभीरता कम कर दी है. फिर भी मैक्सिकन फाइनेंस मिनिस्ट्री को उम्मीद है कि नई लेवी से अगले साल लगभग 52 बिलियन पेसो (19,000 करोड़ रुपये) का एक्स्ट्रा रेवेन्यू आएगा. सरकार का कहना है कि उसे अपने फिस्कल डेफिसिट को कम करने के लिए इस पैसे की जरूरत है.

**आगे और भी बदलाव होंगे**

यह कानून मेक्सिको की इकॉनमी मिनिस्ट्री को नॉन-FTA देशों पर अपनी मर्जी से टैरिफ बदलने का पूरा अधिकार भी देता है, जिससे USMCA रिव्यू से पहले तेजी से बदलाव किए जा सकेंगे. इस नई फ्लेक्सिबिलिटी का मतलब हो सकता है कि भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए ड्यूटी स्ट्रक्चर में और उतार-चढ़ाव हो. US और कनाडा दोनों के चीनी सप्लाई-चेन रूटिंग पर कड़ी जांच के साथ, मेक्सिको का यह कदम नॉर्थ अमेरिका में प्रोटेक्शनिज्म की तरफ एक बड़े बदलाव को दिखाता है.

## संक्षिप्त खबर

### पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट फिर चर्चा में, एससी ने ड्रग्स मामले में सजा निलंबित करने की याचिका खारिज की



**नयी दिल्ली :** जेल में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट फिर चर्चा में हैं. चर्चा में इसलिए कि सुप्रीम कोर्ट ने मादक पदार्थ जब्ती मामले(1996) में दी गयी 20 साल की सजा निलंबित करने की पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट की याचिका आज गुरुवार को खारिज कर दी.न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की बैंच ने यह फैसला सुनाया. मामला यह है कि गुजरात के पालनपुर शहर(बनासकांठा जिला) की एक सत्र अदालत ने श्री भट्ट को इस ड्रग्स केस में 20 साल की सजा सुनाई थी. 2015 में सेवा से बर्खास्त हुए भट्ट 1996 में बनासकांठा जिले में पुलिस अधीक्षक थे.पुलिस ने 1996 में राजस्थान के वकील सुमेरसिंह राजपुरोहित को गिरफ्तार किया था. पुलिस के अनुसार पालनपुर के एक होटल के कमरे से मादक पदार्थ जब्त किये गये थे. इसी कमरे में वकील ठहरे हुए थे. हालांकि बाद में इस मामले में ट्विस्ट आया. राजस्थान पुलिस ने आरोप लगाया कि राजपुरोहित को बनासकांठा पुलिस ने झूठे मामले में फंसाया है. पूर्व पुलिस निरीक्षक आईबी व्यास ने साल 1999 में गुजरात उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर इस मामले की जांच का अनुरोध किया था.इसके कई साल बाद 2018 में राज्य सीआईडी (अपराध जांच विभाग) ने इस मामले में भट्ट को गिरफ्तार किया था और तभी से वह पालनपुर उप-कारागार में सजा काट रहे हैं. 2024 में संजीव भट्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर लगभग 28 साल पुराने मादक पदार्थ मामले की सुनवाई दूसरी सत्र अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था.आरोप लगाया था कि मौजूदा अदालत पक्षपाती है. लेकिन सुप्रीम कोर्ट में भट्ट की याचिका खारिज करते हुए निचली अदालत के न्यायाधीश पर पक्षपाती होने का आरोप लगाने कारण उन पर तीन लाख का जुमार्ना लगाया था.

### आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल की जेल, पाकिस्तान की आर्मी कोर्ट ने सुनाया फैसला



**पाकिस्तान:**पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने गुरुवार को इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को 14 साल जेल की सजा सुनाई। फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल (एफजीसीएम) ने हमीद को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने सहित कई आरोपों में जेल की सजा सुनाई। एपी के अनुसार, पाकिस्तान की सैन्य अदालत के एक बयान में कहा गया आरोपी पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, राज्य की सुरक्षा और हितों के लिए हानिकारक आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, अधिकार और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से संबंधित चार आरोपों में मुकदमा चलाया गया। सेना ने कहा कि अदालत ने लंबी और श्रमसाध्य कानूनी कार्यवाही के बाद आईएसआई के पूर्व महानिदेशक हमीद को सभी आरोपों में दोषी पाया और उसे 14 साल की कैद की सजा सुनाई। हालांकि सेना ने कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जाता है कि हमीद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी थे, जो 2023 से कई आरोपों में जेल में हैं। हमीद को पिछले साल पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टॉप सिटी परियोजना घोटाले से जुड़े आरोपों की आंतरिक जांच के आदेश के बाद हिरासत में लिया गया था। टॉप सिटी कंपनी इस्लामाबाद के पास एक निजी आवास परियोजना के लिए जमीन विकसित कर रही थी। हमीद, जिन्होंने 2019 से 2021 तक आईएसआई के महानिदेशक के रूप में कार्य किया, आईएसआई प्रमुख रहते हुए बेहद शक्तिशाली माने जाते थे। उन्हें इस प्रतिष्ठित पद पर तब नियुक्त किया गया था जब तत्कालीन आईएसआई प्रमुख और वर्तमान सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को पद से हटा दिया गया था।

### कश्मीर घाटी में शीतलहर जारी, तापमान शून्य से नीचे गिरा



**कश्मीर:** कश्मीर घाटी में लगातार जारी शीत लहर के बीच तापमान शून्य से नीचे गिरने के कारण, स्थानीय लोग ठंड से बचने के लिए मोटे और गर्म कपड़े पहनने लगे हैं और अपनी दिनचर्या बनाए रखने के लिए सुबह व्यायाम करने लगे हैं। 10 दिसंबर को तापमान शून्य दर्ज किया गया था, और अब यह और भी नीचे गिर गया है। ठंड से बचने के लिए लोगों को लकड़ी जलानी पड़ रही है और खुद को गर्म कपड़ों से ढकना पड़ रहा है। 4 दिसंबर को श्रीनगर में तापमान -2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबहों में से एक थी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 11 दिसंबर के आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर में आज तापमान में -0.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जो अधिक ठंड का संकेत है। पहलगाम जैसे आसपास के इलाकों में तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो श्रीनगर के 12 डिग्री सेल्सियस के लगभग बराबर है। इसके अलावा, राजौरी में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जो 0 डिग्री सेल्सियस के करीब है। यह कश्मीर घाटी, जिसमें गुलमर्ग भी शामिल है, के लिए सामान्य तापमान है। सड़कें सुनसान दिख रही हैं और घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे बाहर निकलने वाले लोगों को दृश्यता प्रभावित हो सकती है। शीत लहर के बावजूद शहर में शांत वातावरण दिखाई दे रहा है। दोपहर तक राहत मिलने की उम्मीद है, जब दिन का अधिकतम तापमान पहुंचेगा और लोग अपने कामों के लिए बाहर निकल सकेंगे।

# सीएम पद के लिए कोई खींचतान नहीं, सब कुछ स्पष्ट है, कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर बोले सिद्धारमैया के बेटे

एजेंसी



**कर्नाटक:** बेलगावी में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने जोर देकर कहा कि पार्टी के नेतृत्व को लेकर पार्टी में कोई अस्पष्टता नहीं है। गुरुवार को कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही आंतरिक कलह की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी हाई कमांड ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल राज्य के नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा। बेलगावी में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने जोर देकर कहा कि पार्टी के नेतृत्व को लेकर पार्टी में कोई अस्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई कलह नहीं है। सब कुछ स्पष्ट है। हाई कमांड ने साफ तौर पर कहा है कि फिलहाल नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा। बुधवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही कथित कलह पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली स्थित कांग्रेस हाई कमांड जो भी फैसला लेगा, वे उसका पालन करेंगे। उन्होंने आगे कहा, ₹हाई कमांड जो भी फैसला करेगा, वही होगा।₹ इससे पहले, मुख्यमंत्री पद को लेकर कर्नाटक कांग्रेस में चल रहे 'आंतरिक संघर्ष' के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि वे पार्टी को शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहते। हमें अंतरात्मा के अनुसार काम करना चाहिए। मैं पार्टी को शर्मिंदा या कमजोर नहीं करना चाहता। कर्नाटक में नेतृत्व की खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार विधायकों, जिनमें मंत्री एचसी महादेवप्पा और सतीश जारकीहोली भी शामिल हैं, से समर्थन जुटाने के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। सिद्धारमैया की चुप्पी को बीके हरिप्रसाद, सतीश जारकीहोली, एमबी पाटिल, भायराती सुरेश, दिनेश गुंडू राव, एचसी महादेवप्पा, जमीर अहमद और अन्य वरिष्ठ नेताओं के एक समूह के समर्थन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, डीके शिवकुमार की विधायकों के साथ लगातार बैठकें कर्नाटक में 'नेतृत्व और मुख्यमंत्री परिवर्तन' को लेकर अनिश्चितता को बरकरार रखे हुए हैं। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व वाले उच्च कमान द्वारा जल्द ही कोई निर्णय लिए जाने की उम्मीद है। सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ने पार्टी के निर्णय का पालन करने की इच्छा व्यक्त की है।

# नये श्रम कानूनों को स्थगित करने का केंद्र सरकार का ताजा नोटिफिकेशन नाकाफी, दिल्ली हाईकोर्ट ने ऐसा कहा

एजेंसी




**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने नये श्रम कानूनों को स्थगित करने के केंद्र सरकार के ताजा नोटिफिकेशन को नाकाफी बताया है.चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार का नोटिफिकेशन तकनीकी वजहों से अपर्याप्त है. अब इस मामले में सुनवाई के लिए 12 जनवरी 2026 की तारीख तय की गई है. दरअसल, सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नये श्रम कानूनों को सुगम और सरल तरीके से लागू करने के लिए नया नोटिफिकेशन जारी किया है. नये नोटिफिकेशन के मुताबिक, नये श्रम कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे, इस पर याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील रविंद्र एस गरिया ने कहा कि नोटिफिकेशन कानून सम्मत नहीं है, उसके बाद कोर्ट ने कहा कि नोटिफिकेशन में खामियां हैं. कोर्ट ने कहा कि नोटिफिकेशन में पहले के कानून को निरस्त करने का कोई जिक्र नहीं है.कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिकारियों ने जल्दबाजी में नोटिफिकेशन जारी करवाया है. कोर्ट ने कहा कि लगता है कि केंद्र के अधिकारियों ने श्रम न्यायालयों में अपने अधिकारों के लिए लड़ने वाले श्रमिकों और श्रम न्यायालयों में बैठे जजों की परेशानियों को समझें बिना हड़बड़ी में नोटिफिकेशन जारी कर दिया. कानूनों में केंद्र सरकार को चाहिए कि वो याचिकाकताओं या श्रम कानूनों की बेहतर समझ रखने वाले वकीलों से सलाह लेकर नोटिफिकेशन जारी करवाएं.बता दें कि 3 दिसंबर को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था. याचिका वकील एनए सेबेस्टियन और सुनील कुमार ने दायर किया है. याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील रविंद्र एस गरिया ने कहा था कि 29 से ज्यादा श्रम कानूनों को खत्म कर 21 नवंबर को नये चार श्रम कानूनों को लाया गया है. याचिका में कहा गया था कि नये श्रम कानूनों में लेबर कोर्ट को खत्म कर उनके स्थान पर लेबर ट्रिब्यूनल का प्रावधान किया गया है. लेबर कोर्ट में लंबित मामलों को लेबर ट्रिब्यूनल में ट्रांसफर कर दिया जाएगा. लेबर ट्रिब्यूनल में एक न्यायिक अधिकारी और एक एसोसिएट सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे.वकील रविंद्र एस गरिया ने कहा कि नये श्रम कानूनों को लागू तो कर दिया गया है लेकिन अभी नियम नहीं बनाए गए हैं.

# मद्रास एचसी के जज के खिलाफ महाभियोग, टीकेएस एलंगोवन ने केंद्र की भागीदारी को लेकर जताई आपत्ति

एजेंसी



**चेन्नई:**एएनआई से बात करते हुए एलंगोवन ने कहा कि यह राज्य का मामला है, लेकिन केंद्र का इसमें शामिल होना असंवैधानिक है। भाजपा की ओर से न्यायाधीश का कार्य करना स्वयं कानून के विरुद्ध है। इसीलिए हमने नोटिस जारी किया है और हम इस पर चर्चा चाहते हैं, ताकि पूरी दुनिया को पता चले कि हमने यह महाभियोग विधेयक क्यों लाया है। डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने गुरुवार को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ शुरू किए गए महाभियोग प्रस्ताव में केंद्र सरकार की कथित संलिप्तता की आलोचना करते हुए इसे ₹असंवैधानिक₹ बताया और कहा कि यह मामला पूरी तरह से राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है। एएनआई से बात करते हुए एलंगोवन ने कहा कि यह राज्य का मामला है, लेकिन केंद्र का इसमें शामिल होना असंवैधानिक है। भाजपा की ओर से न्यायाधीश का कार्य करना स्वयं कानून के विरुद्ध है। इसीलिए हमने नोटिस जारी किया है और हम इस पर चर्चा चाहते हैं, ताकि पूरी दुनिया को पता चले कि हमने यह महाभियोग विधेयक क्यों लाया है। उन्होंने अपने हमले को और तेज करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर ₹हिंदू विरोधी₹ होने का आरोप लगाया और संगठन पर राज्य में मनु धर्म थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया। एलंगोवन की ये टिप्पणी 100 इंडिया ब्लॉक के सांसदों द्वारा बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र सौंपकर न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर कार्रवाई की मांग करने के बाद आई है। यह प्रस्ताव तब आया जब न्यायाधीश ने सुब्रमण्य स्वामी मंदिर के अधिकारियों को तमिलनाडु की एक पहाड़ी पर स्थित दरगाह के पास एक पत्थर के स्तंभ पर पारंपरिक दीपक जलाने का निर्देश दिया था।इस निर्देश ने राजनीतिक विवाद और जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया, विशेष रूप से कार्तिकई दीपम उत्सव के दौरान तिरुपरनकुंड्रम में हाल ही में हुई झड़पों के मद्देनजर, जहां दक्षिणपंथी समूहों ने पहाड़ी पर दीपक जलाने को लेकर पुलिस से झड़प की थी। इस पर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्षी दलों पर ₹तुष्टीकरण₹ की राजनीति का आरोप लगाते हुए मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै बेंच के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग चलाने के उनके कदम की आलोचना की।

## बरेली में पति से मिलकर प्रेमी की हत्या, पति-पत्नी गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के सेंथल में 22 साल के एक युवक की हत्या के आरोप में एक शादीशुदा जोड़े को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह हत्या महिला के साथ कथित अवैध संबंधो को लेकर हुई थी।अधिकारियों ने बताया कि महिला नगमा के फोन रिकॉर्ड से जांचकताओं को इस मामले में सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि भोजीपुरा पुलिस टीम ने आरोपी शानू अली और उसकी पत्नी नगमा को जड़ाऊपुर क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया।सेंथल का रहने वाला मुकेश पांच दिसंबर को एक गेहूं के खेत में मृत पाया गया था। उसके भाई ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद पोस्टमार्टम में गला घोंटने और मारपीट की पुष्टि हुई।पूछताछ के दौरान, शादीशुदा जोड़े ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि शानू को पता चला कि शादी के बाद भी उसकी पत्नी मुकेश के संपर्क में थी। चार दिसंबर की रात को, उसने कथित तौर पर मुकेश को अपने घर पर पाया, जिससे झगड़ा हुआ।

## गोवा अग्निकांड : लूथरा ब्रदर्स को थाइलैंड पुलिस ने हिरासत में लिया, को-ओनर को भी लाया गया गोवां

एजेंसी



**गोवा :** गोवा अग्निकांड मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है. थाइलैंड पुलिस ने फुकेट से लूथरा ब्रदर्स सौरभ और गौरव को हिरासत में ले लिया है. भारत सरकार के अनुरोध पर यह कार्रवाई की गई है. दोनों अग्निकांड के बाद थाइलैंड भाग गए थे. अब गोवा पुलिस जल्द थाइलैंड जाएगी और बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के दोनों मालिकों को हिरासत में लेगी.

**को-ओनर को दिल्ली से गोवा लाया गया**

दूसरी तरफ नाइट क्लब के 'को-ओनर' अजय गुप्ता को पूछताछ के लिए ट्रांजिट रिमांड दिल्ली से गोवा लाया गया है. अजय गुप्ता क्लब के साइलेंट पार्टनर और इन्वेस्टर हैं. गोवा पुलिस बुधवार रात 9.45 बजे गुप्ता के साथ मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मोपा पहुंची. उसे आगे की जांच के लिए अंजुना पुलिस स्टेशन ले जाया गया.

**गोवा अग्निकांड में 25 लोगों की गई जान**

बता दें कि बीते 7 दिसंबर की राच 12 बजे गोवा के अरपोरा नाइट क्लब में अचानक आग लग गई थी, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई थी. इस हादसे में झारखंड के रांची के तीन लोगों की भी मौत हुई थी. तीनों नाइट क्लब में कुक का काम करते थे. रांची सिटी गाइडस्थानीय लोगों के अनुसार, क्लब में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी की गई थी. इस मामले में गोवा पुलिस ने मौके से अरपोरा नाइट क्लब के जनरल मैनेजर और 3 स्टाफ समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था. गोवा सरकार के तत्कालीन सरपंच समेत तीन सीनियर अधिकारियों को 2023 में नाइट क्लब के लिए ट्रेड लाइसेंस जारी करने के आरोप में सस्पेंड किया गया था. साथ ही तत्कालीन सरपंच को हिरासत में लिया गया था.



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

मुंबई। रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला




## एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

लॉस एंजिल्स। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




## शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

लॉस एंजिल्स। 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



## एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर


मुंबई। कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



## द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

मुंबई। फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



## महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके


नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'।

## 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

मुंबई। गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।




### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*


### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

## शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



मुंबई। शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.